सुप्रभात
रांची, गुरुवार
08.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 291



12 पाक तनाव बढ़ायेगा तो फिर मिलेगा जवाब

# 24 मिसाइलों से सौ आतंकी ढेर




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के पंद्रहवें दिन भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर 26 निर्दोष पर्यटकों की मौत का बदला ले लिया। भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ की सटीक पहचान के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार को तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को मिसाइल हमले में मटियामेट कर दिया। इन हमलों में अब तक 100 से अधिक आतंकवादियों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। मुरदीके में 30 आतंकियों को मार गिराया गया। दूसरे कैंपों में भी दर्जनों आतंकवादी मारे गये। इस ऑपरेशन में 100 से आतंकियों के मारे जाने की खबर है।



## आतंकवादियों के नौ ठिकाने जिसपर भारतीय सेना ने साधा सटीक निशाना

**भारतीय वायुसेना के हमलों में पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के चार, लश्कर-ए-तैयबा के तीन और हिज्बुल मुजाहिदीन के दो आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। जानकारी के अनुसार यहीं पर कसाब और हेडली ने ट्रेनिंग ली थी। हमले के बाद आधी रात को वहां चीख-पुकार मच गयी।**

**मुरीदके :** यह आतंकी ठिकाना यह लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) का प्रशिक्षण शिविर था। यही से ट्रेंड आतंकियों ने 26/11 मुंबई हमलों को अंजाम दिया था। मुरीदके आतंकियों को प्रशिक्षित करने और उन्हें भारत में भेजने का एक अहम अड्डा था।

**सरजल कैंप :** यह सरजल इलाके के तेहराकलां गांव में जैश-ए मोहम्मद का प्रशिक्षण केंद्र था। यह आतंकियों को हथियारों का प्रशिक्षण देता था और उन्हें भारत में घुसपैठ के लिए तैयार करता था। अंतरराष्ट्रीय सीमा से 8 किलोमीटर दूर स्थित है।

**मेहमूना जोया (सियालकोट):** यह हिज्बुल मुजाहिदीन का प्रशिक्षण शिविर था। हिज्बुल मुजाहिदीन, जम्मू-कश्मीर में सक्रिय एक आतंकवादी संगठन है, और यह शिविर उनके लिए नए लड़ाकों को तैयार करने का काम करता था।

**मुजफ्फराबाद, सैयदाना बिलाल कैंप :** पीओके के मुजफ्फराबाद स्थित यह आतंकी ठिकाना जैश ए मोहम्मद का अहम ठिकानों में से एक था। इस कैंप का इस्तेमाल आतंकियों के लॉन्च पैड की तरह किया जाता था। साथ ही आंतकियों प्रशिक्षण केंद्र भी था।

**सवाई नाला कैंप :** मुजफ्फराबाद स्थित आतंकी ठिकाना तंगधार सेक्टर के अंदर 30 किलोमीटर दूर स्थित था। यह लश्कर का एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण केंद्र था, जहां बड़ी संख्या में लश्कर के कैडरों की भर्ती कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था।

**कोटली :** कोटली शहर में हिज्बुल मुजाहिदीन लश्कर के मरकज राहिल शाहीद का शिविर था। 50 से अधिक आतंकियों की क्षमता वाला यह ठिकाना था। यह क्षेत्र में लश्कर की गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र था। एलओसी से 15 किमी दूर था।

**बरनाला :** यह लश्कर ए तैयबा का प्रमुख आतंकी ठिकाना था। मरकज अहले हदीस नाम से संचालित यह आतंकी कैंप भारत में घुसपैठ की योजना बनाने और उसे अंजाम देने के लिए जाना जाता था। एलओसी से 10 किलोमीटर दूर स्थित था।

**बहावलपुर, मरकज सुभान अल्लाह :** यह जैश ए मोहम्मद का मुख्यालय था। भारतीय सेनाओं ने इसे पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। पुलवामा हमले के लिए आतंकियों को यहीं ट्रेनिंग दी गयी थी। यह अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर है।

**कोटली, मरकज अब्बाद :** कोटली में ही जैश ए मोहम्मद के मरकज अब्बास नामक आतंकी ठिकाना था। जहां आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। यह सेंटर जैश ए मोहम्मद संचालित करता था। यह कोटली मिलिट्री कैंप से 2 किमी दूर स्थित है।

## सैन्य अधिकारियों ने आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले की क्लिप दिखायी

प्रेस ब्रीफिंग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना, वायुसेना और विदेश मंत्रालय ने बुधवार की सुबह संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की, जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी शामिल हुईं। सैन्य अधिकारियों ने भारत की ओर से आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले की जानकारी दी और उसकी वीडियो क्लिप भी दिखाई।

**पहलगाम हमले के पीड़ितों के न्याय के लिए ऑपरेशन सिंदूर**




**शुरू किया:** कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन को लेकर बताया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। भारत ने पाक समर्थित नौ आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में पिछले तीन दशकों से आतंकवादी इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा था, जो पाकिस्तान और पीओके दोनों में फैला हुआ है।

दुनिया ने देखा भारत का एयर पावर

## राफेल और सुखोई ने पाक में मचाया गदर

रात 1.44 बजे - भारत का ऐलान : ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च
रात 1.51 बजे - इंडियन आर्मी ने सोशल मीडिया में लिखा : जस्टिस इज सर्व्ड, जय हिंद
रात 2.46 बजे रक्षा मंत्री ने लिखा : भारत माता की जय

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले का भारत ने बदला ले लिया। आतंकी हमले के 15वें दिन में ही आतंकियों को निशाना बनाकर भारत सरकार ने अपना वचन पूरा किया। बता दें कि



भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया। ऑपरेशन सिंदूर में सुखोई-30 और रफाल फाइटर जेट का भी इस्तेमाल किया गया।

## पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू को दी जानकारी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर की पूरी जानकारी दी। यह अभियान बुधवार तड़के भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया। यह कार्रवाई समझ-बूझकर, आनुपातिक और गैर-उग्र प्रकृति की थी, जिसमें नागरिक और सैन्य बुनियादी ढांचे को छोड़कर, विशेष रूप से आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया गया था।

जैश-ए-मोहम्मद के सरगना का कुनबा खत्म, 14 की मौत

## हमले में मैं भी मर जाता तो अच्छा होता : मसूद अजहर

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के चीफ मौलाना मसूद अजहर ने कहा है कि भारत के मिसाइल हमले में उसके परिवार और दोस्तों की मौत हो गयी है। मसूद ने परिवार के लोगों की मौत पर रोते हुए कहा कि अगर वह भी मर जाता तो अच्छा रहता। अजहर ने एक बयान जारी कर अपने परिवार के सदस्यों के मारे जाने की जानकारी दी। मिसाइल हमले में मरने वालों में अजहर की बड़ी बहन और उसका पति, अजहर का भतीजा और उसकी पत्नी, एक भतीजी और उसके परिवार के पांच बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा जैश से जुड़े अजहर के चार करीबी आतंकियों की भी मौत हुई है। पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित



सुभान अल्लाह मस्जिद परिसर पर भारतीय सेना ने चार मिसाइल दागी। हमले में ये इमारत पूरी तरह तबाह हो गयी। जैश-ए-मोहम्मद के चीफ मौलाना मसूद अजहर ने बयान में यह भी कहा कि उसके परिवार के लोग मारे गये हैं। क्रूरता के इस कृत्य ने सारी हदों को पार कर लिया है। बता दें कि मसूद अजहर को वर्ष 1999 में विमान आईसी-814 के अपहृत यात्रियों की रिहाई के ऐवज में जेल से छोड़ा गया था। उसके बाद से बहावलपुर जैश का अड्डा बना हुआ था।

**घुटने पर पाक, रक्षा मंत्री बोले- हम तनाव खत्म करने को तैयार**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को कहा कि अगर नयी दिल्ली नरम रुख अपनाता है तो पाकिस्तान, भारत के साथ तनाव खत्म करने को तैयार है। आतंकवादी ठिकानों पर भारत द्वारा की गयी सैन्य कार्रवाई के कुछ घंटों बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का यह बयान आया है। आसिफ के हवाले से खबर में बताया कि पाकिस्तान केवल तभी जवाब देगा जब उस पर हमला होगा। उन्होंने कहा, हम पिछले एक पखवाड़े से लगातार कह रहे हैं कि हम भारत के खिलाफ कभी भी कोई शत्रुतापूर्ण कार्रवाई शुरू नहीं करेंगे। अगर हम पर हमला होता है तो हम जवाब देंगे। अगर भारत नरम रुख अपनाता है तो हम निश्चित रूप से इस तनाव को खत्म करेंगे।

पीएम मोदी ने कैबिनेट सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर की दी पूरी जानकारी

## एकदम सटीक हमला, ये होना ही था : प्रधानमंत्री

देश को सेना पर गर्व

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत द्वारा पाकिस्तान के 9 स्थानों पर की गयी एयर स्ट्राइक के बाद पीएम मोदी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर बिल्कुल योजना के अनुसार ही किया गया। इसमें किसी भी तरह की कोई गलती नहीं हुई। यह ऑपरेशन बिल्कुल सटीक रहा और यह तो होना ही था। बुधवार को कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता करते हुए पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी।

**सेना पर गर्व :** बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कैबिनेट को बताया कि ऑपरेशन बिल्कुल योजना के अनुसार ही किया गया और इसमें किसी भी तरह की कोई गलती नहीं हुई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेना ने पहले से की गई विस्तृत तैयारियों का सख्ती से पालन करते हुए अत्यंत सटीकता के साथ मिशन को अंजाम दिया। उन्होंने ऑपरेशन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और कहा कि ये तो होना ही था। उन्होंने कहा, पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। हमें हमारी सेना पर गर्व है। केंद्रीय मंत्रियों ने भी आपरेशन की सरहाना की। पीएम ने सशस्त्र बलों की उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा की।

कैबिनेट मंत्रियों ने सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया और सशस्त्र बलों की उनके सफल संचालन के लिए सराहना की। केंद्रीय मंत्रियों ने कहा कि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पीएम और सैन्य प्रतिष्ठान के साथ मजबूती से खड़ा है। सीमा पार घुसपैठ के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले आतंकी ठिकानों और शिविरों को निशाना बनाकर किये गये इस हमले को सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रात भर चले ऑपरेशन पर लगातार नजर रखी। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में उन ठिकानों पर हमला किया जहां से आतंकवादी हमलों की योजना बनाई जा रही थी और उन्हें अंजाम दिया जा रहा था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कैबिनेट को सूचित करने के तुरंत बाद पूरे मंत्रिमंडल ने मेज थपथपाकर इस कार्रवाई और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की।

### केंद्र ने आज बुलायी सर्वदलीय बैठक



**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने 8 मई को सुबह 11 बजे एक सर्वदलीय बैठक बुलायी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सहित वरिष्ठ मंत्री सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**बैठक का एजेंडा :** बैठक का एजेंडा विपक्षी नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर भविष्य की कार्रवाई पर चर्चा करने पर केंद्रित है। यह जानकारी संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा की।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रूस हुए रवाना

रूस की विक्ट्री डे परेड में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व, भारतवंशियों के साथ संवाद का भी होगा कार्यक्रम



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बुधवार को दो दिवसीय यात्रा को लेकर रूस रवाना हो गये। मास्को में 8-9 मई को आयोजित होने वाली विक्ट्री डे परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस कार्यक्रम में दुनिया भर के कई राष्ट्रीय अध्यक्ष भाग लेंगे। भारत की भागीदारी शांति और स्थिरता की दिशा में वैश्विक प्रयासों में भारत रूस राजनीतिक साझेदारी और साझा इतिहास के महत्व को रेखांकित करेगी। साथ ही, रूस की राजधानी मास्को में भारतवंशियों के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संवाद भी करेंगे। भारत और रूस की मैत्री सदैव ही गहरी रही है। रक्षा राज्य मंत्री की यह रूस यात्रा कई मामलों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

कार्टून कोना




### रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास



**मुंबई।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित ने बुधवार एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए लंबे फॉर्मेट के क्रिकेट को अलविदा कह दिया। रोहित के संन्यास की खबर ठीक उस वक्त पर आई, जब सेलेक्शन कमेटी ने उन्हें टेस्ट टीम की कप्तानी से हटाने का फैसला कर लिया था और साथ ही इंग्लैंड दौरे पर टीम में जगह मिलने की संभावना भी नजर नहीं आ रही थी। रोहित शर्मा ने 2013 में टेस्ट क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था और 2019 में वो टीम इंडिया के ओपनर बने थे, जिसके बाद से ही वो टीम में स्थायी जगह बनाने में सफल रहे थे। 2022 में उन्हें टेस्ट टीम की कमान मिली थी।

काशिश न्यूज के जोहार टॉक्स में झारखंड के विकास पर हुई खुली चर्चा

## नयी उर्जा के साथ आगे बढ़ रहा झारखंड : स्पीकर

संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** होटल बीएनआर में मंगलवार को कशिश न्यूज की ओर से आयोजित जोहार टॉक्स कार्यक्रम में झारखंड के विकास संवाद किया गया। राज्य के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक पहलुओं पर केंद्रित इस आयोजन में सत्ता और विपक्ष के कई दिग्गज नेताओं, मंत्रियों, विशेषज्ञों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने दीप जला कर किया। स्पीकर श्री महतो ने कहा कि झारखंड अब नयी ऊर्जा और नयी सोच के साथ विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य,




कार्यक्रम का उदघाटन करते स्पीकर रवींद्रनाथ महतो।

कृषि और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। यह आयोजन राज्य के सकारात्मक विमर्श को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम में संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी , शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, विधायक सरयू राय, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, वरिष्ठ भाजपा नेत सीपी सिंह, समेत कई नेताओं ने अपनेअपने विचार रखे। तमाम प्रतिनिधियों को कशिश न्यूज झारखंड-बिहार के संपादक अनुराग ठाकुर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। दैनिक **खबर मन्त्र** इसकी मीडिया पार्टनर था।

### किशोर ने केंद्र पर साधा निशाना



संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने झारखंड सरकार की प्राथमिकताओं और चुनौतियों पर खुलकर बात की। कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और गरीब वर्ग को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिये गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा झारखंड के लिये जारी की जाने वाली विशेष फंडिंग में कटौती की भी आलोचना की।

### सबको स्वास्थ सेवा हमारा लक्ष्य : इरफान

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी कहा कि झारखंड सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। हम टेक्नोलॉजी के सहारे दूरदराज के क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। हमारे लक्ष्य में हर नागरिक का स्वास्थ्य शामिल है।

### शिक्षा में सुधार का प्रयास जारी: सोरेन

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने शिक्षा को राज्य की रीढ़ बताते हुए कहा कि झारखंड में शैक्षणिक सुधार की दिशा में गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शीघ्र ही उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजेजानेवाले छात्रों की संख्या 50 से बढ़ा कर एक सौ करने जा रही है। (शेष पेज 11 पर)

### पाक से टेंशन के बीच दिल्ली से रांची तक ब्लैकआउट

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहने के लिए मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिये थे। दिल्ली और रांची से लेकर पटना समेत देश भर के कई शहरों में ब्लैकआउट की स्थिति बनायी गयी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश में 244 जिलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसका नाम ऑपरेशन अभ्यास नाम दिया गया है। मॉक ड्रिल के दौरान कई इलाकों में सायरन की तेज आवाज भी सुनी गयी। दिल्ली, झारखंड, हरियाणा, बिहार, आंध्र प्रदेश जैसे कई राज्यों में अभ्यास किये गये। मॉक ड्रिल में किसी भी आपात स्थिति से निपटने में आने वाली चुनौतियों के लिए अभ्यास किया गया। इस दौरान हवाई हमलों, आग लगने की आपात स्थितियों और खोज एवं बचाव कार्यों जैसे कई प्रतिकूल परिदृश्यों का अनुकरण किया गया।

## ऑपरेशन सिंदूर, भारत की दूरदर्शिता का प्रतीक : अजय राय

**रांची।** भाजपा मीडिया संपर्क विभाग के संयोजक अजय राय ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि यह भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि ष्यह अभियान न केवल हमारी सुरक्षा एजेंसियों की रणनीतिक क्षमता को दर्शाता है, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि भारत अब किसी भी आतंकी गतिविधि का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

## हमें भारतीय सेना के शौर्य पर गर्व है : विहिप

**रांची।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के द्वारा 09 आतंकवादी ठिकानों पर हमलाकर उसका नामोनिशान मिटा दिया गया जो भारतीय सेना की श्रेष्ठ शौर्य प्रदर्शन व भारत के प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छा शक्ति का परिणाम है। विश्व हिंदू परिषद झारखंड-बिहार के सहमंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने गुरूवार को प्रेस वयान जारी कर कहा कि अपने सेना के शौर्य पर हमें गर्व है। हमारी सेना ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए हिंदुओं बहनों के सुहाग का सिंदूर की मान रखते हुए 90 आतंकवादियों को मारकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी गई है। पाकिस्तान के द्वारा प्रायोजित आतंकवादियों के अकाओं को यह पता चल गया कि 24 मिसाइलों के द्वारा आक्रमण हो जाता है और उन्हें पता भी न चलता, यह सिर्फ और सिर्फ भारतीय सेना का शौर्य ही कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह आतंकवाद एवं आतंकवादियों के खिलाफ हमला है। पाकिस्तान के किसी भी नापाक इरादा को चूर करने के लिए देशवासियों को भी चौकन्न रहना होगा तथा अपने सेना के कंधों से कंधा मिलाकर चलना होगा।

138 पाराभेट और 50 सहकारी समितियों को कृषि मंत्री ने दिया निबंधन प्रमाण पत्र

# सहकारी समितियां रोजगार के क्षेत्र में कर सकती हैं बड़ा काम : शिल्पी नेहा तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेसाग स्थित पशुपालन निदेशालय में राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 138 पाराभेट प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और 50 सहकारिता समितियों के बीच निबंधन प्रमाण पत्र वितरण किया। बुधवार को हेसाग स्थित निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि स्वरोजगार के क्षेत्र में सहकारी समितियों का बड़ा योगदान है। झारखंड जैसे प्रदेश में जहां औद्योगिक विकास की संभावना बहुत कम दिखती है, वहां सहकारी समितियों की भूमिका बढ़ जाती है। आज के दिन कई राज्यों में सहकारी समितियां बड़े-बड़े काम कर रही है। इस सोच के साथ सहकारी समितियों के सदस्यों को एक दूसरे की मदद करते हुए आगे बढ़ाने की जरूरत है। बगैर आपसी सामंजस्य से समितियों का विकास संभव नहीं है।



मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में 11 हजार 755 समितियां रजिस्टर्ड है। कई समितियां बेहतर काम कर रही है, जबकि कई समितियां ऐसी भी है जो शिथिल पड़ी है उन्हें एक मौका जरूर दिया जाएगा ताकि वो अपने काम की गति बढ़ा सके। अगर ऐसा नहीं करते है तो उनका निबंधन रद्द किया जाएगा।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि महिलाओं को ये नहीं पता की राशि का उपयोग रोजगार के लिए कैसे करना है। सहयोगी समितियों को अपनी दिशा तय करनी होगी। पाराभेट के प्रशिक्षण से पशु चिकित्सा, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भधारण के काम में गति मिलेगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद पाराभेट को क्या करना ये जान लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पशु धन सहायक की बहाली में पाराभेट को भविष्य में प्राथमिकता मिले इसकी कोशिश विभाग के द्वारा जरूर की जाएगी। मोबाइल वेटनरी वैन में भी एक पाराभेट प्रशिक्षु होंगे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि शिक्षा को अगर उपयोग में नहीं लाएंगे तो प्रशिक्षण का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। जो प्रशिक्षण दिया गया है उसको क्षेत्र के लोगों के साथ साझा करने से पशुपालकों को लाभ मिलेगा। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में उप निबंधक जार्ज अफ्रेम कुजूर, उप निदेशक मनोज तिवारी, सहायक निबंधक अशोक तिवारी, सैमसन टोप्पो सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## बीएलओ मतदाताओं के साथ भारत के चुनाव आयोग का पहला इंटरफेस हैं : सीईसी

- अब तमिलनाडु और पुदुचेरी के क्षेत्र स्तरीय चुनाव पदाधिकारियों को तमिल भाषा में प्रशिक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत चुनाव आयोग ने अब तमिलनाडु और पुदुचेरी के क्षेत्र स्तरीय चुनाव पदाधिकारियों को तमिल भाषा में प्रशिक्षण देने का एक और अभूतपूर्व कदम उठाया है। आईआईआईडीईएम दिल्ली में इस मिश्रित बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 264 बीएलओ पर्यवेक्षकों, 14 ईआरओ, 2 डीईओ और अन्य अधिकारियों सहित 293 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बीएलओ मतदाताओं के साथ भारत के चुनाव आयोग का पहला इंटरफेस हैं एवं सही और अद्यतन मतदाता सूची सुनिश्ति करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही, पिछले कुछ हफ्तों के दौरान आईआईआईडीईएम में आयोजित गहन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लगभग 2,300 प्रतिभागी लाभान्वित हुए हैं। यह 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अगले कुछ वर्षों में देश भर में 1 लाख से अधिक बीएलओ सहित सभी स्तरों पर चुनाव पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप है।



बीएलओ पर्यवेक्षकों को फॉर्म 6, 7 और 8 सहित विभिन्न फॉर्मों को सही तरीके से भरना सुनिश्ति करने के लिए इंटरैक्टिव सत्रों, रोल प्ले के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। मॉड्यूल में आईटी समाधानों के उपयोग में व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है। इन बीएलओ पर्यवेक्षकों को अन्य बीएलओ को प्रशिक्षित करने के लिए विधानसभा स्तर के मास्टर प्रशिक्षकों के रूप में सुसज्जित किया जा रहा है। प्रतिभागियों को आरपी अधिनियम 1950 की धारा 24 (ए) के तहत जिला मजिस्ट्रेट (डीएम या समकक्ष रैंक के अधिकारी) और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के पास क्रमशः अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के खिलाफ पहली और दूसरी अपील के प्रावधानों से परिचित कराया गया। विदित हो कि 6-10 जनवरी 2025 तक विशेष सारांश संशोधन (एसएसआर) अभ्यास के पूरा होने के बाद तमिलनाडु और पुडुचेरी से कोई अपील दायर नहीं की गई थी।

## वादे के मुताबिक मोदी जी ने आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया : प्रतुल शाहदेव



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि आतंकवादियों और उनको शह देने वाले को मिट्टी में मिला देंगे। वादे के अनुसार भारतीय सेना ने आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि ये 21वीं शताब्दी के 25वें वर्ष का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व वाला नया भारत है। यहां आतंकवाद के लिये जगह नहीं है। अब देश के सुरक्षा बल सीमा पार घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमला करता है। उम्मीद है पिछली बार एयर स्ट्राइक का सबूत मांग रहे लोगों को इस बार काफी सुबूत मिल गया होगा। ऑपरेशन सिंदूर ने उन महिलाओं के जख्म पर मलहम लगाने का काम किया है, जिनके सिंदूर को आतंकवादियों ने पहलगाम हमले में छीन लिया था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कृत संकल्पित है कि आतंकवाद के खिलाफ जंग आगे भी जारी रहेगी। भारत ने पूरी दुनिया में संदेश दे दिया है कि आतंकवाद पर ना झुकेंगे ना झेलेंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर महिला मंच ने पढ़ी देशभक्ति कविताएं



**रांची।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बुधवार को महिला मंच ने देशभक्ति कविता पाठ किया। मौके पर प्रीता झा, सारिका भूषण, नंदनी प्रणय, रंगोली सिन्हा, उमा सिन्हा, भावना अम्बाष्ठ, कविता रानी, लोकृति गुप्ता, रश्मि सिन्हा, बिंदु प्रसाद, गीता रानी जैन, सुनीता श्रीवास्तव, रेणु झा रेणुका,प्रीता अरविन्द, रेखा जैन, मंजुला सिन्हा, सुनीता अग्रवाल, डॉ सुरिंदर कौर, पुष्पा सहाय, माधवी उपाध्याय ने कविता पाठ किया। गोष्ठी का संचालन रेणु झा और धन्यवाद ज्ञापन प्रीता झा ने किया।

## आतंकवाद के खिलाफ भारत ने छेड़ी निर्णायक लड़ाई : बाबूलाल मरांडी

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- झारखंड की जनता की ओर से प्रधानमंत्री और सेना को बधाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय सेना को झारखंड की जनता की ओर से बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुये पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई प्रारंभ कर दी है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना



अपने चिर परिचित अंदाज में अद्भुत शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुये दुश्मन के घर में घुस कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। हमारे देश की ओर आंख उठाकर भी देखने वाले आतंकवादियों और उसके रहनुमाओं का सिर कुचल दिया जायेगा।

## पूर्व मंत्री के बेटे की शादी समारोह में सीएम ने की शिरकत



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन बुधवार को पूर्व मंत्री स्व. जगरनाथ महतो के सुपुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू के विवाह उपरांत आयोजित आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित होने के लिये बोकारो जिला के ग्राम अलारगो स्थित उनके आवास पहुंचे। वहां उन्होंने नवदंपति को सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन के लिये अशेष शुभकामनायें तथा आशीर्वाद दिये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने पूर्व मंत्री बेबी देवी तथा उनके परिजनों को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी।

## चार्जशीटेड आरोपियों की जमानत पर अब सुनवाई 22 को

**रांची।** जेपीएससी द्वितीय सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड आरोपी नंद लाल, डॉ दीना नाथ सिंह, मुनिंद्र तिवारी, शिव बहादुर सिंह, रघुवीर सिंह तोमर, संतोष कुमार चौधरी, राजीव कुमार सिंह और सुदामा कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 22 मई को होगी। याचिकाओं पर बुधवार को सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। लेकिन, समय की मांग की गई। इस पर अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 22 मई निर्धारित की है। आरोपियों ने जमानत की गुहार लगाते हुये पिछले महीने याचिका दाखिल की है।

## रिश्वतखोर दारोगा की जमानत पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** रिश्वत लेने के आरोप में जेल में बंद नामकुम थाना का दारोगा चंद्रदीप प्रसाद की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर बुधवार को एसीबी की विशेष अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। आगे की सुनवाई के लिए 19 मई की तारीख निर्धारित की गई है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ;एसीबीद्ध रांची की टीम ने बीते 4 अप्रैल को 30 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। वह दहेज प्रताड़ना के एक केस को मैनेज करने के नाम पर आशीष कुमार यादव नामक व्यक्ति से रिश्वत ले रहा था।

## कोर्ट नोटिस

O.M संख्या-221/2024
पूजा मुण्डा वगैरह ..... वादी/प्रार्थी।
बनाम्
रूप चरण@ रामचरण मुण्डा...विरोधी पक्ष।

रूप चरण@ रामचरण मुण्डा, उम्र 39 वर्ष, पिता-जीत बाहन, निवसी-अमलो, पो.-अमलो, थाना-बेरमो, जिला - बोकारो, झारखण्ड :-

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ने आपके विरुद्ध न्यायालय में उपर्युक्त भरण पोषण हेतू ओरिजिनल भरण पोषण वाद संख्या-221/2024 दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा -125 के अंतर्गत दाखिल किया है जिसकी अगली सुनवाई की तिथि 09/06/25 को मुकर्र किया गया है।

अतः उक्त तिथि को समय प्रातः 10:30 बजे सुबह आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपरोक्त न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आपके विरुद्ध वाद की कारवाई एक पक्षीय कर दी जायगी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: एम-41-एमएल-आईएनएसटी-एसटीई-54, दिनांक: 05.05.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** हटिया कोचिंग डिपो में प्रति पाली 1 टन क्षमता वाली यांत्रिक लॉन्ड्री मशीनों की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना। **कार्य की अनुमानित लागत** (जीएसटी सहित): रु. 1,68,10,277.64; **बयाना राशि:** रु. 2,34,100; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 30.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण तथा ब्यौरा:** www.ireps.gov.in (PR-128)

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की खुशी में बांटी गई मिठाई

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति के सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों हमारे देश के सैनिक द्वारा की गयी कार्रवाई पर गैलक्सी मॉल के पास मिठाइयां बांटी व आतिशबाजी की। तिरंगा झंडा लेकर संजय कुमार जायसवाल ने कहा हमारे देश के प्रधानमंत्री जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं, जिस तरह आतंकवादियों ने कायराना हरकत कर बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ा। इस घटना



ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस ऑपरेशन सिंदूर ने उन बहनों को न्याय दिलाने का काम किया है। हमारा देश उन वीर सैनिकों का है, जो मुंहतोड़ जवाब देना जानते हैं। हमारे प्रधानमंत्री जो कहते हैं, वह करते हैं। मौके पर मुख्य रूप से ललित नारायण ओझा, शुभम कुमार जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, सुजीत वर्मा, ललन सिंह, राजू शर्मा, कुंदन कुमार, सुरेंद्र चौधरी, दिनेश कुमार, रिंकू कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

**उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा (जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI)**

जिला प्रशासन, कोडरमा द्वारा नवाचार गतिविधि के तहत कोडरमा जिला के सभी प्रखण्डों में DeGS Computer Basic Training Centre का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत स्थानीय युवक/युवतियों को डिजिटल साक्षरता (बेसिक कम्प्यूटर) का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्थानीय युवाओं को सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए NSQF aligned प्रशिक्षण कोर्स कराने का निर्णय लिया गया है।

इस निमित स्थानीय युवाओं को सरकार प्रायोजित निःशुल्क NSQF aligned Courses (Information Technology) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु मान्यता प्राप्त इच्छुक संस्थान/एन0जी0ओ0/फर्म/कंपनी से कार्य/सेवा हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक संस्थान/एन0जी0ओ0/फर्म/कंपनी दिनांक 19.05.2025, 12:30 अप0 तक उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, समहारणालय परिसर, कोडरमा, झारखण्ड-825410 पते पर या dc-kod@nic.in ई-मेल के माध्यम से NSQF aligned Courses (Information Technology) Course का विवरणी सहित भेज सकेंगे।

| | |
|---|---|
| इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि, समय एवं स्थान | स्थानः- समाहरणालय सभागार, कोडरमा<br>तिथि एवं समयः- 19.05.2025, 02:00 PM |

विस्तृत Terms and Conditions कोडरमा जिला के website koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।
नोटः- चयन में Autonomous body/PSU/Govt. Agency etc. को प्राथमिकता दी जाएगी।

ह0/-
उपायुक्त-सह-अध्यक्ष
DeGS, कोडरमा।

PR.NO.351844 District(25-26):D

**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**-: आम सूचना :-**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में होल्डिंग टैक्स जमा करने पर विषेश छुट का प्रावधान है। जिसके तहत दिव्यांग, महिला, ट्रांसजेडर, भारतीय सेना एवं वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। होल्डिंग टैक्स जमा करने हेतु नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी विवरणी निम्नवत हैं :-

| क0 सं0 | स्थान का नाम | वार्ड सं0 | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 01 | सुहागिन देवी आरोग्य मिशन (डॉ सुरेन्द्र सिंह), अस्पताल करकट, लातेहार | 01, 02 एवं 03 | 09.05.2025 |
| 02 | सोमेश्वर विवाह मंडप डुरूआ गुरूवार बाजार | 04, 05, एवं 06 | 13.05.2025 |
| 03 | सामुदायिक भवन अम्बाकोठी लातेहार | 07, 08 एवं 09 | 16.05.2025 |
| 04 | सब्जी मार्केट भवन बाईपास रोड लातेहार | 10, 11, एवं 15 | 19.05.2025 |
| 05 | मध्य विधालय अम्वाटीकर लातेहार | 12, 13 एवं 14 | 22.05.2025 |

अतः सभी आमजनों से अनुरोध हैं कि अपने नजदीकी कैम्प में जा कर भी होल्डिंग टैक्स का भुगतान करते हुए विषेश छुट का लाभ ले सकते है। साथ ही वैसे आमजन नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग जिन्होने अबतक अपने आवासीय/गैर आवासीय भवनों का होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया है, वैसे सभी आमजनों से अनुरोध हैं कि उक्त कैम्प में आ कर होल्डिंग टैक्स जमा कर सकते है। ज्ञातव्य हो कि पूर्व के बकाये होल्डिंग टैक्स की राशि में किसी प्रकार की छुट का प्रावधान नहीं है। साथ ही साथ ट्रेड लाईसेंस से संबंधित कार्य भी किये जायेगे। विशेष जानकारी हेतु नगर पंचायत, लातेहार के जन सुविध केन्द्र के टीम लीडर आदित्य कुमार (दुरभाष सं0- 9905900425) एवं कर संग्रहर्णकता बिरसा उरांव (दुरभाष सं0-7004793011) से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत,लातेहार

PR 351814 Urban Development(25-26).D

# पुलिस मुख्यालय में 23वीं ओएससीसी की बैठक आयोजित

- झारखण्ड में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों में समस्या, समाधान एवं आपसी समन्वय से संबंधित बातों पर विस्तृत रूप से चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड की अध्यक्षता में 23वीं ओएससीसी की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में ओएनजीसी, आईओसीएल एवं गेल के झारखण्ड में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों में समस्या, समाधान एवं आपसी समन्वय से संबंधित बातों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

इस बैठक में सर्वप्रथम अजय दीक्षित, कार्यकारी निदेशक, मुख्य सुरक्षा, ओएनजीसी बोकारो द्वारा पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया साथ राज्य से नक्सलियों एवं अपराधिक गिरोहों पर शिकंजा कसने पर बधाई दी एवं स्थानीय स्तर पर पुलिस द्वारा मिलने वाला सहयोग की प्रशंसा की। तदोपरान्त बैठक में उपस्थित अजय दीक्षित, कार्यकारी निदेशक, मुख्य सुरक्षा ओएनजीसी, एस मजुमदार, जीएम (एचआर), ईआरपीएल, आईओसीएल, सौरभ तोलंबिया, आईपीएस, एडवाइजर (सुरक्षा), गेल (इंडिया) लिमिटेड एवं ओएनजीसी/ आईओ सीएल/गेल के अन्य पदाधिकारियों ने झारखण्ड स्थित ओएनजीसी, आईओसीएल एवं गेल के विभिन्न प्रतिष्ठानों में उत्पन्न समस्याओं, उसके समाधान, आपसी समन्वय तथा 22वीं ओएससीसी की बैठक में लिये गये निर्णय पर बिन्दुवार चर्चा की। बैठक में ओएनजीसी, आईओसीएल एवं गेल के स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठान एवं कार्य करने में आ रही समस्याओं को रखा गया एवं उसके ऑप्रेशनल एरिया में आ रही समस्याओं को पुलिस एवं स्थानीय ग्रामीणों से समन्वय स्थापित कर हल करने पर जोर दिया गया।




### नई परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण एक चुनौती

पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड ने यह भी निर्देश दिया कि आने वाले नये प्रोजेक्ट हेतु भूमि अधिग्रहण, विधि-व्यवस्था एवं पाइपलाईन से तेल चोरी के अन्तराज्यीय गिरोह से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ पुलिस मुख्यालय के नोडल पदाधिकारी से भी किया जाये। चूंकि नई परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण एक चुनौती है, जिसे जिला में कार्यरत सभी एजेन्सियों को ग्रामीणों के साथ लगातार संयुक्त प्रयास से हल किया जा सकता है। इस बैठक के दौरान स्थानीय एवं जिला स्तर पर भी लगातार समन्वय समिति की बैठक करने पर जोर दिया गया।

### सूचनाओं का आदान-प्रदान करने पर बल

पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के द्वारा आपस में लगातार सूचनाओं का आदान-प्रदान करने पर बल दिया गया, ताकि छोटी से छोटी समस्याओं का भी त्वरित गति से सुगमता पूर्वक समाधान हो सके साथ ही उन्होंने इन सभी पीएसयू के अधिकारियों को अपने कार्य क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा सीसीटीभी कैमरा, जीपीएस मॉनिटरींग सिस्टम आदि तकनिकी उपकरण लगाने हेतु सुझाव दिया। सभी प्रतिष्ठानों के समस्याओं वाली जगहों को हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित कर उसके समाधान की दिशा में अग्रतर कार्रवाई करने, डिपो/टर्मिनल के आस-पास ढाबा/दुकानों पर विशेष निगरानी रखने एवं पूर्व में पीएसयू से संबंधित लंबित कांडों का त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश संबंधित पुलिस अधीक्षकों को दिया। उन्होंने इन पीएसयू से संबंधित आपराधिक गिरोह के विरुद्ध उचित धारा में कांड दर्ज कर कठोर से कठोर कार्रवाई करने, सीमावर्ती राज्यों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर अंतर्राज्यीय गिरोह के अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई के साथ अपराध से अर्जित अवैध संपति को चिन्हित कर वांछित कार्रवाई करने पर विशेष बल दिया। इन पीएसयू के महत्वपूर्ण स्थापनाओं को लेकर नो ड्रोन फ्लाई जोन पर विशेष बल दिया गया। सुरक्षा की दृष्टिकोण से इन पीएसयू के महत्वपूर्ण स्थापनाओं के कुछ क्षेत्रों में जंगल में आग लगा दी जाती है, जिससे खतरा उत्पन्न हो जाता है, इस संबंध में लोंगों को विशेष तौर पर जागरूक करने की कार्रवाई की जाय। देश की सुरक्षा के मद्देनजर उक्त संदर्भ में संवेदनशीलता को प्राथमिकता दी जाये।

बैठक के अंत में टी आर उन्नीकृष्णन नायर, एसेट मैनेजर, सीबीएम एसेट ओएनजीसी बोकारो द्वारा पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड अनुराग गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड अनुराग गुप्ता द्वारा अजय दीक्षित, कार्यकारी निदेशक, मुख्य सुरक्षा, ओएनजीसी बोकारो, अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान) डॉ संजय आनन्दराव लाठकर द्वारा टी आर उन्नीकृष्णन नायर, एसेट मैनेजर, सीबीएम एसेट ओएनजीसी बोकारो, पुलिस महानिरीक्षक (विशा), प्रभात कुमार द्वारा रथिस कुमार दास, ईडी (ओ एंड एम ईआर), गेल रांची, पुलिस उप-महानिरीक्षक (अपअनुवि) झारखण्ड, संध्या रानी मेहता द्वारा सौरभतोलंबिया, आईपीएस, एडवाइजर (सुरक्षा), गेल (इंडिया) लिमिटेड एवं पुलिस अधीक्षक (वि शा), मूमल राजपुरोहित द्वारा राजेश कुमार, जीएम (एचआर), एसईआरपीएल, भुवनेश्वर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर भौतिक रूप से एवं वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक रांची, बोकारो, दुमका, क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक बोकारो, दुमका, हजारीबाग, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, धनबाद एवं पुलिस अधीक्षक हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, देवघर, जामताड़ा, सिमडेगा व खूंटी उपस्थित थे।

## रांची में युद्ध जैसी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी रही मुस्तैद, सायरन बजने के साथ शुरू हुआ मॉक ड्रिल

# सायरन बजते ही एसएसपी ने टीम के साथ शुरू की घेराबंदी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में युद्ध के समय किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए बुधवार को मॉक ड्रिल किया गया। सार्वजनिक सुरक्षा और आपातकालीन तैयारी को बढ़ाने के लिए, गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सात मई को राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास यानी मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश के बाद रांची के डोरंडा क्षेत्र में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। बुधवार को पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चन्दन कुमार सिन्हा के नेतृव में रांची के मेकॉन में युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न होने और हवाई हमले के दौरान किस तरह निपटा जाए, इसे लेकर मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल में रांची पुलिस के विभिन्न विंग, कई थानों के थानेदार, पीसीआर के साथ साथ 200 से ज्यादा पुलिसकर्मियो ने भाग लिया।

**मॉक ड्रिल के दौरान सब कुछ हुआ क्रमबद्ध तरीके से**

- सायरन बजने पर सबसे पहले पीसीआर वाहन मौके पर पहुंचे।
- पीसीआर के बाद दूसरे नम्बर पर एम्बुलेंस और डॉक्टरों की टीम पहुंची।
- एम्बुलेंस के बाद फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची।
- फायर बिग्रेड के बाद शहर के डीएसपी और थानेदार मौके पर पहुंचे।
- डीएसपी और थाना प्रभारियो के बाद डीआईजी सह एसएसपी मौके पर पहुंचे।
- एसएसपी के बाद एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची।








**मेकॉन को बनाया केंद्र :** युद्ध के दौरान अगर शत्रु राष्ट्र हवाई हमला करे तो वैसी परिस्थिति में पुलिस को कैसे काम करना यह मॉक ड्रिल के जरिए दर्शाया गया। मॉक ड्रिल के लिए मेकॉन को केंद्र बनाया गया। मॉक ड्रिल के दौरान अचानक हवाई हमले को लेकर चेतावनी सायरन बजा, जिसके बाद पुलिस हाई अलर्ट पर आ गई। मौके पर एनडीआरएफ सहित कई टीमों को राहत और बचाव कार्य मे लगाया गया। हमले की वजह से जो लोग घायल हुए उन्हें बिल्डिंग से निकाला गया। वहीं जो लोग घायल हुए उन्हें एम्बुलेंस से नजदीक के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। इस दौरान जहां-जहां आग लगी थी उसे अग्निशमन विभाग के दस्ते के द्वारा बुझाया गया। डीआईजी सह एससपी रांची खुद राहत और बचाव कार्य में लगे। मॉक ड्रिल के दौरान सभी घायलों को और बिल्डिंग से लोगों को बाहर निकाला गया।

### घायलों को निकालने में कड़ी मेहनत की



मेकॉन में भले ही मॉक ड्रील किया जा रहा था लेकिन इस दौरान रांची पुलिस के जवानों ने कड़ी मेहनत की। सबसे ज्यादा मेहनत घायलों को बिल्डिंग से निकाल कर अस्पताल पहुचाने में की गई। रांची पुलिस के जवानों ने ऊंची बिल्डिंग में फंसे लोगों को स्ट्रेचर के जरिए बाहर निकाला गया।

### यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव

मॉक ड्रिल के कारण शहर की प्रमुख सड़कों पर यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया गया था। ए.जी. मोड़ से बिग बाजार और कुसाई चौक से बिग बाजार के बीच सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद रहा। एच.ई.सी. गेट से मेन रोड की ओर जाने वाले वाहन एच.ई.सी, अरगोड़ा और हरमू बाईपास रोड के रास्ते अपने गंतव्य पर पहुंचे। बिरसा चौक से कांटाटोली जाने वाले वाहन डोरंडा मोड़ से दाहिने मुड़कर सदाबहार चौक होते हुए गये। वहीं, मेन रोड या कांटाटोली से बिरसा चौक की ओर जाने वाले यात्रियों को बिग बाजार से रेडिसन ब्लू होटल रोड, कडरू और अरगोड़ा चौक के रास्ते जाने की सलाह दी गई है।

### राजेन्द्र चौक से एजी कॉलोनी तक नो ट्रैफिक जोन



मॉक ड्रील के दौरान राजेन्द्र चौक से लेकर एजी कॉलोनी तक के इलाके को नो ट्रैफिक जोन में तब्दील कर दिया गया। रांची पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्सन और वैकल्पिक रुट भी तैयार कर लिया.पूरे मॉकड्रिल के दौरान रांची पुलिस का ट्रैफिक डायवर्जन, वैकल्पिक रुट और ट्रैफिक मैनेजमेंट बेहतरीन रहसड़क रही सुनसान इस दौरान सड़क सुनसान थी, लेकिन अग्नि शमन की गाड़ियों और एंबुलेंस सड़कों पर दौड़ते दिखे। सायरन की आवाज युद्ध का परिदृश्य जैसा महसूस करा रहा था। दरअसल यह अभ्यास नागरिकों, संस्थानों और बुनियादी ढांचे को संभावित आपात स्थितियों, जैसे शत्रुतापूर्ण हमले या प्राकृतिक आपदाओं, के लिए तैयार करने के लिए महत्त्वपूर्ण है।

### मॉक ड्रिल के समय बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से रही बंद



फोटो : समीर

### स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया

एस एस बालिका उच्च विद्यालय में मॉक ड्रिल को लेकर जागरूक किया गया। बच्चों को विस्फोट या हमले के दौरान सुरक्षित रूप से अपनी रक्षा करना बताया गया।



## ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया

### आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई सराहनीय : सहाय

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने पहलगाम में हुये आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने बुधवार को रांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय पर पत्रकारों को बताया कि भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई किया जाना स्वागत योग्य कदम है। पाकिस्तान की नापाक हरकतों का जवाब देने के लिये देशवासियों ने एकजुटता का जो परिचय दिया है, यह काबिले तारीफ है। उन्होंने भारतीय सेना की इस कार्रवाई की प्रशंसा की।

### देश की सेना के समर्थन में कांग्रेस : राजेश ठाकुर

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर कहा कि हमारी पूरी पार्टी भारतीय सेना की साहसिक कार्रवाई के समर्थन में खड़ी है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता राहुल गांधी ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि केंद्र सरकार आतंकवाद के खात्मे के लिए जो भी निर्णय लेगा हम साथ रहेंगे और सशस्त्र बल जो भी कार्रवाई करेगा, उसका हम एकजुटता के साथ समर्थन करेंगे। बहनों के सिंदूर के साथ जो खिलवाड़ हुआ था, उसे ऑपरेशन सिंदूर नाम देकर आतंकियों से बदला लिया गया। श्री ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तानी सेना के द्वारा किए गए हमले में निर्दोष लोगों के मारे जाने की खबर से मन मर्माहत है, इस संकट की घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर पराक्रम की मिसाल : कमलेश

**रांची।** भारतीय सेना के जाबाजों को बधाई देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता को सेना पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई साहस शौर्य और पराक्रम की अद्भुत मिसाल है। भारत के 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या के बदले में और भारत की एकता अखंडता को छिन्न–भिन्न करने का मंसूबा पालने वाले पाक समर्थित आतंकवादी संगठनों को भारतीय सेना द्वारा करारा जवाब दिया गया है। पूरा देश इस मौके पर एकजुटता के साथ सेना के साथ खड़ा है। आतंकवादियों के पनाहगारों के लिए यह एक चेतावनी है।

### भारतीय सेना पर हमें गर्व : बन्ना गुप्ता

**रांची।** राज्य के पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भारतीय सैनिकों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान पोषित आतंकवादी ठिकानों पर हमले के लिए हमें भारतीय सैनिकों पर गर्व है। हमारे देश के बहादुर सैनिकों ने सिर्फ पहलगाम का बदला नहीं लिया, बल्कि दुश्मन देश के साथ पूरे विश्व को एक कड़ा संदेश दिया है कि भारत की संप्रभूता और सम्मान पर जब भी हमला होगा भारत की सेना जवाब तो देगी वो भी घर में घुसकर जवाब देगी। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाने वाले पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों को मार गिराने का साहस भरा कार्य हमारी देश की सेना ने किया है।

## मॉक ड्रिल के दौरान कार्य व दायित्व की दी गयी जानकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ऑपरेशन अभ्यास के अंतर्गत आपदा की स्थिति में नागरिक सुरक्षा के लिए बुधवार को रांची के डोरण्डा क्षेत्र में मॉक ड्रिल का आयोजन शाम 04:00 बजे से 07:00 बजे तक किया गया। इस मॉक ड्रिल के पूर्व पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं एनसीसी कैडेट्स की पुलिस लाइन केंद्र में ब्रीफिंग की गई। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री एवं डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन सिन्हा ने सभी को मॉक ड्रिल के दौरान कार्य एवं दायित्व की जानकारी देते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार के गाइडलाइंस के अनुसार कार्य निर्वहन का निर्देश दिया।

मौके पर उन्होंने कहा कि यह एक पूर्व निर्धारित और नियंत्रित अभ्यास है, जिसका उद्देश्य जन जागरूकता और अंतर एजेंसी आपदा को मजबूत करना है। मॉक ड्रिल नागरिक सुरक्षा के लिये एक अभ्यास है।

## 11वीं जेपीएससी रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 11वीं जेपीएससी परीक्षा का परिणाम अब तक जारी न होने से नाराज अभ्यर्थियों ने बुधवार को आयोग के मुख्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने रिजल्ट जारी करो के नारे लगाये और जल्द से जल्द परिणाम जारी करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि परीक्षा संपन्न हुए 9 महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक परिणाम घोषित नहीं किया गया है। इससे न केवल उनकी नौकरी की उम्मीदें अधर में हैं, बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ता जा रहा है।

प्रदर्शन में शामिल एक अभ्यर्थी ने कहा कि हमने कड़ी मेहनत की है और महीनों से रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। आयोग को हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का हक नहीं है। कहा कि परिणाम में देरी क्यों हो रही है, आयोग यह स्पष्ट करे। छात्रों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द परिणाम घोषित नहीं किया गया तो आंदोलन और उग्र होगा। इस दौरान जेपीएससी मुख्यालय के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो।

**अलग रूप ले लिया अभ्यर्थियों का आंदोलन :** जेपीएससी कार्यालय के बाहर चल रहे छात्र आंदोलन ने अब एक अलग ही रूप ले लिया है। अपनी मांगों को लेकर अड़े छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान ब्लैक और आसमानी रंग के मास्क पहन रखे हैं। जब उनसे पूछा गया कि मास्क क्यों पहने हैं, तो जवाब देते हुए कहा कि गर्मी के कारण पहने हुए है।लेकिन इस मासूम जवाब के पीछे कुछ और ही कहानी छिपी नजर आती है। छात्रों की आंखों में डर साफ झलक रहा है। कहीं आवाज उठाने पर सजा न मिल जाए, कहीं भविष्य अंधकारमय न हो जाए। छात्र नेता को छोड़ बाकी सभी ने चेहरों को मास्क से ढक रखा है, जैसे वे अपनी पहचान छिपाकर व्यवस्था को आईना दिखा रहे हों।

**तब तक नहीं हटेंगे जब तक हमें न्याय नहीं मिलता :** आंदोलन तेज होती जा रही है। छात्र साफ कह रहे हैं। हम तब तक नहीं हटेंगे जब तक हमें न्याय नहीं मिलता। प्रदर्शन कर रहे मनोज ने कहा कि चुनाव से पहले परीक्षा हुई थी। अध्यक्ष नियुक्ति के लिए भी छात्रों ने प्रदर्शन किया। अब अध्यक्ष चुने गए, फिर भी रिजल्ट घोषित नहीं हो रहा है। छात्र नेता सत्यनारायण शुक्ला ने कहा कि जब तक रिजल्ट जारी नहीं होता, प्रदर्शन जारी रहेगा।

### राजधानी के लोग अब वाट्सएप से भर सकेंगे टैक्स

**रांची।** रांची नगर निगम ने डिजिटल सुविधा को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को आरएमसी पेमेंट मित्र नाम की नई वाट्सऐप चैटबोट सेवा शुरू की। अब शहर के लोग अपने हाउसिंग टैक्स, पानी का बिल, ट्रेड लाइसेंस, वेस्ट यूजर चार्ज जैसे टैक्स को आसान तरीके से भर सकेंगे। इस सेवा को शुरू करने के लिए बस मोबाइल नंबर 8986627070 पर जोहार या हाय लिखकर मैसेज भेजना होगा। इसके बाद चैटबोट अपने आप चालू हो जाएगा और लोग मोबाइल पर ही टैक्स से जुड़ी जानकारी लेकर तुरंत भुगतान कर सकेंगे।

नगर आयुक्त संदीप सिंह ने बताया कि यह सेवा लोगों की सुविधा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए शुरू की गई है। अब लोगों को लाइन में लगने की जरूरत नहीं होगी, वे कभी भी, कहीं से भी टैक्स भर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया सिर्फ दो मिनट में पूरी हो जाएगी।

## कांग्रेस ने मुसलमानों को धोखा दिया, अब हर मुस्लिम मोदी के साथ : मौलाना साजिद रशीदी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद सजिद रशीदी ने वक्फ संशोधन विधेयक को ऐतिहासिक बताते हुये कांग्रेस पार्टी और ममता बनर्जी सरकार पर तीखे प्रहार किये। मौलाना रशीदी बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक मुसलमानों के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पिछले 70 वर्षों में मुसलमानों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। कांग्रेस ने मुसलमानों की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार या धार्मिक संपत्तियों की सुरक्षा के लिये कोई ठोस नीति नहीं बनायी। उन्होंने दिल्ली की ढाई सौ बीघा वक्फ जमीन का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकारों ने उस जमीन पर कब्जा करके न तो उसे मुसलमानों को लौटाया और न ही उसका उपयोग शिक्षा या स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किया। उन्होंने ममता बनर्जी पर हमला करते हुये कहा कि जब उन्होंने कह दिया कि वक्फ कानून बंगाल में लागू नहीं होगा, तो यह स्पष्ट हो गया कि मुस्लिम हित उनके लिए केवल एक वोट हथियार है। सच्चर कमेटी, रंगनाथ मिश्रा रिपोर्ट और अन्य अध्ययन रिपोर्टों में मुसलमानों की बदतर स्थिति उजागर हुई लेकिन कांग्रेस ने कभी उन सिफारिशों को लागू नहीं किया। वहीं, आज मोदी सरकार ने पारदर्शिता, ई-गवर्नेंस और जवाबदेही के सिद्धांतों के आधार पर वक्फ सुधार का मार्ग प्रशस्त किया है। अब हर मुस्लिम पीएम मोदी के साथ है।

## बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में कल से तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेला, सीएम करेंगे उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से स्थानीय बिरसा मुंडा जेल पार्क (बिरसा मुंडा स्मृति पार्क) में तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेला का आयोजन 9 से 11 मई तक किया जाएगा। इसका उद्घाटन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। मेले को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है और खासकर बंगाली समुदाय में विशेष जोश देखा जा रहा है। इसे लेकर प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। मौके पर झामुमो महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि रांची और झारखंड के लोगों को इस सांस्कृतिक मेले का बेसब्री से इंतजार रहता है। यह सिर्फ एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध विरासत को संजोने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुप्रिया भप्ताचार्य, सिद्धार्थ घोष, अमित दास, डॉ पम्पा सेन विश्वास और अभिजीत दत्ता उपस्थित थे।

**प्रभात फेरी से होगा शुभारंभ, दिखेगा पारंपरिक रंग :** मेला 9 मई को सुबह 9 बजे दुर्गा बाड़ी से निकलने वाली प्रभात फेरी से आरंभ होगा, जो एचपी रोड होते हुए बिरसा मुंडा जेल पार्क पहुंचेगी। सबसे आगे कीर्तन मंडली होगी, जिसके पीछे फूल-मालाओं से सजे ट्रक पर रविंद्रनाथ टैगोर की तस्वीर, बांग्ला वर्णमाला और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की सजावट सांस्कृतिक गौरव को दर्शाएगी

**होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम :** हर शाम 6 बजे से स्थानीय कलाकारों द्वारा संगीत प्रस्तुती दी जाएंगी। शाम 7 बजे से कोलकाता से आए डांस ग्रुप डांस गिल और मोहुल बैंड अपनी नृत्य और संगीत प्रस्तुति से मंच को जीवंत बनाएंगे।10 मई को चित्रकला प्रदर्शनी और साहित्यिक व्याख्यान मेले के दूसरे दिन यानी 10 मई को सुबह 11 बजे से स्थानीय चित्रकारों द्वारा मेला थीम पर आधारित चित्रकला प्रदर्शनी लगाई जाएगी। शाम 5 बजे प्रसिद्ध बांग्ला लेखक समरेश बसु की जन्मशती के अवसर पर विदयान संस्था द्वारा एक विशेष साहित्यिक व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 7:30 बजे हास्य नाटक यम एप का मंचन होगा और मल्हार कर्मकार बैंड संगीतमय समापन प्रस्तुति देगा।

**11 मई को प्रतियोगिताएं और सम्मान समारोह :** अंतिम दिन, 11 मई को सुबह 11 बजे से पेंटिंग और पारंपरिक बांग्ला परिधान प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। शाम 6:30 बजे स्थानीय कलाकारों की संगीत प्रस्तुति के बाद, 7 बजे से सम्मान समारोह होगा। इस अवसर पर विशेष अतिथि डॉ। देवेश ठाकुर कविता पाठ करेंगे। मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

## खबर एक नजर में

### पत्नीहंता के आरोपी का कोर्ट में बयान दर्ज

रांची। अपर न्यायायुक्त संजीव झा की अदालत ने पत्नी की हत्या के आरोप में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी पति आसिफ अंसारी उर्फ कारू का बयान दर्ज किया। साथ ही अदालत ने मामले में फैसले की तारीख 14 मई निर्धारित की है। अभियोजन साक्ष्य बंद होने के बाद आरोपी का बयान दर्ज किया गया। उस पर अपनी पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर देने का आरोप है। घटना का अंजाम शादी के एक महीने बाद 9 अप्रैल 2022 को दिया गया था। दोनों की शादी 3 मार्च 2022 को हुई थी। नवविवाहित शादी के 4.5 दिनों बाद मायके आई। कुछ दिनों बाद उसका पति लेने आया। इनकार करने पर घटना को अंजाम दिया गया। घटना को लेकर अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### दुष्कर्म के प्रयास की जमानत अर्जी खारिज

रांची। अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने महिला से दुष्कर्म के प्रयास करने और जान से मारने की धमकी देने का मामले में जेल में बंद आरोपी तौहीद अंसारी को जमानत देने इनकार किया है। आरोपी पर महिला को नशीला पदार्थ सुंघाने की कोशिश करने और सफल नहीं होने पर उसे पटक कर शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करने का आरोप है। वही, मौजूद दूसरी महिला को घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दिया था। घटना को लेकर महिला ने बीते 14 मार्च को चान्हो थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### जानलेवा हमले के चार आरोपी बरी

रांची। अपर न्यायायुक्त एके तिवारी की अदालत ने बुधवार को जानलेवा हमले से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुये पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में चार आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने आरोपी तनवीर, परवेज, साहिल और इंजला अंसारी को बरी किया। घटना को लेकर चारों आरोपियों के खिलाफ 22 जनवरी 2022 को लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कोनका रोड निवासी इकराम उर्फ कल्लू को किसी विवाद को लेकर आरोपी खोज रहा था। खोजते हुये आरोपी इकराम के घर पहुंचा। नहीं मिलने पर सभी आरोपी चला गया। शाम करीब 7 बजे आरोपियों को इकराम मिल गया जिसे रॉड और बैट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। लेकिन, सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष घटना को साबित करने में विफल रहा।

### सीजीएल परीक्षा पेपरलीक के आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के अधीन संचालित संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक मामले जेल में बंद आरोपी गौरव कुमार और अभिलाश कुमार के खिलाफ जांच पूरी करते हुए अनुसंधान पदाधिकारी ने सीआईडी कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। पेपर लीक मामले में सीआईडी ने अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसमें से सिर्फ दो पर ही चार्जशीट दाखिल की गई है। आगे की जांच जारी है। दोनों आरोपी इंडियन रिजर्व बटालियन–8 गोड्डा का जवान है। मालूम हो कि 21 सितंबर 2024 व 22 सितंबर 2024 को राज्य के सभी जिलों में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गई थी। परीक्षा से पहले प्रतिभागियों को पेपर उपलब्ध कराने के नाम पर एक गिरोह के सदस्यों ने रुपये जमा करवाए थे। जिससे लोगों के बीच पेपर लीक की अफवाह और संदेह फैल गया था।

### हटिया रेलवे स्टेशन में चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, यात्रियों को किया गया जागरूक



**रांची।** जीआरपी,हटिया व आरपीएफ के द्वारा बुधवार को संयुक्त रूप से एंटी क्राईम चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान ट्रेन में यात्रा करनेवाले यात्रियों को सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। यात्रियों को अपने सामान की सुरक्षा व सफर के दौरान अन्य सह यात्रियों के द्वारा दी जानेवाली खाने–पीने की समाग्री नही लेनी की जानकारी दी गई। इसके साथ ही यात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे हेल्प लाईन नंबर 139 का उपयोग करने के संबंध में बताया गया। मौके पर रेल थाना प्रभारी, हटिया के पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि यह अभियान वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर 05 मई से लगातार चलाया जा रहा है। अभियान में पुअनि जावेद आलम, पुअनि राम प्रसाद पासवान,पुअनि अलबिना केरकेट्टा सहित जीआरपी व आरपीएफ के अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे।

### दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब देना बहादुरी की अलामत : मौलाना तहजीबुल हसन



**रांची।** भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर करके अपनी बहादुरी को दुनिया में साबित कर दिया कि हम बुजदिल नहीं बहादुर हैं। भारत वासियों को अगर कोई मारेगा तो हम उसको छोड़ेंगे नहीं। इसी अहद के साथ भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर करके पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे दिया। इस काम की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। ऐसे वक्त में पूरा भारत केंद्र सरकार और सेना के साथ खड़ा है। देश के लिए कुर्बानी देनी पड़ेगी तो हम सब अपनी जान देने को तैयार हैं। हम भारत सरकार के और सेना के इस कार्य की प्रशंसा करते हैं। ये बातें झारखंड सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य सह मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहीं। उन्होंने कहा कि बेगुनाहों पर गोलियां चलाना किसी भी हाल में सही नहीं है। हम भारत सरकार और अपनी सेना के साथ खड़े हैं।

# झारखंड में 3.49 लाख लोगों ने लिया व्यापार का लाइसेंस

## व्यापार में रूची ले रहे हैं झारखंड के लोग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में कारोबारियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ट्रेड लाइसेंस के लिए कुल तीन लाख 68 हजार 218 आवेदन आए। इसमें से तीन लाख 49 हजार 249 लोगों को ट्रेड लाइसेंस मिला। निगम, नगर पंचायत और नगर परिषद स्तर से 14,697 आवेदन ही पेंडिंग हैं।

**सबसे अधिक जमशेदपुर में ट्रेड लाइसेंस स्वीकृत**

सबसे अधिक जमशेदपुर में ट्रेड लाइसेंस की स्वीकृति दी गई है। यहां 70,660 लोगों को ट्रेड लाइसेंस मिला है। वहीं धनबाद नगर निगम से 47383 ट्रेड लाइसेंस की स्वीकृति मिली है। देवघर नगर निगम से 29415, हजारीबाग नगर निगम से 27820, गिरिडीह नगर निगम से 17922,साहेबगंज नगर परिषद से 13024, मानगो नगर निगम से 12912, मेदिनीनगर नगर निगम से 11825 और चास नगर निगम से 10683 ट्रेड लाइसेंस की स्वीकृति मिली है।

**किस नगर निगम, पंचायत व परिषद में कितने आवेदन आए**

| निगम, परिषद व पंचायत | आवेदन की संख्या | निगम, परिषद व पंचायत | आवेदन की संख्या | निगम, परिषद व पंचायत | आवेदन की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| आदित्यपुर नगर निगम | 12190 | दुमका नगर परिषद | 4551 | लोहरदगा नगर परिषद | 7985 |
| बचरा नगर पंचायत | 0000 | गढ़वा नगर परिषद | 9030 | मधुपुर नगर परिषद | 9034 |
| बरहरवा नगर पंचायत | 3282 | गिरिडीह नगर निगम | 17922 | महगामा नगर पंचायत | 1424 |
| बरकी-सराय नगर पंचायत | 1985 | गोड्डा नगर परिषद | 3819 | मानगो नगर निगम | 12912 |
| बासुकीनाथ नगर पंचायत | 2768 | गोमिया नगर परिषद | 07 | मझिआंव नगर पंचायत | 1905 |
| विश्रामपुर नगर परिषद | 2410 | गुमला नगर परिषद | 5151 | मेदिनीनगर नगर निगम | 11825 |
| बुंडू नगर पंचायत | 4972 | हरिहरगंज नगर पंचायत | 989 | मिहिजाम नगर परिषद | 5127 |
| चाईबासा नगर परिषद | 6464 | हजारीबाग नगर निगम | 27820 | नगरउंटारी नगर पंचायत | 4652 |
| चक्रधरपुर नगर परिषद | 8773 | हुसैनाबाद नगर पंचायत | 3655 | पाकुड़ नगर परिषद | 5096 |
| चाकुलिया नगर पंचायत | 1705 | जमशेदपुर | 70660 | फुसरो नगर परिषद | 3755 |
| चास नगर निगम | 10683 | जामताड़ा नगर पंचायत | 6206 | राजमहल नगर पंचायत | 3350 |
| चतरा नगर परिषद | 2944 | झुमरीतिलैया नगर परिषद | 4957 | रामगढ़ नगर परिषद | 3480 |
| छत्तरपुर नगर पंचायत | 1052 | जुगसलाई वगर परिषद | 9316 | साहेबगंज नगर परिषद | 13024 |
| चिरकुंडा नगर पंचायत | 3914 | कपाली नगर परिषद | 1659 | सरायकेला नगर पंचायत | 3520 |
| देवघर नगर निगम | 29415 | खूंटी नगर पंचायत | 8811 | सिमडेगा नगर परिषद | 4748 |
| धनवार नगर पंचायत | 2510 | कोडरमा नगर पंचायत | 1290 | धनबाद नगर निगम | 47383 |
| डोमचांच नगर पंचायत | 2642 | लातेहार नगर पंचायत | 2828 | | |

## खबर एक नजर में

### देश के भीतर धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण करने वालों को भी जवाब दिया गया



**रांची।** पहलगाम में कायराना आंतकी हमले में मारे गये मासूम लोगों से पूरा देश मार्माहत था और देश का हर व्यक्ति केन्द्र सरकार से पाकिस्तान में घुसकर बदला लेने की मांग कर रहा था। कल रात पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर भारत ने हमला किया है, भारत ने इस हमले से केवल आतंकी तत्वों को जवाब नहीं दिया है बल्कि अपने देश के भीतर धर्म के नाम पर जोर देकर ध्रुवीकरण करने वालों को भी जवाब दिया है। ये बातें अल्पसंख्यक मामलों के जानकार एस अली ने कहीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के भीतर की गई कार्रवाई की सूचना के लिए महिला सैनिक अफसरों का चयन किया गया। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के जरिए सरकार ने एकता का संदेश दिया है।

### ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान को करारा जवाब : तुषार कांति शीट

**रांची।** श्री राम कृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव तुषार कांति शीट ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति को और अधिक आक्रामक रूप देते हुये सोमवार रात ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया जाना स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सेना प्रमुख द्वारा की गई कार्रवाई सराहनीय है। इस गुप्त ऑपरेशन के तहत भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाली कश्मीर स्थित कुल 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इसके बाद भी पाकिस्तान यदि अपनी हरकतों से बाज नहीं आता है, तो उसे बुरे अंजाम भुगतने होंगे।

### आतंकियों के ठिकाने पर हमला स्वागत योग्य : शाहिद अयूबी



**रांची।** ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बालों द्वारा पाकिस्तान आतंकियों के ठिकाने पर हमला स्वागत योग्य है। ये बातें झारखंड मुस्लिम युवा मंच के अध्यक्ष शाहिद अयूबी ने कहीं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के निहत्ते लोगों पर पाकिस्तानी आतंकियों के हमले में अपनी जानें गवाई थीं। आज उन शहीदों को हमारे भारतीय सशस्त्र बलों ने सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

### भारतीय सेना स्वाभिमान और शौर्य का प्रतीक : ओम वर्मा

**रांची।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेवा के द्वारा पाकिस्तान एवं पाकिस्तान के कब्जे वाले वाले आतंकवादियों के 9 ठिकाने में एयर स्ट्राइक का आजसू स्वागत करती है। ये बातें बुधवार को आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहीं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्र की स्वाभिमान की रक्षा अडिग संकल्पित है। ये ऑपरेशन कर भारत ने बताने का काम किया है कि आतंकवाद को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। हमें अपनी भारतीय सेना पर गर्व है, जिसने सीमा पार आतंकवाद के अड्डों को नष्ट कर देश के नागरिकों का मनोबल ऊंचा करने का काम किया है।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मनाई गई टैगोर जयंती



**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में बुधवार को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। मौके पर प्राचार्या प्रेमलता कुमारी ने कहा कि गुरुदेव साहित्य, संगीत और कला की विभिन्न धाराओं के अद्भुत संगम थे। उन्होंने कहा कि उनकी रचनाओं में प्रेम, प्रकृति और मानव जीवन के विभिन्न आयामों का सजीव एवं सशक्त चित्रण मिलता है। उनकी रचनाएं हमें समन्वय, समरसता और सौहार्द के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर बच्चों ने रवींद्र साहित्य और संगीत पर आधारित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने गुरुदेव रचित 'एकला चलो रे और 'मोन मोर मेघेर सोंगी..गीत पर भावपूर्ण गायन और नृत्य प्रस्तुत किया।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में प्राइमरी विंग के छात्रों के लिए अलंकरण समारोह गुरूवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत के साथ हुआ। साथ ही नवनिर्वाचित परिषद सदस्यों द्वारा एक अनुशासित मार्च निकाली गई। जिसमें एकता और टीम वर्क की भावना का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर द्वारा विद्यालय का झंडा हेड बॉय और हेड गर्ल को सौंप दिया गया, जो जिम्मेदारियों के हस्तांतरण का प्रतीक था। इसके बाद नवनिर्वाचित परिषद सदस्यों को औपचारिक रूप से उनकी भूमिकाओं में शामिल करते हुए बैज प्रदान किए गए। हेड गर्ल और हेड बॉय ने विद्यालय के नियमों और मूल्यों को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता की शपथ ली। विद्यालय की अखंडता और आदर्शों को परिपूरित करने के लिए उनके हृदय प्रस्फुरित भाषणों ने सभा मे उपस्थित विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

### योगदा सत्संग महाविद्यालय में मॉक ड्रिल आयोजित



**रांची।** आपदा प्रबंधन पर एक सफल मॉक ड्रिल का आयोजन योगदा सत्संग महाविद्यालय की एनएसएस इकाई 2 द्वारा बुधवार को किया गया। इस मौके पर प्राचार्या प्रो. प्रगति बक्शी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राधेश्याम डे, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. श्वेता सिंह ने विद्यार्थियों को मॉक ड्रिल के इतिहास और इसके आयोजन के पीछे के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया देने का प्रशिक्षण रवि सिंह के द्वारा दिया गया।

### आतंकवादी घटनाओं में शहीदों के साथ हुआ न्याय : झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन



**रांची।** भारतीय वायु सेना के द्वारा पाकिस्तान एवं पीओके में अवस्थित आतंकवादी अड्डों पर मिसाइल हमले कर उनके अड्डों को नष्ट करना एक साहसिक कदम एवं आतंकवादी घटनाओं में शहीद हुए लोगों के प्रति न्याय की घटना है। ये बातें झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के इस कदम का मारवाड़ी समाज हार्दिक अभिनंदन, स्वागत एवं पुरजोर समर्थन करता है। आगे भी भारतीय सेना के इस तरह के किसी भी कदम में तन मन धन से सहयोग करने के लिए मारवाड़ी समाज हमेशा तत्पर रहेगा। यह घटना यह बताती है कि भारतीय सेना किसी भी तरह से कमजोर नहीं है और समय पड़ने पर हम घर में घुसकर वार कर सकते हैं। किसी भी धमकियों से हमारी सेना और भारतीय डरने वाले नहीं हैं। इस अवसर पर पूरे भारतीय नागरिक एकजुट हैं और देश की सेना के साथ हैं।

### नीरजा सहाय डीएवी में याद किए गए टैगोर



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में विभिन्न कार्यकमों का आयोजन कर कवि गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर को याद किया गया। इस अवसर पर भाषण, अंग्रेजी में कविता वाचन, बंगला में काव्य पाठ, रविन्द्र संगीत, रविन्द्र संगीत पर नृत्य इत्यादि के माध्यम से रविन्द्र साहित्य का प्रस्तुतीकरण किया गया। विद्यालय की वरीय शिक्षिका तनुश्री चक्रवर्ती ने अपने संभाषण में उनके दर्शन पर प्रकाश डाला। प्राचार्या किरण यादव ने अपने संबोधन में गुरुदेव के शैक्षणिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका दृष्टिकोण अपने समय से बहुत आगे था।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टिचर समारोह का आयोजन



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के सेकेंडरी विंग का इन्वेस्टिचर समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। जिसके माध्यम से विद्यार्थी समुदाय के भीतर नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना दिखाई दी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर .के. झा, हेडमास्टर आलोक कुमार पाठक, संतोष कुमार और प्राइमरी विंग इंचार्ज प्रभा सिंह, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं भी समारोह में उपस्थित थे। यह कार्यक्रम नव-निर्वाचित स्कूल अपॉइंटीज और हाउस अपॉइंटीज की औपचारिक नियुक्ति का प्रतीक बना। हेड गर्ल इशिका साहू और हेड बॉय इशान सिन्हा ने स्कूल का प्रतिष्ठित ध्वज प्राचार्य से प्राप्त कर अपने कर्तव्यों और अधिकारों को स्वीकार किया। नव-नियुक्त छात्र परिषद ने शपथ ग्रहण कर यह संकल्प लिया कि वे विद्यालय के मूल्यों को बनाए रखेंगे और अपने साथियों के लिए आदर्श बनेंगे।

### अंतर सदनीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में आज का दिन उत्साह और उमंग से भरा रहा। कारण था कि आज विद्यालय में अंतर सदनीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। मालूम हो कि विद्यालय में कुल चार सदन हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय इन सदनों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस प्रतियोगिता को आगामी डीएवी राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के रूप में भी देखा जा सकता है। इस प्रतियोगिता का आयोज विद्यालय के ऊजार्वान खेल शिक्षक उपेंद्र कुमार एवं वरीय शिक्षिका श्रीमती दीपिका शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन पर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो विजेता नहीं बन पाए वे अपनी कमियों को दूर करने एवं उनसे सीखने का प्रयास करें।

## बीआईटी मेसरा ने मनाया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

- नवाचार के माध्यम से 'एक सतत कल को सशक्त बनाना' थीम पर कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**स्कूली छात्र प्रतियोगिता के विजेता**

प्रथम पुरस्कार : लोयोला कॉन्वेंट स्कूल - मॉडल: आयनिक थ्रस्टर, दूसरा पुरस्कार (टाई) : डीएवी हेहल - मॉडल: स्पेक्ट्रोमीटर और एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल - मॉडल: स्मार्ट एग्रीकल्चर, तीसरा पुरस्कार (टाई) : सरला बिरला पब्लिक स्कूल - मॉडल: वीवी ग्लव्स और सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल - मॉडल: फायर-फाइटिंग रोबोट

**रांची।** बीआईटी मेसरा की नवाचार परिषद आईआईसी-बीआईटी बुधवार को कैट हॉल में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2025 मनाया। इस वर्ष का थीम था-नवाचार के माध्यम से एक सतत कल को सशक्त बनाना। यह रचनात्मकता, नवाचार और सतत तकनीकी उन्नति को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ती है। मौके पर बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व पर विचार रखे। कहा कि यह वैज्ञानिक उपलब्धियों- जैसे कि 1998 के परमाणु परीक्षण का स्मरणोत्सव है और जिम्मेदार व टिकाऊ नवाचार के लिए कार्रवाई का आह्वान है। इस समारोह में एक अभिनव उत्पाद प्रदर्शनी और प्रतियोगिता भी शामिल थी, जिसमें बीआईटी मेसरा, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक और डीएवी गांधीनगर, डीएवी हेहल, सेंट थॉमस स्कूल, एस्कॉट इंटरनेशनल, सरला बिड़ला पब्लिक स्कूल, मनन विद्या मंदिर, जेएनवी मेसरा, सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, कैराली स्कूल और लोयोला कॉन्वेंट स्कूल सहित कई प्रतिष्ठित स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया।

इस दौरान 45 से अधिक अभिनव प्रोटोटाइप मॉडल और 50 से अधिक प्रोजेक्ट पोस्टर प्रदर्शित किए गए, जिसमें 160 से अधिक छात्रों ने अपने विचार प्रदर्शित किए। प्रतिभागियों ने दो श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की: कॉलेज के छात्र और स्कूली छात्र। प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन मॉडलों को सर्वश्रेष्ठ मॉडल पुरस्कार, साथ ही योग्यता और भागीदारी के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे उद्घाटन समारोह के साथ हुई। आयोजन सचिव डॉ सोमक दत्ता ने स्वागत भाषण दिया। अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के डीन और आईआईसी-बीआईटी मेसरा के अध्यक्ष प्रो राजू पोद्दार ने नवाचार को आगे बढ़ाने में तकनीकी ज्ञान के महत्व पर जोर दिया। वहीं, संकाय मामलों के डीन प्रो अशोक शेरोन ने पेटेंट के माध्यम से स्टार्टअप विचारों से बौद्धिक संपदा में संक्रमण के महत्व पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र के बाद, स्कूली छात्रों ने आईआईसी संकाय सदस्यों से युक्त विशेषज्ञ जूरी पैनल के समक्ष अपने मॉडल प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए, और सबसे उत्कृष्ट टीमों को विशेष पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का समापन आईआईसी बीआईटी मेसरा की सह-संयोजक डॉ ऋचा मिश्रा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस उत्सव ने शिक्षाविदों और युवा नवप्रवर्तकों के बीच सहयोग को सफलतापूर्वक बढ़ावा दिया, जिससे अगली पीढ़ी को रचनात्मक रूप से सोचने और प्रभावशाली तकनीकी समाधानों को अपनाने की प्रेरणा मिली।

## कांग्रेस के लिए संविधान बचाओ रैली गौरव और संकल्प का अवसर बना : कमलेश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** संविधान बचाओ रैली की सफलता के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी प्रिंट इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों को, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष,कार्यकारी अध्यक्ष,मंत्री,पूर्व मंत्री, सांसदों पूर्व सांसदों,विधायक,पूर्व विधायक, बोर्ड,निगम,आयोग के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सदस्य, जिला, प्रखंड,पंचायत अध्यक्ष, अग्रणी मोर्चा संगठन विभाग के अध्यक्ष, पदाधिकारी, एआईसीसी सदस्य प्रदेश प्रतिनिधि को पत्र लिखकर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ रैली झारखंड प्रदेश कांग्रेस के लिए गौरव और संकल्प का अवसर बना। यह रैली न केवल संगठन की शक्ति और एकता का प्रतीक बनी, बल्कि झारखंड की धरती से संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का सशक्त संदेश देश भर में गया। हजारों कार्यकताओं एवं जनमानस की भागीदारी ने रैली को जनांदोलन का स्वरूप दिया। इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता में संगठन एवं मीडिया के साथियों ने अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है, इसके लिए उन सभी को हृदय की गहराइयों से धन्यवाद एवं साधुवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि आप सभी के सामूहिक प्रयासों से ही रैली जन-जन की आवाज बन सकी भविष्य में भी इसी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ हम सब मिलकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा हेतु संघर्षरत रहे यही अपेक्षा करता हूं। संगठन के सदस्यों की प्रतिबद्धता मेहनत और संगठित प्रयासों ने सुनिश्ति कर दिया कि कांग्रेस पार्टी आज भी लोकतंत्र और संविधान के मूल्य की सच्ची प्रहरी है। कांग्रेस के संदेश हर जिले प्रखंड मंडल पंचायत टोले तक पहुंचे यही हमारा लक्ष्य है और निश्ति रूप से आपके सहयोग से हम इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई लाजमी : अहमद

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम हमले का मुंहतोड़ जवाब पाकिस्तान को भारत की ओर से दिया गया और यह सबक बेहद लाजमी था, क्योंकि जब तक समय रहते आप उसका जवाब नहीं देते आपको कमजोर समझ जाता है। देश के लोगों में पहलगाम के घटना से और इस जवाब से भारतवासियों को दिली सुकून मिला है। भारतीय सेना हर मोर्चे पर सफल हो हम भारतवासी यही कामना करते हैं और देश का आन बान शान बरकरार रहे आतंकवादियों को जवाब मिलना ही चाहिए और यह माकूल समय है देश को इससे पीछे नहीं हटना चाहिए।

## किसी भी संस्थान का प्रतिबिंब होती है शोध पत्रिका : डॉ टीके शांडिल्य

- डीएसपीएमयू में पहले साइंस जर्नल का लोकार्पण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के प्रशासनिक भवन में बुधवार को विज्ञान संकाय के पहले साइंस जर्नल का लोकार्पण कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने किया। इस शोध पत्रिका या साइंस जर्नल में विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के सभी विभागों के प्राध्यापकों के वैज्ञानिक विषयों से संबंधित विभिन्न शोध आलेख समाहित है। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की शोध पत्रिका उस विश्वविद्यालय का प्रतिबिंब होती है। जिसमें वहां के शिक्षाविदों के विशिष्ट विषयों पर विचार अंतर्निहित रहते हैं। अगर हम विभिन्न संकायों की बात करे तो सामाजिक संकाय, विज्ञान संकाय और मानविकी संकाय के जर्नलों के माध्यम से प्रत्येक विषय से संबंधित शोध आलेख प्रकाशित किए जाते है जो न ज्ञान का स्त्रोत होती हैं बल्कि शोध के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए एक मार्गदर्शक का कार्य करती है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही विश्वविद्यालय के द्वारा सामाजिक संकाय और मानविकी संकाय के जर्नल प्रकाशित किए जाने है। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने भी जर्नल के प्रकाशन पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित डीएसपीएमयू जर्नल ऑफ नेचुरल साइंसेज, पत्रिका के मुख्य संरक्षक कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, संरक्षक, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, मुख्य संपादक, डीन, साइंस डॉ ईश्वरी प्रसाद गुप्ता, संपादक, डॉ शालिनी लाल और प्रबंधकीय संपादकों में डॉ खुर्शीद अख्तर और डॉ जेपी शर्मा के साथ पत्रिका के संपादकीय सदस्यों में विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागों के शिक्षक शामिल है। इस इस जर्नल का प्रकाशन वर्ष में दो बार किया जाना है। आज लोकार्पण के मौके पर उपरोक्त सभी संपादकीय सदस्यों के साथ इस जर्नल में प्रकाशित सभी शिक्षकों की मौजूदगी रही। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

## अनुकरणीय है राष्ट्र सेवा के प्रति रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का समर्पण : कृष्ण मुरारी गिरि

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के सेवानिवृत्त प्रबंधक व समाजसेवी कृष्ण मुरारी गिरि ने कहा है कि राष्ट्र सेवा के प्रति रांची संसदीय क्षेत्र के सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का समर्पण सराहनीय है। उन्होंने कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र में श्री सेठ के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि चहुंओर विकास की बयार बह रही है। जन समस्याओं का त्वरित निदान श्री सेठ की प्राथमिकताओं में शामिल है।

श्री गिरि ने कहा कि रक्षा राज्य मंत्री के रूप में श्री सेठ द्वारा विभिन्न अवसरों पर देश के सैनिकों का उत्साहवर्द्धन किया जाना प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में श्री सेठ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के प्रति उनकी सक्रियता की चहुंओर सराहना की जाती है। जनहित में उनके द्वारा किए जा रहे कार्य मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

रांची एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी और एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए जमीन अधिग्रहण मामले में सेना और एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहित जमीन का सर्वे कराने में भी श्री सेठ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्री गिरि ने कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए सर्वसुलभ जनप्रतिनिधि के रूप में श्री सेठ ने अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। केंद्र सरकार में रक्षा राज्य मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद को सुशोभित करते हुए वह अपने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जन समस्याओं के समाधान के प्रति भी सदैव तत्पर रहते हैं। इसी खासियत के कारण रांची संसदीय क्षेत्र की जनता के बीच वे खासे लोकप्रिय हैं।

# हर जुबां पर पहलगाम हमले का बदला व भारत की जय जयकारा



तिरंगा लिए भारत की जयकारा करते शिक्षक व छात्र।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारत का ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक व फुलवामा आतंकी हमला की ली गई भारत का बदला पर क्षेत्र के लोगों द्वारा हर्ष जताया गया है। वहीं भारत के इस कार्रवायी का सरहाना करते हुए लोग गर्व की अनुभूति भी कर रहे हैं। इधर एसबी इंटार कॉलेज व झारखंड पब्लिक स्कूल मनातु ओरमांझी के छात्र-छात्राओं द्वारा भारत व भारतीय सेना की पराक्रम पर तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारा लगाए गए। कालेज के निदेशक बिरेंद्र बंशवार, प्रचार्य संजय सिंह सहित शिक्षकों के साथ कालेज के एनसीसी कैडेट व छात्र-छात्राएं सभी उर्जा से भरे भारत की जयकारा लगा रहे थें। वहीं सभी विद्यार्थियों को युद्ध की स्थिति पर सरकार के निदेर्शों को पालन करने व किस प्रकार अपने आप को सुरक्षित रखते हुए दूसरों को मदद करने आदि की जानाकरी दी गई। वहीं जिला में हुए माक ड्रिल में शामिल होने का अवसर मिलने वाले कालेज के एनसीसी कैडेट छात्र-छात्राओं को बाधाई देते हुए विदाई दी गई। इसके अलावे बुधवार को हर तरफ भारत की पराक्रम व पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने पर हुई स्ट्राइक की ही चर्चा होती रही। सुबह अखबार के पन्नों पर जैसे ही पहलगाम हमले की समाचार पर नजरे पड़ी, भारत का पहलगाम की बदला का समाचार देख जैसे लोगा खुशी से झुम पड़े हो। हर जूबां पर भारतीय सेना व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरहाना कर लोग एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर : सेना की कार्रवाई से हर भारतीय गौरवान्वित : विनय महतो



सिल्ली। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से हर भारतीय गौरवान्वित किया है। हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है।यह बात भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कही है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के नौ ठिकानों को मिसाइल से नष्ट कर दिया है। इस अभियान का नाम ऑपरेशन सिंदूर दिया गया है। भारतीय सेना के कारवाई पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी।यह हत्या आतंकवादियों के द्वारा की गई थी। कल रात भारतीय सशस्त्र बलों ने अपनी वीरता और बहादुरी का प्रदर्शन किया और एक नया इतिहास रच दिया है। पहलगाम घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री एवं गृह मंत्री ने कहा था कि इसका जवाब दिया जाएगा जो भी आतंकी इस घटना में शामिल हैं उसे खत्म दिया जाएगा। प्रधानमंत्री के निर्देश पर भारतीय सशस्त्र बलों ने सटीकता एवं सतर्कता के साथ जो कारवाई की है इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ साथ भारतीय सेना को बहुत बहुत बधाई देता हूं।

## अज्ञात अपराधियों ने बंद घर को बनाया निशाना
# रातू के पिर्रा आस्थापुरम में भीषण चोरी

- पलामू जपला गये हैं लोग
- लाखों की संपत्ति गायब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के पिर्रा आस्थापुरम में अपराधियों ने बीती रात बंद घर को निशाना बनाकर सीसीएल कर्मी सुरेश तिवारी के यहां भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसमें उन्हें लॉकर व अलमारी में रखे करीब 50 हजार नकद समेत 3 लाख के जेवरात तथा कई कीमती सामान हाथ लगी। तिवारी परिवार शादी समारोह में भाग लेने पलामू के पैतृक गांव जपला गये हुये हैं। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि अपराधकर्मी गेट में लगे ताले को तोड़कर अंदर घुसे। इसके उपरांत, दरवाजे को साबल से क्षतिग्रस्त कर सभी कमरे की तलाशी ली, जिसके कारण सामान बिखरे पड़े हैं। पड़ोसियों ने श्री तिवारी को इसकी टेलीफोनिक सूचना दे दी है। उनके आने के बाद ही नुकसान का आकलन कर रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी।


**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

**आम सूचना**

राज्यान्तर्गत 18 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत् सुधार, महिला सशक्तिकरण, उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करने हेतु "झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजनान्तर्गत लाभार्थियों को माह दिसम्बर, 2024 से प्रतिमाह रूपये 2,500/– (दो हजार पाँच सौ) की दर से आर्थिक सहायता राशि का भुगतान किया जा रहा है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड के संकल्प ज्ञापांक– 922, दिनांक– 26.03.2025 के आलोक में इस योजना के लाभुकों को माह अप्रैल, 2025 से निम्नरूपेण भुगतान किया जाना है :–

1. आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता हो।
2. माह मार्च, 2025 के पश्चात् लाभुकों को केवल आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता के माध्यम से ही आर्थिक सहायता राशि का भुगतान किया जायेगा।

अतः उपरोक्त के आलोक में राँची जिला अन्तर्गत इस योजना से आच्छादित सभी लाभार्थियों से अनुरोध किया जाता है कि वह संबंधित बैंकों से सम्पर्क स्थापित कर अपने सिंगल बैंक खाता को आधार के साथ लिंक्ड (Seeding/Mapping) कराना सुनिश्चित करेंगे। आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता नहीं होने की स्थिति में संबंधित लाभार्थियों का भुगतान बाधित हो सकता है।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची

PR 351845 (Ranchi)25-26*D


## रातू : पुलिस ने धारक को मोबाइल सौंपा



**रातू।** पुलिस ने विभाग के तकनीकी सेल की मदद से मोबाइल बरामद कर धारक चिपरा के अरुण तिवारी को थाने बुलाकर सौंप दिया। श्री तिवारी पोस्ट मास्टर हैं। वह फिलहाल पिर्रा में परिवार के साथ रहते हैं। अवर निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि 21 अप्रैल 25 को ड्यूटी से घर लौटने के दौरान चट्टी के समीप उनका मोबाइल गुम हो गया था। इसे लेकर भुक्तभोगी की ओर से थाने में गुमसुदगी का संहा दर्ज कराया गया था।

## ससुराल में विवाहिता की संदिग्ध मौत पिता ने पति पर लगाये गंभीर आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के मांझी टोला में एक 26 वर्षीय विवाहिता मीनाक्षी देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।जानकारी के अनुसार मीनाक्षी की शादी आठ साल पहले रौनक अधिकारी के साथ हुई थी। मृतका के पिता लालधारी माझी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए इसे हत्या करार दिया है और अपनी बेटी के ससुरालवालों पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही रौनक द्वारा मीनाक्षी को प्रताड़ित किया जाने लगा था। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रिपोर्ट आने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। ससुराल पक्ष का कहना है कि मीनाक्षी ने रात को सामान्य रूप से खाना खाया और सोने चली गई थी। रौनक किसी पारिवारिक भोज से देर रात लौटा और सुबह उठने पर मीनाक्षी को मृत पाया।तमाड़ थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच प्राथमिकता से की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मृतका के पिता ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सुदेश महतो से की मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नव निर्वाचित अध्यक्ष व प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को सिल्ली स्थित आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय में पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो से औपचारिक मुलाकात की। सुदेश कुमार महतो ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद एवं पुरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए मजदूर हित में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते किया। वहीं नव निर्वाचित अध्यक्ष ने सुदेश कुमार महतो को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में आने का निमंत्रण दिया जिसे सुदेश महतो ने सहर्ष स्वीकार किया। इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, केंद्रीय सचिव गौतम कृष्ण साहू, सुशील महतो, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी आदि उपस्थित थे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर लोगों ने की आतिशबाजी



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद लोगों में खुशी की लहर है.मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी के नेतृत्व में लोगों ने डकरा भूतनगर में आतिशबाजी की। एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। इस मौके पर पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे भी लोगों ने लगाया। मौके पर अब्दुल्ला ने कहा कि आज पहलगाम में अपनों को खोने वाले पारिवारिक जनों को राहत मिली होगी। जब आतंकियों के ठिकानों पर भारतीय सेना ने हमला किया। जिन कायर आतंकियों ने बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, ऑपरेशन सिंदूर से उन्हें ठंडक मिली होगी। देश की सेना को धन्यवाद करना चाहूंगा, जिन्होंने पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का नाम दुनिया के नक्शे से ही मिट जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए कहा कि 140 करोड़ भारतीय भारतीय सेना के साथ खड़ी है। इस मौके पर अरविंद कुमार, बिरजू ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, अशोक सिंह, कृष्णा सिंह, अमजद खान, सदाम अंसारी, सोनू ठाकुर, सुजीत ठाकुर, सलामत अंसारी, नोनिया आदि शामिल थे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शिक्षा मंत्री ने आधारभूत संरचना विकास कार्य का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय अनगड़ा में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण एवं विकास कार्य का शिलान्यास बुधवार को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन एवं खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों का भव्य तरीके से स्वागत किया एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। स्वागत गीत, नृत्य और संगीत की शानदार प्रस्तुतियों ने अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया शिलान्यास के अवसर पर अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि लगभग 5 .77 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस योजना के तहत विद्यालय को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवासीय सुविधा प्राप्त हो सके। वहीं विशिष्ट अतिथि विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि राज्य सरकार स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह परियोजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार का उद्देश्य बच्चों को एक सुरक्षित, समुचित एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज तिर्की ने किया एवं समापन विद्यालय की वार्डन बबिता महतो के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।


**जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय,गुमला**
**(जिला आयुष समिति, गुमला)**
**सदर अस्पताल कैम्पस, जशपुर रोड गुमला, पिन कोड – 835207**

पत्रांक :–............../आयुष | गुमला, दिनाक :– ................

**–कार्यालय आदेश–**

जिला आयुष समिति, गुमला के अधीनस्थ जिलान्तर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/स्वास्थ्य उपकेन्द्र/राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय/ जिला संयुक्त औषधालय हेतु योग प्रशिक्षक पारिश्रमिक के आधार पर रखा जाना है। योग प्रशिक्षक का चयन हेतु दिनांक – 26.05.2025 एवं 27.05.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से walk –In-Interview का सिविल सर्जन कार्यालय, गुमला के सभागार में निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थियों से निम्नलिखित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र0सं0 | पद का नाम | पद की संख्या | आवश्यक आहर्ता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | योग प्रशिक्षक (पुरूष/महिला) | पुरूष – 33 महिला – 13 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट बोर्ड/प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड योग प्रशिक्षक | योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सत्र के लिए रू 250/– प्रति योग सत्र देय होगा। |

योग प्रशिक्षक के walk –In-Interview की प्रखण्डवार सूची।

| दिनांक :– 26.05.2025 पूर्वाह्न 10:00 बजे से | दिनांक :– 27.05.2025 पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
|---|---|
| प्रखण्ड :– गुमला, घाघरा, डुमरी, चैनपुर, एवं भरनो | प्रखण्ड :– बिशुनपुर, सिसई, रायडीह, बसिया, पालकोट एवं कामडारा, |

**सामान्य जानकारी एवं निर्देश :–**

1. भर्ती के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मापदण्ड/तथ्यों को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
2. साक्षात्कार हेतु विहित प्रपत्र में वांछित सभी तरह के प्रमाण पत्रों को स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो (02 प्रति) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे साथ ही साथ प्रमाण पत्रों की मूल प्रति अभ्यर्थी अपने साथ रखेंगे।
3. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
4. उम्मीदवार को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नही किया जाएगा, अगर भविष्य में नियमितीकरण का दावा करते है तो वैसी स्थिति में उनकी उम्मीवारी समाप्त कर दी जाएगी।
5. कार्य दिवस/योग सत्र आयुष मंत्रालय , भारत सरकार के द्वारा दिये गये मार्ग–दर्शिका के अनुरूप होंगी।
6. प्रत्येक योग सत्र दो घण्टे का होगा।
7. प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (विज्ञापन के साथ संलग्न) में योग/अन्य Wellness Activities का कम से कम 10 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जायेगा।
8. स्थानीय प्रमाणित (Certificate) योग प्रशिक्षक का सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जाएगी। जिस हेतु स्थानीय प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। गुमला जिला के स्थानीय अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
9. यदि एक से अधिक अभ्यर्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति में योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।
10. आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर आयुष के 5–10 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
11. योग/अन्य wellness Activities के लिए आयुश्मान आरोग्य मंदिर में निर्धारित जगह चिन्हित की जाएगी। यदि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जगह उपलब्ध नहीं होगी वैसी स्थिति में निकटतम स्कुल, पंचायत भवन, आंगबाड़ी केन्द्र या अन्य सरकारी सामुदायिक भवन में योग/अन्य wellness Activities के लिए जगह निर्धारत किया जा सकता है।
12. इस विज्ञापन में टंकक अशुद्धि/संशोधन आदि आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
13. अधिक जानकारी के लिए www.gumla.nic.in पर अपेपज करें।

PR 351873 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला | सिविल सर्जन, गुमला


## ब्लड बैंक खुलने के बाद भी मरीज सुविधा से हैं वंचित



**सिल्ली।** सिल्ली सीएससी में ब्लड बैंक खुलने के बाद भी वर्षों से बंद पड़ा है। आलम यह है कि आपातकाल में ब्लड की जरूरत पड़ने पर लोगों को निजी अस्पताल जाना पड़ता है। इससे मरीजों व परिजन को काफी परेशानी होती है। ज्ञात हो कि सिल्ली के पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो के प्रयास से सिल्ली सीएससी में मरीजों की परेशानी को देखते हुए साथ स्थानीय ग्रामीणों के मांग पर वर्ष 2019 के जुलाई माह में 20 यूनिट क्षमता वाले ब्लड बैंक का शुभारंभ गया था। वहीं अस्पताल में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तत्कालीन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नीलम टोप्पो को सम्मानित भी किया गया था। परंतु कुछ दिनों बाद ही ब्लड बैंक बंद हो गया। वर्तमान में ब्लड स्टोरेज यूनिट मशीन भी खराब हो रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रियंका सिंहा ने कहा समुचित व्यवस्था के अभाव के कारण ब्ल्ड बैंक बंद है। ब्लड बैंक के लिए अलग से चिकित्सक, टेक्नीशियन के साथ साथ ब्लड रखने के लिए प्रयाप्त कमरे भी नहीं है। इस दिशा में विभाग को कई बार पत्राचार किया जा चुका है। परंतु विभाग कि ओर से कोई पहल नहीं किया गया है।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार व्यक्ति को अपनी चपेट में लिया,गंभीर रूप से घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के लपरा मुख्य पथ पर ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को अपने चपेट में लिया, गंभीर रूप से घायल रिम्स रेफर।

जानकारी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज थाना के तरफ से चंदवा की ओर जा रही बिना नम्बर का ट्रैक्टर ने सप्ताहिक बुद्ध बजार कर चीनाटाँड घर लौट रहे बाइक सवार संजय गंझू को चपेट में ले लिया। ट्रैक्टर के चपेट में आने से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में ग्रामीणों के मदद से डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल पहुँचाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया। घायल संजय गंझू राजमिस्त्री का कार्य दिहाड़ी मजदूरी में करता था।


**कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा**
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**
**सूचना संख्या – 01/2025-26**

जिला परिषद सिमडेगा में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से दो लिफाफा पद्धति अंतर्गत मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1 विभाग का नाम :–जिला परिशद सिमडेगा
2 विज्ञापन दाता का नाम :–जिला अभियंता, जिला परिशद, सिमडेगा।
3 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–20.05.2025 से 27.05.2025 तक (कार्यालय अवधि में अपराह्न 2:00 बजे तक
4 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–28.05.2025 (पूर्वाह्न 11.00 बजे से 1:30 बजे अपराह्न तक)
5 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–29.05.2025 (अपराह्न 2:30 बजे )
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :–कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
7 निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
8 कार्य विवरणी :–

| ग्रुप/क्र.सं. | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड जलडेगा के ग्राम पंचायत टाटी के ग्राम बड़ीबृंगा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 2 | प्रखण्ड जलडेगा के ग्राम पंचायत कुटुंगिया के ग्राम रामजड़ी अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 3 | प्रखण्ड बांसजोर के ग्राम पंचायत कोम्बाकेरा के ग्राम रोबगा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 4 | प्रखण्ड कुरडेग के ग्राम पंचायत बड़कीबिउरा के ग्राम बड़कीबिउरा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 5 | प्रखण्ड कुरडेग के ग्राम पंचायत कुरडेग के ग्राम छोटकीबिउरा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 6 | प्रखण्ड सिमडेगा के ग्रामपंचायत जोकबहार के ग्राम बेलगढ़ अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 7 | प्रखण्ड सिमडेगा के ग्राम पंचायत गरजा के ग्राम गरजा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 8 | प्रखण्ड ठेठईटांगर के ग्राम पंचायत घुटबहार के ग्राम घुटबहार अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 9 | प्रखण्ड ठेठईटांगर के ग्राम पंचायत कोनमेंजरा के ग्राम कोनमेंजरा अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 10 | प्रखण्ड ठेठईटांगर के ग्राम पंचायत टुकूपानी के ग्राम टुकूपानी अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 11 | प्रखण्ड केरसई के ग्राम पंचायत किनकेल के ग्राम किनकेल अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (PHC) भवन निर्माण कार्य । | 1,43,00,000.00 | 7,15,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |

निविदा शर्तें www.simdega.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, सिमडेगा के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, जिला परिषद, सिमडेगा।

PR 351898 Simdega(25-26)D


## जवाबी हमले का क्षेत्र के बुद्धिजीवी और सामाजिक लोगों ने जोरदार स्वागत किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर/चान्हो।** पहलगाम में पिछले 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान एवं पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर किए गए सटीक और निर्णायक हमले का क्षेत्र के बुद्धिजीवी और सामाजिक लोगों ने जोरदार स्वागत किया है। लोगों का मानना है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध भारत की जीरो टॉलरेंस नीति राष्ट्र के स्वाभिमान की रक्षा के प्रति अडिग संकल्प और भारतीय सेना की अदम्य वीरता का प्रतीक है। यह अभियान स्पष्ट करता है कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्र की गरिमा के साथ किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं करेगा। सेना ने इस ऑपरेशन के तहत सीमापार आतंक के अड्डों को निशाना बनाकर उन्हें ध्वस्त किया।



जब देश की बात है तो आपसी बैर भूल कर हम सब भारतीय एक है। पाकिस्तान को ऐसा जवाब पहले ही देना चाहिए था। अच्छा जवाब, पाकिस्तान भारत की तरफ बुरी नजर करने की हिम्मत ना करे।
**रबुल अंसारी, समाजसेवी, मांडर**



पाकिस्तान को पुलवामा के समय ही सबक सिखा देना चाहिए था ताकि वह भारत की तरफ नजर उठाने की जुर्रत ना करता। खैर देर से ही सही लेकिन भारत मने सही कदम उठाया। इसके लिए भारत सरकार और सेना के जवानों को सलाम।
**आदिल अजीम, जिप सदस्य, चान्हो**



भारतीय सेना बधाई के पात्र है। हमारे जांबाज जवानों ने बतला दिया कि अगर कोई हमारे देश के सीमा के साथ छेड़छाड़ करेगा तो उसे मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।
**नुरुल्लाह हबीब नदवी, सदर, मांडर अंजुमन**



भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत आतंकवाद और जिहादी उन्माद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। हमें अपनी सेना पर गर्व है। जिसने सीमापार आतंक के गढ़ों को नष्ट कर देशवासियों का मनोबल ऊँचा किया है।
**वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मो मोजिबुल्ला**

खबर मन्त्र

रांची. गुरुवार. 08 मई 2025



# जय, हिंद की सेना

देश पर हुये आतंकी हमले का जबाव भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी प्रशिक्षण केन्द्रों को ध्वस्त करके दे दिया। पूरा देश इस कार्रवाई का इंतजार कर रहा था। लगभग 100 से अधिक पाकिस्तान प्रशिक्षित आंतकी हमला देश झेल चुका है। इस कार्रवाई के पूर्व भी सर्जिकल स्ट्राइक हो चुका है लेकिन इस बार जबाबी कार्रवाई पिछली कार्रवाई से अधिक सख्त और योजनाबद्ध है। पूरे विश्व को इस विश्वास में लिया गया भारत आंतकी हमले से त्रस्त है। भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में काफी संयम दिखाया है। हालांकि, भारतीय सशस्त्र बल पाकिस्तानी दुस्साहस का जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, अगर कोई ऐसा होता है जो हालात को बढ़ा सकता है। आतंकी शिविरों पर हमले सटीक क्षमता के माध्यम से किए गए, जिसमें विशेष टेक्नॉलजी हथियारों का उपयोग किया गया और वारहेड का सावधानीपूर्वक चयन किया गया जिससे कोई कोलेटरल नुकसान न हो। हरेक टारगेट का लक्ष्य स्पेसिफिक इमारत या इमारतों का समूह था, उन्होंने कहा कि सभी टारगेट्स को पूरी क्षमता के साथ तबाह कर दिया गया।किसी भी सैन्य ठिकानों को लक्षित नहीं किया गया। अब तक कोलेटरल नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर भारत ने पहलगाम जैसे सीमापार हमलों पर जवाब दिया है। पहलगाम हमले के 15 दिन बीत जाने के बाद भी पाकिस्तान की ओर से अपनी धरती पर या अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र में आतंकवादी ढांचे के खिलाफ प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी मॉड्यूल की हमारी खुफिया निगरानी ने संकेत दिया कि भारत के खिलाफ और हमले होने वाले हैं। पूरा विश्व आज भारत के साथ खड़ा है अगर पाकिस्तान कोई कार्रवाई करता है तो भारत उस स्थिति के लिये तैयार है।

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क :** राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मकर :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पाकिस्तान प्रयोजित आतंक पर भारत का सटीक प्रहार

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में 22 अप्रैल को जो हुआ, उसे दुनिया ने देखा और हर देशभक्?त की आंखें उस दिन नम थीं अपने भारतीय नागरिकों के लिए। देशभर से एक ही आवाज उठ रही थी कि पाकिस्?तान के इस आतंकपरस्?त कदम का भारत सटीक जवाब दे। इसके बाद जिस तरह से कूटनीतिक स्?तर पर मोदी सरकार ने एक के बाद एक कदम आगे बढ़ाए और अंतिम कदम के रूप में यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) की मीटिंग में पाकिस्तान से जैसे तीखे सवाल किए गए, जिनके जवाब देते उसे नहीं बना। उसके बाद सीधे भारत का पाकिस्तान में नौ जगहों पर मिसाइलों से हमला करना आज यह बताने के लिए प्रयाप्त है कि भारत अब अपने हितों के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। यदि कोई उसे आंख दिखाएगा तो उन आंखों को फोड़ देने में उसे देर नहीं लगनेवाली है।

वास्तव में आज भारतीय सेनाओं की आतंकवाद के विरोध में की गई यह सयुक्त कार्रवाई प्रत्येक भारत वासियों को आत्म गौरव से भर रही है। वैसे भी पराक्रम का स्वभाव ही है कि वह उत्साह से भर देता है। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा ही था कि आतंक को इस बार ऐसा जवाब दिया जाएगा जो कल्पना से परे होगा और आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा और वही हुआ। इस हमले में भारत ने 100 से ज्यादा आतंकियों को मारा है। इसके साथ ही भारत ने एक संदेश यह भी दिया है कि यदि पाकिस्तान ने फिर से कोई कायराना हरकत की तो भारत पुनः इस तरह का कदम उठाएगा।

इसके साथ ही भारत के ऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल स्ट्राइक पर अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप की ने जो प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले रूस का भारत को समर्थन देना हो या यूरोपियन देशों समेत कई मुस्लिम देशों से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भारत को साथ मिलना हो, यह सभी कदम पूरी तरह से भारत के पक्ष में जाते हैं। दूसरी ओर पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने पुष्टि की है, भारत ने मुजफ्फराबाद, कोटली और बहावलपुर में हमले किए हैं। जब एक दिन पहले यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) में पाकिस्तान से पूछा जा रहा था कि क्या पहलगाम अटैक में लश्कर-ए-तैयबा शामिल था? तब इस




प्रश्न का कोई जवाब पाकिस्तान नहीं दे पाया था। दूसरे ही दिन भारत ने इसका उत्तर आतंक पर मिसाइलें दाग कर दे दिया।


- डॉ मयंक

> ऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल स्ट्राइक से पूर्व भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट कर संकेत साफ दे दिया था कि अब वह कुछ बड़ा करने जा रही है। इसमें लिखा ही था, प्रहाराय सन्निहिताः, जयाय प्रशिक्षिताः मतलब साफ था कि पहलगाम हमले का बदला आज ही लिया जाएगा। और वह अब ले लिया गया है।

वस्तुतः भारतीय सेना ने पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया है। मुरीदके में लश्कर ए तैयबा के हेडक्वार्टर पर हमला किया। मुरीदके में ही लश्कर का मरकज-ए-तैयबा परिसर है, जहां आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा भारत ने मुजफ्फराबाद में बिलाल मस्जिद और कोटली में अब्बत मस्जिद को निशाना बनाया है। फिर मुजफ्फराबाद में हिजबुल मुजाहिद्दीन के अड्डे को निशाना बनाया। इसी तरह से कोटली में टेरर कैंप, भिंबर में टेरर लॉन्च पैड, गुलपुर में टेरर लॉन्च पैड, चक अमरू में टेरर लॉन्च पैड और सियालकोट में आतंकी कैंप को निशाना बनाया है।

इसे यदि और गहरी स्पष्टता के लिए समझें तो मरकज सुब्हान अल्लाह, बहावलपुर - जैश-ए-मोहम्मद का प्रमुख अड्डा। सरजल, तेहरा कलां - जैश-ए-मोहम्मद का दूसरा अड्डा। मरकज अब्बास, कोटली - जैश-ए-मोहम्मद का तीसरा आतंकी ट्रेनिंग स्थान। सैयदना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद - जैश-ए-मोहम्मद के चौथे स्थल। मरकज तैयबा, मुरीदके - लश्कर-ए-तैय्यबा का प्रमुख स्थान। मरकज अहले हदीस, बरनाला - लश्कर-ए-तैय्यबा का दूसरा प्रमुख स्थल। शावई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद - लश्कर-ए-तैय्यबा का तीसरा बड़ा प्रमुख आतंकी अड्डा। महमूना जोया, सियालकोट - हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकी ट्रेनिंग स्थल और मस्कर राहील शाहिद, कोटली - हिजबुल मुजाहिद्दीन का दूसरा बड़ा आतंकी स्थल है, जहां पर यह भारत की एयर स्ट्राइक की गई है।

कुल मिलाकर यहां जो स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है, वह है कि भारतीय सेना ने जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिद्दीन और लश्कर-ए-तैयबा जैसे तीन प्रमुख आतंकवादी संगठनों के ठिकानों पर सटीक हमला किया है, जिसमें इन आतंकी संगठनों के ठिकाने बहुद हद तक तबाह हुए हैं। पूरी कार्रवाई भारतीय सशस्त्र बलों ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न नाम से की है। भारतीय सेनाओं के संयुक्?त बयानों से यह स्?पष्?ट कर दिया गया है कि पाहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेते हुए, इन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है। ये वही ठिकाने हैं, जहां से भारत पर आतंकी हमलों की साजिश रची जा रही थी और उन्हें अंजाम दिया जा रहा था। भारत अपने ऊपर होने वाले किसी भी वार को नहीं सहेगा, ब्लकि उसका कठोरतम तरीके से जवाब देता रहेगा।

यहां यह भी देखने में आया ही कि ऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल स्ट्राइक से पूर्व भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट कर संकेत साफ दे दिया था कि अब वह कुछ बड़ा करने जा रही है। इसमें लिखा ही था, प्रहाराय सन्निहिताः, जयाय प्रशिक्षिताः मतलब साफ था कि पहलगाम हमले का बदला आज ही लिया जाएगा। और वह अब ले लिया गया है। वहीं, भारतीय सेना का यह कहना कि ह्यपाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया, आतंकी ठिकाने को निशाना बनाया गया है। यह स्पष्ट कर देता है कि भारत की लड़ाई किसी देश से नहीं, सीधे आतंकवाद के विरोध में है। फिर भी यदि पाकिस्तान की तरफ से कुछ भी भारत के विरोध में कोई बड़ा कदम उठाया जाता है तो भारत की तरफ से संकेत साफ है कि इससे भी भयंकर अटैक भारत अपनी ओर से करने के लिए तैयार है। निःसंदेह जिनसे बचना पाकिस्?तान के लिए कहीं से भी संभव नहीं होगा।

इसके साथ ही आज की कार्रवाई पहलगाम में आतंकी हमले के वक्त आतंकवादियों की भारतीय प्रधानमंत्री के नाम संपूर्ण भारत की संप्रभुता को दी गई उस चुनौती को भी याद दिलाती है। जिसमें पुरुष पर्यटकों को धर्म देखकर गोली मारते वक्त इन आतंकियों ने कहा था कि 'मोदी को बता देना।'

तो जो बताने के लिए कहा गया, वास्तव में यह उस संदेश का एक छोटा-सा किंतु बहुत मुखर और प्रभावी जवाब है। यदि अब भी पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर जिहाद और आतंकवाद को भारत के विरोध में इस्तेमाल करता है, तो आज की भारत की कार्रवाई से आप यही मान सकते हैं कि आगे भारत आतंक के विरोध में बहुत बड़ा कदम उठाएगा।

## लेटर टू एडिटर

### आतंक का मुकाबला

**शहीद** नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी ने उनके जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाकर देश को संदेश दिया कि आतंकवादियों को तो उनके किए की सजा मिलनी चाहिए। कुछ राजनेता आतंकी घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। आतंकवादियों को सजा तो मिले, परंतु गंगा- जमुनी संस्कृति के संरक्षण के साथ हमें आतंकवाद का डटकर मुकाबला करना है।

**-अनिल रांची**

### समता का संदेश

**लेखक,** स्वयं एक शिक्षाविद् होने के नाते, भारत के संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन व विचारों से समाज को अवगत करवा रहे हैं। उनके द्वारा प्रेरणादायक लेख और शिक्षाएं समाज के मार्ग को आलोकित करती हैं। साथ ही, बाबा साहेब अंबेडकर के सपनों का भारत बनाने की दिशा में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर किया जाना चाहिए।

**- अश्विनी सिंह, रांची**

## ट्वीट

**उत्तम** चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन संपदा आदि वसुधा के समस्त वैभव नैतिकता, सुसंस्कार एवं अच्छे चरित्र के अभाव में बेकार है।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

**भारत** की सेना के हाथों लताड़ खाने के बाद पाकिस्तान सोशल मीडिया पर झूठ और भ्रम फैला रहा है कि भारत का राफेल मार गिराया है उसने। ऐसे झूठ से बचिए। सच्चाई ये है कि ऐसे सारे पोस्ट्स में पुराने वीडियो या तस्वीर यूज की गई है.. झूठ फैलाना पड़ रहा है पाकिस्तान को इसी से आप समझ सकते हैं कि सच्चाई क्या है। जय हिंद।

**- सुशांत सिन्हा, पत्रकार**

# ऑपरेशन सिंदूरः बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

सामयिक

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया। 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं।

भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया- ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था।

24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था- रमैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।र प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान और पांच पीओके में हैं।

पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले-बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा-खर्च तक रहा। दो-चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया।

ऐसे में पाक समर्थित आतंकवाद से निपटने के लिए बयानबाजी और डोजियर भेजने का जो तरीका कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया, वो 2014 तक जारी रहा। हर आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह रिएक्ट किया, उससे पूरी दुनिया में यह मैसेज गया कि भारत एक 'सॉफ्ट स्टेट' है। भारत के इस टालू और ठंडे रवैये से पाकिस्तान के हौसले बुलंद हुए। 2004 से 2014 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के शासन में आतंकियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वो जहां चाहते थे आसानी से हमले को अंजाम दे देते थे। उन्हें पता था कि भारत सरकार का रवैया बयानबाजी और कागजी लिखा-पढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं होगा।

वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा नीत एनडीए सरकार का आगमन हुआ। जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के साथ आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करना शुरू किया। जिसका नतीजा यह रहा है कि कश्मीर को छोड़ कर देश के किसी हिस्से में आतंकी घटना की खबर सामने नहीं आई। कश्मीर में स्थानीय लोगों की मदद से आतंकियों और उनके सरगनाओं के हौसले बुलंद हैं। 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद घाटी के हालात तेजी से बदले। उसके बाद से देश में आतंकी घटनाओं का ग्राफ गिरा है।

18 सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर स्थित उरी भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों ने सुबह सवेरे घात लगाकर हमला किया। हमले में हमारे कई जवान शहीद हुए। इस हमले के महज 10 दिन बाद भारतीय जवानों ने 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को पीओके में सीमा के भीतर तीन किलोमीटर अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर डाला। पाकिस्तान को सबक सिखाने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 की शाम करीब तीन बजे सीआरपीएफ के एक काफिले को श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने एयर स्ट्राइक का विकल्प चुना था।

इन दो बड़ी घटनाओं के बाद मोदी शासनकाल में पहलगाम घटना सामने आई है। चूंकि आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदू पुरुषों की हत्या उनकी पत्नी और परिवार के सामने की। आतंकियों ने हिंदू महिलाओं का सुहाग उजाड़ कर उनके माथे के गौरव सुहाग चिह्न सिंदूर को पोंछने का कुकृत्य किया था।

# ऑपरेशन सिंदूर के आगे क्या?

**डॉ. प्रभात ओझा**

सामयिक

**पाकिस्तान** अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के अंदर 6-7 मई की रात भारतीय सेना की कार्रवाई पिछले सभी स्ट्राइक से अलग है। जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, पहलगाम हमला भारत की आत्मा पर हमला है और हम इसका माकूल जवाब देंगे, यह कार्रवाई उसी तरह की है। बहादुर भारतीय सैनिकों ने एक ही साथ नौ स्थानों पर 21 आतंकी ठिकानों को तबाह कर डाला है। इससे पूरा देश संतुष्ट है, उत्साह में है, यूं कहें कि राष्ट्र गौरव से भर उठा है। इस अवसर पर किसी भी भारतीय नागरिक की यह पहली प्रतिक्रिया हो सकती है। सवाल इसके बाद की स्थितियों पर है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी के वक्तव्य को देखा जाना चाहिए, जिसमें वे कहते हैं कि ऐसा कर हमने अपने अधिकार का प्रयोग किया है। वे 25 अप्रैल के संयुक्त राष्ट्र संघ के उस संकल्प को याद करते हैं कि दुनिया से आतंकवाद की समाप्ति के लिए एकजुट और संकल्पबद्ध कार्रवाई की जरूरत है। इससे भी आगे मिसरी ने जो जानकारी दी, वह है कि हमारे देश के अंदर पहलगाम की तरह एक और आतंकी हमला होने वाला था। ऐसा हम अपने उच्चस्तरीय खुफिया सूत्रों के हवाले से कह रहे हैं। ऐसे हमले रोकने के लिए ये कारवाई अत्यंत आवश्यक थी। यानी दुश्मन हमला करे, उसके पहले ही उसकी रीढ़ तोड़ दी जाय।

6-7 मई की रात की कार्रवाई के बाद के सवाल का जिक्र करते समय हमें पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पर नजर डालनी चाहिए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हिफाजत कर सकता है लेकिन भारत रुक जाता है तो हम भी रुक जाएंगे। इससे तो लगता है कि भारत अपनी कार्रवाई को समाप्त घोषित कर दे, तो पाकिस्तान चुप बैठ जायेगा। इसके विपरीत, अन्य बयानों से ऐसा नहीं लगता। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईपीआर) के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने बताया कि भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री के बयान के एक और हिस्से को देखा जाय तो वह भविष्य का संकेत करता है। भारत की ओर से जहां कहा गया कि हमले सिर्फ आतंकी ठिकानों पर ही हुए, वहीं पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का कहना है कि भारत ने अपनी हवाई सीमा से पाकिस्तान पर मिसाइल हमले किए। मिसाइलें नागरिक इलाकों पर गिरीं।

पाकिस्तान जहां एक तफ भारत के रुक जाने पर स्वयं के भी रुकने की बात करता हं, वहीं अपने कथित नागरिक ठिकानों पर हमले की जानकारी से वह दुनिया की सहानुभूति बटोरना चाहता है। हालांकि अभी कई देशों ने यह उम्मीद जताई है कि भारत की इस कार्रवाई के बाद स्थिति सामान्य रहेगी। ऐसे देशों में चीन भी शामिल है, जो भारत-पाकिस्तान, दोनों को अपना पड़ोसी बताकर संयम बरतने की उम्मीद करता है। फिलहाल भारत ने इस कार्रवाई को ह्यऑपे?शन सिंदूरह्न नाम देकर और इसकी जानकारी सेना की दो वरिष्ठ महिला अधिकारियों से दिलाकर एक संदेश दिया है। संदेश साफ है कि पहलगाम में मां, बेटी, बहनों को जो आघात पहुंचा भारत ने उसे अपनी आत्मा पर आघात समझा। अब पाकिस्तान को समझना होगा कि यदि वह और आघात पहुंचाने की सोच रहा है तो और गंभीर खामियाजा भी वही भुगतेगा। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मंत्रिमंडल की विशेष मुलाकात के बहुत गंभीर मायने हो सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं और हिन्दुस्थान समाचार से जुड़े रहे हैं।)

राजधानी रांची का स्मार्ट सिटी धुर्वा सुंदर, बेहतरीन। **अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### परवरिश स्कूल में मनी टैगोर की जयंती



**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल में बुधवार को रवींद्रनाथ टैगोर की 164 वीं जयंती मनी। विद्यालय के निदेशक शैलेंद्र कुमार ने रविंद्र नाथ टैगोर एक महान कवि और लेखक थे। उन्हें गुरुदेव और कवि गुरु भी कहा जाता है। उन्होंने देश का राष्ट्रीय गान जन गण मन की रचना की है। प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह ने कहा कि वे राष्ट्रकवि कवि गुरु और महान दार्शनिक है। इनकी साहित्यिक रचनाओं ने इन्हें और भी महान बना दिया है। इनकी साहित्यिक रचनाओं को और इन्हें हम हमेशा दिल से नमन करते हैं ये हमारे दिल में हमेशा रहेंगे। मौके पर विद्यालय की समन्वयक रश्मि कुजूर, विद्यालय की शिक्षिकाएं कंचन प्रसाद,रजनी कुमारी ,शानू साव,अर्चना कुमारी संगीता कुमारी, आकांक्षा मिश्रा , अंजलि ओझा,प्रियंका यादव,शांति कुमारी,पूजा कुमारी, पूजा सिंह चंचला सिंह, हर्षिता गुप्ता,नीती सोनी आदि उपस्थित थे।

### अग्रसेन स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को विश्व एथलेटिक्स दिवस मना। बच्चों ने दौड़, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद, ऊंची कूद आदि स्पर्धाओं में भाग लेकर तंदुरुस्ती का संदेश दिया। खेल शिक्षक नरेंद्र सिन्हा ने बताया कि विश्व एथलेटिक्स दिवस एथलेटिक्स को बढ़ावा देने और सभी उम्र के लोगों को विभिन्न एथलेटिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। एथलेटिक्स एक ऐसा खेल है जिसमें दौड़ना, कूदना, फेंकना और चलना जैसी विभिन्न शारीरिक गतिविधियां शामिल होती हैं। इसे कई स्वास्थ्य लाभों के लिए भी जाना जाता है। स्कूल के प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि खेलकूद फिजिकल फिटनेस, टीम वर्क, सामंजस्य, खेल के महत्वपूर्ण मूल्यों के साथ-साथ सोशल स्किल्स को बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा चुनौतियों का सामना करने, सहनशीलता और सद्भावना का गुण भी पैदा करता है, जो एक प्रगतिशील समाज के निर्माण में सहयोगी होता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें उचित संसाधन और अवसर देना चाहिए, जिससे वे आगे चलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बन सकें। विभिन्न स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विजय शर्मा, सीमा लकड़ा, रीता राय का योगदान रहा।

### कोयला श्रमिक संघ का पुर्नगठन



भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के क्षेत्रीय कार्यालय बरका-सयाल में बुधवार को उरीमारी परियोजना कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा उपस्थित थे। पुनर्गठित कमेटी में अनिल राम को अध्यक्ष, बिनोद कुमार सिंह को सचिव, सनी कुमार व रितेश पॉल को सह सचिव, बिंदेश्वर प्रसाद व गोकुल प्रसाद को संगठन मंत्री, महेश प्रसाद मेहता को कोषाध्यक्ष तथा बिनोद सिन्हा को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में हरी गंझू, जीतन महतो, अंजय कुमार सिंह और सुनील कुमार का चयन किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने क्षेत्र में चल रहे बायोमैट्रिक हजारी प्रणाली में गड़बड़ी पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि जब तक मशीनें पूरी तरह से सही तरीके से कार्य नहीं करतीं, तब तक मजदूर हजारी नहीं बनाएंगे। उन्होंने इस पर जल्द सुधार की मांग की। बैठक में धर्मेंद्र कुमार, अनिल कुमार, बालेश्वर कुमार, सनी कुमार, कृष्ण कुमार, गणेश भुंइया सहित कई लोग मौजूद रहे।

### ए ला एंग्लाइज स्कूल में कराटे शिविर



भुरकुंडा (रामगढ़)। ए ला एंग्लाइज विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में बुधवार को आत्मरक्षा और सेल्फ डिफेंस के लिए मार्शल आर्ट का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का संचालन मार्शल आर्ट सीतोरियू कराटे कोच सेंसाई कंचन दास द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय की कक्षा 2 के छात्र-छात्राओं को मार्शल आर्ट की बुनियादी तकनीकों से अवगत कराया गया। इस शिविर में 7 वर्षीय ऑरेंज बेल्टधारी नीति कुमारी का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा और उसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। बाकी प्रतिभागी छात्र-छात्राएं सफेद बेल्ट में शामिल थे। मौके पर सेंसाई कंचन दास ने बताया कि इस शिविर में 7 से 10 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 40 बच्चों ने हिस्सा लिया। उन्हें पीटी, बेसिक पंच और किक की विधिवत ट्रेनिंग दी गई। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में खुशी, आयुषी, प्रियम, दिव्यांशी, अंतरा, नताशा, कनक, मिस्टी, महक, आण्वी, अनुष्का, मोहित, अर्पित, नैतिक, हंसराज, अनमोल, अनित, अंशु, आयुष, आदित्य, प्रजल, ओंमकार आदि के नाम शामिल हैं।

# सेना व मोदी को सलाम: सांसद

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई आगे भी जारी रहेगी : जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक किया। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई है, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई थी।

सांसद मनीष जायसवाल ने इस ऑपरेशन की सराहना करते हुए कहा कि इस बार भारतीय सेना ने पीओके के साथ-साथ पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भी टारगेट्स को निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि सेना ने 30 मिसाइलें दागी, जिनमें से 24 के हमले की पुष्टि पाकिस्तान ने की। बावजूद इसके, पाकिस्तान की वायुसेना एक भी मिसाइल को इंटरसेप्ट करने में नाकाम रही। सोशल मीडिया पर जय हिंद और भारत माता की जय के नारों के साथ देशभर में नागरिकों ने सेना के इस पराक्रम की सराहना की। मनीष



जायसवाल ने कहा कि एक दशक पहले की तुलना में आज भारतीय सेना के पास उन्नत हथियार और पूर्ण स्वतंत्रता है। उन्होंने कहा कि भटिंडा में एक संदिग्ध विमान क्रैश की खबर भी आ रही है, जिसे भारतीय सेना द्वारा मार गिराए जाने की संभावना जताई जा रही है। ऑपरेशन सिंदूर ने देशवासियों के भीतर फिर से राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल कर दिया है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।

### आतंकवाद के खिलाफ साहसिक कदम : मनोज

**बरही।** पाकिस्तान में भारतीय सेना द्वारा किए गए सटीक और साहसिक हमले के बाद पूरे देश में खुशी और गर्व का माहौल है। इसी क्रम में बरही विधायक मनोज यादव ने भी इस पर अपनी तीखी और उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस सैन्य कार्रवाई को पाकिस्तान में आधी रात को सूर्योदय जैसा बताया। विधायक श्री यादव ने कहा कि भारतीय सैन्य सेना ने आधी रात को पाकिस्तान की धरती पर सूर्योदय कराया है। यह यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बदली हुई नीति और रणनीति का प्रत्यक्ष उदाहरण है। अब भारत किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए न सिर्फ तैयार है, बल्कि जवाब देना भी जानता है। विधायक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए पाकिस्तान और पीओके में 9



आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि ये वे स्थान थे, जहां से भारत पर हमले की साजिश रची जा रही थी। मनोज यादव ने भी कहा कि कुछ दिन पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दोषियों को यह जवाब सबक के रूप में मिला है, जो भी भारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, उसे अब तुरंत और करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने देश की जनता से अपील की कि इस समय हमें एकजुट होकर सेना और सरकार के इस साहसिक कदम का समर्थन करना चाहिए

# सेविका-सहायिका के चयन की प्रक्रिया जल्द शुरू करें : डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति सुधारने और पोषण योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में पीएम जनमन के तहत उन क्षेत्रों में नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण पर चर्चा की गई जहां केंद्र मौजूद नहीं हैं। इसके साथ ही, स्कूल परिसरों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन पर भी रिपोर्ट मांगी गई। डीडीसी ने अधिकारियों को पोषक क्षेत्रों में केंद्रों को चिन्हित करने और सेविका-सहायिका के चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी



करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, सभी आंगनबाड़ी कर्मियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने और पोषण ट्रैकर ऐप में लाभार्थियों का आधार सत्यापन एवं फेस ऑथेंटिकेशन कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए गए। पीएम मातृ वंदना योजना, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र, पोषण वाटिका सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा हुई। बैठक के अंत में डीडीसी ने लंबित कार्यों को जल्द से जल्द निपटाने और सभी रिपोर्ट निर्धारित समय में प्रस्तुत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति सुधारने के लिए योजनाओं का ठोस क्रियान्वयन बेहद जरूरी है।

### अधिवक्ता भुवन ऋभु को मिला मेडल ऑफ ऑनर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक व प्रख्यात बाल अधिकार अधिवक्ता भुवन ऋभु को वर्ल्ड लॉ कांग्रेस की बैठक में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन (डब्ल्यूजेए) द्वारा प्रतिष्ठित मेडल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। वे यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय वन गए हैं। झारखंड, खासकर रामगढ़ से गहरा नाता रखने वाले ऋभु के संगठन के सहयोगी अग्रगति जिले में बाल अधिकारों के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। अग्रगति के निदेशक किरण शंकर दत्त ने इसे पूरे जमीनी कार्यकताओं का सम्मान बताया और 2030 तक रामगढ़ को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। डोमिनिकन रिपब्लिक में आयोजित इस वैश्विक कार्यक्रम में 70 से अधिक देशों के 1500 से ज्यादा विधिवेत्ता शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट में ऋभु द्वारा दायर 60 से अधिक जनहित याचिकाओं से भारत में बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर कई फैसले आए हैं। क्रेमाडेस ने उनके प्रयासों को भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षा का आधार बताया।

### डीएवी पब्लिक में ओरियंटेशन

**रजरप्पा।** डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में नर्सरी के छात्रों के लिए उनके अभिभावक संग एक ओरियंटेशन



प्रोग्राम हुआ। सीसीएल रजरप्पा के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद एवं सीएसआर के नोडल पदाधिकारी आशीष झा का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। जीएम ने फीता काटकर नर्सरी कक्षा के कक्ष को देखा। बच्चों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत भी किए, सभी अभिभावक झूमे। अंत में विद्यालय प्राचार्य ने सभी मेहमानों को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तमन्ना ने जीता ब्रॉन्ज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रामगढ़ जिले की चोरधारा पंचायत के लपंगा कॉलोनी निवासी शेखर वर्मा एवं रूबी वर्मा की पुत्री तीरंदाज तमन्ना वर्मा इस प्रतियोगिता में चयनित एकमात्र महिला तीरंदाज रहीं। उनका चयन 2024 में गुजरात में हुआ था। तमन्ना के साथ झारखंड से कंपाउंड श्रेणी में साहिल बनवार और दिव्यांशु सिंह ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता में तमन्ना ने हरियाणा की तमन्ना गुलिया को हराकर



ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। महाराष्ट्र की शरवरी सोमनाथ और वैष्णवी पवार ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। तमन्ना वर्मा ने यह मेडल अपनी दिवंगत दादी स्व. समुन्दरी देवी को समर्पित किया, जिनका निधन 15 अप्रैल 2025 को हुआ था। महज पांच दिन बाद तमन्ना राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए मैदान में उतरीं। इस मुश्किल वक्त में उनके कोच प्रकाश राम ने उन्हें संभाला और खेलने के लिए प्रेरित किया। रामगढ़ उपायुक्त महोदय द्वारा उपलब्ध कराई गई अर्चरी किट और बिरसा मुंडा एकेडमी सिल्ली के संस्थापक सुदेश महतो व नेहा महतो का भी तमन्ना ने विशेष रूप से आभार जताया।

# रामगढ़ में लोगों ने सेना के पराक्रम को किया सलाम

अमित

**रामगढ़।** पाकिस्तान के आतंकी संगठन के अड्डे को तबाह करने के बाद भारत के लोगों में सेना के शौर्य को लेकर काफी खुशी देखी जा रही है। जैसे ही रामगढ़ छावनी क्षेत्र के लोगों को भारतीय सेना की कार्रवाई की जानकारी मिली कि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया है लोगों में खुशी का ठिकाना ना रहा। लोग यह कहते दिखे की पाकिस्तान का नापाक इरादे को भारत ने ध्वस्त कर दिया।

### सेना पर गर्व : मनमोहन सिंह लांबा



सेना द्वारा आतंकवादियों के विरूद्ध चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर का गुरुनानक स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य मनमोहन सिंह लांबा ने कहा कि सेना की कार्रवाई पर हम सभी को गर्व महसूस हो रहा है।

### सेना की कार्रवाई उचित: रुपेश गुप्ता



व्यवसायी रूपेश गुप्ता ने कहा कि सेना द्वारा चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर ने हम सभी को गौरवान्वित किया है। हम सेना की इस कार्रवाई का समर्थन करते हैं।

### आतंकियों को दिया जवाब : शीतल



भाजपा नेत्री शीतल सिंह ने कहा कि आतंकवादियों के इस कृत्य का सेना ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब देते हुए उनके अड्डों को ध्वस्त कर दिया।

### फिल्म अभी बाकी है : शर्मा



व्यवसायी श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि सेना की कार्रवाई तो केवल टेलर है, फिल्म अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि सेना आतंकियों के मंसूबे को नाकाम करके रहेगी।

### पाक को चुकानी पड़ेगी कीमत: आनंद



अधिवक्ता आनंद सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर सेना के पराक्रम का परिचायक है। कहा कि पाकिस्तान को आतंकवादी गतिविधियों की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### सेना पर हमे गर्व :गीतू बेसरा



गीतू बेसरा ने कहा कि सेना की कार्रवाई से हम सभी को गर्व की अनुभूत हो रही है। सेना ने आतंकवादियों को उचित जवाब देने का कार्य किया है।

### आतंकियों को करारा जवाब : शैलेन्द्र



सेवा निवृत्त सैनिक शैलेन्द्र ठाकुर ने सेना द्वारा चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करते हुए कहा कि सेना ने आतंकवादियों के कृत्य का उन्हें सही और उचित जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि अब आतंकवादियों को यह समझ लेना चाहिए की वे कुछ करेंगे तो भारत चुप नही बैठेगा बल्कि उनके किये की उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी।

### कार्रवाई उचित: केसी मैथ्यू



केसी मैथ्यू ने कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर हमारे सेना के पराक्रम को ललकारने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि आतंकवादियो के कृत्य का सेना ने उचित जवाब दिया है।

### आतंकियों को खत्म करे सेना : आसिफ



ऑपरेशन सिंदूर का कांग्रेस नेता मो आसिफ ने समर्थन किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर सेना को चुनौती देने का प्रयास किया था। जिसका सेना ने उन्हें उचित जवाब दिया।

### एयर स्ट्राइक से आतंकवादियों की कमर टूटी : डॉ. गीता सिंह

**सेना ने उचित जवाब दिया:** सेना महिला चिकित्सक डॉ गीता सिन्हा मानकी ने कहा कि पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या कर आतंकवादियों ने सेना के शौर्य को ललकारा था। कहा कि एयर स्ट्राइक के बाद आतंकवादियों की कमर टूट गई है। हम सेना की कार्रवाई का समर्थन करते हैं और सेना के साथ हैं।

### सेना के साथ खड़ा है पूरा देश : सिनम सिंह

राष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी सिनम सिंह ने कहा कि सेना की कार्रवाई उचित है और पूरा देश सेना के साथ खड़ा है। हम सभी को सेना के शौर्य पर गर्व है। छात्रा भार्गवी झा ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि सेना ने सही कार्य किया है क्योंकि आतंकवादियों पर कार्रवाई नहीं होने से उनके हौंसलते बढ़ते। इसलिए सेना ने सही और उचित कार्य किया है।

रामगढ़ में लोग जगह जगह मिठाइयां बांट कर खुशियां मना रहे हैं। लोगों ने कहा कि देश से आतंक को नेस्तानाबूद कर देना चाहिए। भारत जैसे शांतिप्रिय देश में पाकिस्तान बीच-बीच में आतंक फैला कर देश को अशांत करने का काम करता है। 22 मार्च को आतंकियों कायराना हमला किया गया था। पर्यटकों से धर्म पूछ कर उनके परिवार के सामने गोली मारी थी।

## एक नजर में

### राज्यपाल से मिले मनीष जायसवाल, विभावि के कुलपति नियुक्ति के लिए जताया आभार



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को रांची राजभवन राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्त करने पर धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि सांसद मनीष जायसवाल ने बीते 4 मार्च को राज्यपाल से मिलकर विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति की मांग की थी। जिसके पश्चात प्रो. चंद्र भूषण शर्मा को विभावि का कुलपति नियुक्त किया गया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि छात्रहित में यह निर्णय बेहद महत्वपूर्ण है और इससे न सिर्फ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवता को मजबूती मिलेगी बल्कि छात्रों को भी नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी ।

### सरना धर्म कोड को लेकर झामुमो का धरना कल

बड़कागांव केंद्र सरकार से आदिवासी सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झामुमो हजारीबाग जिला मुख्यालय में शुक्रवार को धरना प्रदर्शन करेगा। केंद्र सरकार से जातीय जनगणना कराने के पूर्व सरना धर्म कोड की मांग की जाएगी । झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया एवं बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ने कहा कि आदिवासी धरना कोड की मांग को लेकर 5 वर्ष पूर्व ही झारखंड विधानसभा से पास कर मंजूरी दिलाने के लिए केंद्र सरकार के पास भेजी गई है परंतु अब तक आदिवासी सरना धर्म कोड नहीं मिलना झारखंड के आदिवासियों का अपमान है ।जब तक आदिवासी सरना धर्म कोड केंद्र सरकार के द्वारा नहीं दी जाती है तब तक जातिय जनगणना का विरोध जारी रहेगा।

### निर्दोष पर्यटकों को मिला न्याय : शेफाली गुप्ता



हजारीबाग। ओम आरोहणम की संस्थापिका और भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने ऑपरेशन सिंदूर के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद देशवासियों के दिलों में उबाल था। ऐसे में मोदी सरकार और सेना ने आतंकियों के नौ ठिकानों को नष्ट कर उन्हें करारा जवाब दिया है। शेफाली गुप्ता ने कहा कि सिंदूर ऑपरेशन ने आतंकवादियों को उनके किए की सजा दी है। मोदी सरकार ने यह साबित कर दिया है कि आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई से ही निर्दोषों को न्याय दिलाया जा सकता है। उन्होंने इस ऑपरेशन के जरिए देश के सैनिकों की बहादुरी और सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति को सलाम किया। गुप्ता ने कहा कि यह कार्रवाई पहलगाम में शहीद हुए पर्यटकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सोशल मीडिया पर भी शेफाली गुप्ता के इस बयान को व्यापक समर्थन मिल रहा है। देशभर में लोग सेना और सरकार की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए 'जय हिंद' और 'भारत माता की जय' के नारे लगा रहे हैं।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों का स्वागत



कुजू। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरपा में नव नामांकित बच्चों का तिलक लगाकर सरस्वती वंदना से स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों को विशेष भोजन कराया गया। बाद में जन प्रतिनिधियों ने सभी बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, कटर उपहार स्वरूप प्रदान किया। मौके पर कुजू पूर्वी पंचायत के मुखिया ललिता देवी, पंसस रेखा देवी, उप मुखिया नीलम देवी, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, फुलेश्वर साव, विद्यालय प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी, लव कुमार, सरस्वती देवी, पार्वती देवी, तालु देवी, झालो देवी, सुरेंद्र सिंह, गीता देवी, उषा देवी, आरती देवी, बसंती देवी, रुस्तम अंसारी, महेश महतो आदि मौजूद थे।

### भुरकुंडा पंचायत में लहंगा वितरित



भुरकुंडा (रामगढ़)। भाजपा भुरकुंडा मंडल अंतर्गत भुरकुंडा पंचायत के न्यू बैरक क्षेत्र में बुधवार को एक सराहनीय सामाजिक पहल के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा उपहार स्वरूप भेजे गए लहंगा सेट को एक जरूरतमंद गरीब बहन को सौंपा गया। इस अवसर पर लाभान्वित परिवारों ने सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आत्मीय आभार प्रकट करते हुए उनकी संवेदनशीलता और समाजसेवा भावना के लिए कृतज्ञता जताई। बच्ची को लहंगा देते हुए भाजपा भुरकुंडा मंडल के सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, एससी मोर्चा जिला प्रभारी जुगल नायक, मंत्री सह मुखिया आजय पासवान ने कहा कि यह सहयोग उनके लिए न सिर्फ एक वस्त्र का उपहार है, बल्कि आत्मसम्मान और मानवीय स्नेह का प्रतीक भी है। यह पहल समाज में जरूरतमंदों के प्रति जागरूकता और सहयोग की भावना को और मजबूती देती है। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# विश्व ने देखा भारत की ताकत

## 1971 में इंदिरा गांधी को युद्ध की तैयारी में छह माह लगे थे?

नीरज कुमार दुबे

1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी चाहती थीं कि युद्ध मार्च के महीने में लड़ा जाये लेकिन तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल सैम मानेकशॉ जानते थे कि युद्ध के लिए तैयारी पूरी नहीं है इसलिए उन्होंने उस समय लड़ने से मना कर दिया था। कांग्रेस समेत विपक्ष के तमाम नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछ रहे हैं कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का बदला कब लिया जायेगा? कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय राय तो यहां तक कह रहे हैं कि राफेल लड़ाकू विमान से नींबू मिर्ची हटा कर कब उसे दुश्मन को सबक सिखाने के लिए भेजा जायेगा? कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पहलगाम हमले को दो सप्ताह हो चुके हैं लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। यहां सवाल उठता है कि क्या कोई छेड़ेगा तो हम छोड़ेंगे नहीं की बात कहने वाली मोदी सरकार वाकई हाथ पर हाथ धरे बैठी है? सवाल यह भी उठता है कि पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने में लग रहे समय को लेकर सवाल पूछ रही कांग्रेस को क्या इंदिरा गांधी का कार्यकाल याद नहीं है? हम आपको याद दिला दें कि 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी चाहती थीं कि युद्ध मार्च के महीने में लड़ा जाये लेकिन तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल सैम मानेकशॉ जानते थे कि युद्ध के लिए तैयारी पूरी नहीं है इसलिए उन्होंने उस समय लड़ने से मना कर दिया था। अपने एक साक्षात्कार में खुद सैम मानेकशॉ ने बताया था कि उनके मुँह से ना सुन कर इंदिरा गांधी नाखुश हो गयी थीं। लेकिन उन्होंने कहा था कि अभी हमारी तैयारी नहीं है, अगर अभी युद्ध लड़ा तो हम हार जाएंगे। उन्होंने इंदिरा गांधी से पूछा था कि क्या आप जीत नहीं देखना चाहतीं? उन्होंने कहा था कि मैं जानता था कि मानसून आने वाला है और ऐसे में नदियां समुद्र बन जाती हैं जिससे हमारी सेना की मूवमेंट में दिक्कत होगी। उन्होंने कहा था कि मैं जानता था कि युद्ध की तैयारी के लिए योजना बनानी पड़ेगी और सेना को तैयार करना पड़ेगा, जिसके लिए पर्याप्त समय की जरूरत थी। उन्होंने कहा था कि मैं जानता था कि अधूरी तैयारी के साथ जंग के मैदान में जाना हार का मुंह देखने की तरह ही है। उन्होंने कहा था कि उस समय जंग में हार की शर्मिंदगी झेलने की जगह मैंने इंदिरा गांधी का गुस्सा झेलना बेहतर समझा था। सैम मानेकशॉ ने बताया था कि मेरे जवाब के बाद इंदिरा गांधी ने मुझसे कहा था कि जब आप युद्ध के लिए तैयार हो जायें तो मुझे बताना। हम आपको बता दें कि इंदिरा गांधी को मना करने के सात महीने के बाद सैम मानेकशॉ ने युद्ध के लिए हामी भरी थी और पाकिस्तान से पूर्वी क्षेत्र को अलग कर दिया था जिसे बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है। देखा जाये तो 1971 और आज की स्थितियां बिल्कुल अलग हैं इसलिए उस समय जो सात महीने लगे थे उतना समय इस बार नहीं लगेगा लेकिन फिर भी ऐसा तो हो नहीं सकता कि सात घंटे में ही कोई देश अपनी सेना को युद्ध के मैदान में उतार दे। सेना युद्ध के मैदान में उतर रही है तो पूरी तैयारी के साथ ही उतरेगी क्योंकि जंग जीतने के लिए लड़ी जाती है। विपक्षी नेताओं के सवालों से परेशान होकर सेना को अधूरी तैयारी के साथ मैदान में नहीं उतारा जा सकता यह बात बड़बोले नेताओं को समझनी चाहिए। कब हमला होगा, कब हमला होगा की रट लगाने वाले विपक्षी नेताओं को पता होना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेना को कार्रवाई के लिए पूर्ण रूप से छूट दे चुके हैं इसलिए अब यह सेना को ही तय करना है कि कार्रवाई कब और कहां होगी और किस स्तर की होगी? इसलिए रोज रोज सवाल पूछ कर पाकिस्तानी मीडिया में वायरल होने की चाहत रखने वालों को चाहिए कि वह भारतीय सेना के साथ खड़े हों और राष्ट्रीय एकता को किसी भी सूरत में तोड़ने की कोशिश ना करें। बड़बोले विपक्षी नेताओं को यह भी देखना चाहिए कि पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखलाबद्ध रूप से जो कूटनीतिक कार्रवाइयां की गयी हैं उसने इस्लामाबाद को हिला कर रख दिया है। सरकार पर दोषारोपण करने वालों को राजनीति के लिए आगे बहुत समय मिलेगा, यह समय सरकार के साथ खड़े रहने का है इसलिए एकता की बात सिर्फ बयानों में ही नहीं बल्कि आचरण में भी दिखनी चाहिए। पश्चिमी और चीनी हथियारों की क्षमताओं की भी परख हो जायेगी।

## पश्चिमी और चीनी हथियारों की क्षमताओं की भी परख हो जायेगी

पाकिस्तान लगातार भारत को परमाणु बम से हमले की धमकी दे रहा है लेकिन सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक अत्यधिक मजबूरी नहीं हो, तब तक कोई भी देश परमाणु हथियार का उपयोग नहीं करता लेकिन इसका खतरा अवश्य बना रहता है।भारत और पाकिस्तान के बीच मंडराते युद्ध के खतरे को लेकर कई पूर्व सैन्य अधिकारी और विशेषज्ञ अपनी अपनी तरह से चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं। दरअसल 2019 में पाकिस्तान के बालाकोट में भारतीय वायुसेना की एअर स्ट्राइक के बाद से दोनों देशों ने अपनी सैन्य क्षमता में काफी वृद्धि की है। इसलिए विशेषज्ञों को लग रहा है कि कोई सीमित संघर्ष भी व्यापक युद्ध में तब्दील हो सकता है। हम आपको याद दिला दें कि दोनों देश 1948, 1965 और 1971 में युद्ध लड़ चुके हैं। इसके अलावा कश्मीर को लेकर दोनों के बीच कई बार सैन्य और असैन्य टकराव भी हो चुके हैं। 1990 के दशक में दोनों देश परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र बन गए थे और तभी से दक्षिण एशिया दुनिया के सबसे खतरनाक क्षेत्रों में से एक माना जाता है। पाकिस्तान लगातार भारत को परमाणु बम से हमले की धमकी दे रहा है लेकिन सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक अत्यधिक मजबूरी नहीं हो, तब तक कोई भी देश परमाणु हथियार का उपयोग नहीं करता लेकिन इसका खतरा अवश्य बना रहता है। सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि इस बार हमला संभवतः विमानों, मिसाइलों या ड्रोन के जरिये होगा, जिनमें भारत और पाकिस्तान की क्षमताएं काफी हद तक बराबर हैं। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि यदि संघर्ष लंबा चलता है तो यह भारत के हित में होगा क्योंकि संसाधन अधिक होने के कारण वह लंबी अवधि तक इनका उपयोग कर पायेगा। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि हर पक्ष सोच रहा है कि वे पिछली बार की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं लेकिन असल जंग में ही असली स्थिति पता चल सकेगी।

## क्या है खूबियां

राफेल विमान ब्रह्मोस जैसी 6 सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल या 3 लेजर गाइडेड बम ले जाने में सक्षम है। इसमें एक बार में 4700 किलोग्राम फ्यूल आता है। यह 5 हजार किलोग्राम वजनी बम या मिसाइल अपने साथ ले जा सकता है। यह लगातार 10 घंटे तक उड़ सकता है। इसकी खूबी यह है कि यह एयरबेस के साथ किसी भी एयरकाफ्ट कैरियर से भी उड़ान भरने में सक्षम है। भारत के लिए यह बात इसलिए अहम है, क्योंकि हमारी नौसेना के पास दो विमानवाहक पोत हैं। राफेल उन पर भी तैनात किए जा सकते हैं। दासौल्ट कंपनी, अक्टूबर 2014 तक 133 विमानों का निर्माण कर चुकी है। इस प्रोजेक्ट की लागत 62.7 बिलियन है। एक विमान की लागत 70 मिलियन आती है। इसकी लंबाई 15.27 मीटर है और इसमें एक या दो पायलट बैठ सकते हैं। यह ऊंचे इलाकों में लड़ने में माहिर है। राफेल एक मिनट में 60 हजार फुट की ऊंचाई तक जा सकता है। राफेल की अधिकतम रफ्तार 2200 से 2500 तक किमी प्रतिघंटा है और इसकी रेंज 3700 किलोमीटर है। इसमें 1.30 एमएम की एक गन लगी होती है जो एक बार में 125 राउंड गोलियां निकाल सकती है। इसके अलावा इसमें घातक एमबीडीए एमआइसीए, एमबीडीए मेटेओर, एमबीडीए अपाचे, स्टोर्म शैडो एससीएएलपी मिसाइलें लगी रहती हैं। इसमें थाले आरबीई-2 रडार और थाले स्पेक्ट्रा वारफेयर सिस्टम लगा होता है। साथ ही इसमें ऑप्ट्रॉनिक सेक्योर फ्रंटल इंफ्रा-रेड सर्च और ट्रैक सिस्टम भी लगा है।

## राफेल का इतिहास

1970 में फ्रांसीसी सेना ने अपने पुराने पड़ चुके लड़ाकू विमानों को बदलने की मांग की। जिसके बाद फ्रांस ने 4 यूरोपीय देशों के साथ मिलकर एक बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान की परियोजना पर काम शुरू किया। बाद में साथी देशों से मतभेद होने के बाद फ्रांस ने इस पर अकेले ही काम शुरू कर दिया। हालांकि इस पर काम 1986 में ही शुरू हो गया था, लेकिन शीत युद्ध की समाप्ति के बाद बदले समीकरणों में बजट की कमी और नीतियों में बाधा के कारण इस परियोजना में देरी हो गयी। 1996 में पहला विमान फ्रांसीसी वायुसेना में शामिल होना था लेकिन ये 2001 में शामिल किया जा सका। यह लड़ाकू विमान तीन संस्करणों में उपलब्ध है। इसमें 'राफेल सी' सिंगल सीट वाला विमान है जबकि 'राफेल बी' दो सीट वाला विमान है। वहीं 'राफेल एम' सिंगल सीट कैरियर बेस्ड संस्करण है। राफेल को फ्रांसीसी वायुसेना और जलसेना में 2001 में शामिल किया गया। बाद में बिक्री के लिए इसका कई देशों में प्रचार भी किया गया, लेकिन खरीदने की हामी सिर्फ भारत और मिश्र ने भरी। राफेल को अफगानिस्तान, लीबिया, माली और इराक में इस्तेमाल किया जा चुका है।

# राफेल 》अलकायदा के खिलाफ तबाही का इतिहास

भारत वायु सेना की ओर से फ्रांस में निर्मित 36 राफेल लड़ाकू विमान पहली बार देश की ताकत बने हैं। इस विमान को डसौल्ट कंपनी ने फ्रांस की वायु सेना और और जल सेना के लिए विकसित किया था। यह विमान वाइड, शॉर्ट और लॉन्ग मिशन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। राफेल विमान का उपयोग जमीन से हवा और हवा से हवा में अपने लक्ष्य पर निशाना साध सकता है। इस विमान का कॉकपिट पूरी तरह कम्प्यूटराइज्ड होता है और टच स्क्रीन की मदद से विमान से जुड़ा सभी डाटा कंट्रोल किया जा सकता है। इस विमान में लक्ष्य पर निशाना साधने के लिए वाइड रेंज कैमरा और सेंसर मौजूद होता है। जल सेना के लिये भी राफेल विमान का सौदा भारत-पाक तनाव के बीच किया गया है। इससे देश की सामरिक शक्ति में बड़ा ईजाफा हुआ है।



## भारत को राफेल ही क्यों

वित्तीय कारणों से भारतीय वायु ने लंबे टेस्ट के बाद राफेल को चुना। वायु सेना के पास एफ-16 और एफ-18, रूस मिग-35, यूरोफाइटर टायफून और ग्रिपन विमान का विकल्प था, लेकिन यूरोफाइटर टायफून सबसे महंगा है और मिग के बारे में अब संदेह होने लगा है। इस कारण भी राफेल को खरीदने का फैसला किया गया है। यह ऊंचे इलाकों में लड़ने में माहिर है और भारत तथा चीन के बीच हिमालय का ऊंचा इलाका है, जहां राफेल मददगार साबित होगा। हालांकि यूरोफाइटर टायफून इस मामले में राफेल से आगे है। वायुसेना के मुताबिक उड़ान भरते वक्त राफेल की रफ्तार 1912 किलोमीटर प्रति घंटा है और ये 3700 किलोमीटर तक जा सकता है। जबकि यह हवा से जमीन में मार करने में टायफून से ज्यादा कारगर माना जा रहा है। राफेल खरीदने का एक और कारण यह भी है कि भारतीय वायुसेना राफेल बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी दासौल्ट का मिराज 2000 विमान पहले से इस्तेमाल कर रही है। कारगिल युद्ध में मिराज विमानों ने सफलतापूर्वक कार्य को अंजाम दिया था।

### 2012 में भी हुई थी इसकी डील

पीएम मोदी की फ्रांस यात्रा काफी चर्चा में थी इसका कारण था लड़ाकू विमान रफेल। इस विमान को लेकर भारत और फ्रांस अब तक आखिरी समझौते तक नहीं पहुंच सके थे। भारत ने 2012 में फ्रांस से 126 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने का फैसला किया था, लेकिन यह सौदा अब तक लटका हुआ है। अब मोदी सरकार ने 36 विमान खरीदने का फैसला किया है। अमेरिका, जर्मनी और रूस चाहते हैं कि भारत उनसे लड़ाकू विमान खरीदे। अमेरिका भारत को एफ-16 और एफ-18, रूस मिग-35, जर्मनी और ब्रिटेन यूरोफाइटर टायफून और स्वीडन ग्रिपन विमान बेचना चाह रहे थे, लेकिन मोदी सरकार ने फिलहाल राफेल को खरीदने का फैसला लिया था।

### पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है राफेल

मिग21, मिग27 और सुखोई30 के साथ राफेल को वायुसेना में शामिल किया जायेगा। रक्षा मंत्री और विशेषज्ञों का मानना है कि राफेल पांचवीं पीढ़ी का विमान है जो मिग21, मिग27 और सुखोई30 जैसे पुरानी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के साथ वायुसेना में शामिल होगा। रक्षा मंत्री का कहना है कि 'हमारे पास पुरानी पीढ़ी के विमान हैं जिन्हें सीमित जीवन काल के लिए अपग्रेड किया गया। वास्तव में मिग21 अपने जीवन के आखिरी हिस्से में है।हम आपको बता दें कि भारत को 2019 में पुराने रूसी विमानों पर निर्भर रहना पड़ा था। मगर अब देश ने फ्रांस से 36 राफेल फाइटर जेट्स वायुसेना के बेड़े में शामिल किए हैं तथा नौसेना के लिए और भी विमानों का ऑर्डर दिया गया है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 2022 से चीन के सबसे आधुनिक लड़ाकू विमानों में से एक, ख-10 प्राप्त किया है, जो राफेल का तुलनात्मक समकक्ष माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक अध्ययन संस्थान की एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के पास कम से कम 20 ख-10 विमान हैं। बताया जाता है कि ये विमान उन्नत क्षमताओं से लैस हैं। हम आपको बता दें कि राफेल में 'मेटेओर' एयर-टू-एयर मिसाइल लगी होती है, जो दृश्य सीमा से बाहर भी मार कर सकती है। इसी प्रकार ख-10 में इसी तरह की ढछ-15 मिसाइल लगी होने की बात मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से सामने आई है। हम आपको यह भी बता दें कि 2019 की लड़ाई में सामने आई हवाई सुरक्षा की खामियों को दूर करने के लिए भारत ने रूस की ए-400 मोबाइल एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल प्रणाली प्राप्त की है जबकि पाकिस्तान ने चीन से ल्दद-9 प्रणाली हासिल की है जोकि रूस की र-300 प्रणाली पर आधारित है।




## चीनी और पाकिस्तानी एयरक्राफ्ट्स से कितना अलग है राफेल

पाकिस्तान के पास अभी सबसे आधुनिक प्लेन जेएफ-17 थंडर है। इसे पाकिस्तान और चीन ने मिलकर बनाया है। वहीं, चीन के पास जेएफ-17 तो है ही, वह रूस से सुखोई-27 विमान खरीदकर भी अपनी क्षमता बढ़ा रहा है। भारत के मौजूदा मिग विमानों की तुलना में जेएफ-17 और सुखोई-27 काफी नये हैं। इसलिए राफेल की भारत को तुरंत जरूरत है। यह विमान 14 हार्ड प्वाइंटों में करीब 9 टन तक वजनी हथियार या गोला बारूद ले जाने में सक्षम है।

| | भारत | पाकिस्तान | चीन |
|---|---|---|---|
| विमान | राफेल | जेएफ-17 | सुखोई-27 |
| किसने बनाया | फ्रांस | पाकिस्तान-चीन | रूस |
| अधिकतम स्पीड | 2300 किमी/घंटा | 1900 किमी/घंटा | 2500 किमी/घंटा |
| एक बार में रेंज | 3700 किमी | 3400 किलोमीटर | 3500 किलोमीटर |
| मिसाइलें | 6 सुपरसोनिक क्रूज | 5 क्रूज मिसाइलें | 5 क्रूज मिसाइलें |
| कीमत | 7 करोड़ डॉलर | 3 करोड़ डॉलर | 6 करोड़ डॉलर |

## देश को हल्के विमान की जरूरत

रक्षा मंत्री का मानना है कि देश को एकल इंजन तरह के हल्के विमान की जरूरत है। साथ ही गहरी पैठ वाले दोहरे इंजन वाले विमानों भी की जरूरत है, जिसकी प्रौद्योगिकी और अन्य उपकरण नवीनतम हों जो भारत को उसके पारंपरिक दुश्मनों पर बढ़त प्रदान कर सके। 36 विमानों की खरीद अंतर को तत्काल भरने के लिए है। हल्के लड़ाकू विमान तेजस का अगले महीने अंतिम उड़ान परीक्षण होगा। पर्रिकर के मुताबिक हमें तेजस के विकास को आगे बढ़ाना होगा और हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हम कुछ उच्च श्रेणी के विमान भी बनाये।



### अल कायदा के खिलाफ तबाही मचा चुका है राफेल

राफेल का फ्रेंच में मतलब होता है तूफान। राफेल 2 इंजन वाला मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट है। इसे लीबिया, माली और इराक में इस्तेमाल किया जा चुका है। अफगानिस्तान में अल कायदा के खिलाफ नाटो के अभियान में इसकी बड़ी भूमिका रही थी।



स्पीड न्यूज

# एयरपोर्ट से लेकर स्टेशन और घनी आबादी वाले क्षेत्र में हुआ मॉक ड्रिल

■ दुश्मन के किसी हमले के दौरान बचाव के लिए तैयार दिखा अपना शहर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारत सरकार के निर्देश पर जमशेदपुर शहर पर किसी एयर स्ट्राइक की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्य का अभ्यास किया गया। इसमें जिला प्रशासन, जिला पुलिस एवं सिविल डिफेंस समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों के वोलेंटियर्स ने भाग लिया।

यह मॉक ड्रिल टाटानगर स्टेशन से लेकर जमशेदपुर एयरपोर्ट और सर्किट हाउस जैसे पॉस आवासीय क्षेत्र में किया ही गया, दूसरी ओर स्कूलों एवं विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों में भी राहत एवं बचाव कार्य का पूर्वाभ्यास किया गया। सर्किट हाउस आवासीय एरिया में शाम छह बजे से शाम सात बजे तक ब्लैक आउट कर प्रशासन ने स्थिति का जायजा भी लिया।

**ऐसे हुआ अभ्यास**

सीसीआर के कंट्रोल रूम को सीएच एरिया के महारानी मेंशन में एयर स्ट्राइक की सूचना प्राप्त हुई है। जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा सूचना का सत्यापन करते हुए आपदा प्रबंधन की क्विक रिस्पॉन्स टीम को घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए एसडीएम धालभूम एवं सिटी एसपी समेत सभी एजेंसी राहत एवं बचाव कार्य के लिए घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। यहां पहुंच कर दमकल विभाग और सिविल डिफेंस की टीम ने महारानी मेंशन में राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पहुंचे सीएच एरिया स्थित घटना स्थल पर और आवश्यक निर्देश दिए।

राहत बचाव कार्य समापन के पश्चात सिविल डिफेंस के पदाधिकारी अरुण कुमार ने जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त को रिपोर्ट किया। इसके पश्चात सेफ हाउस के रूप में चिन्हित निर्मल भवन में प्रभावितों से मिलने जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पहुंचे।






1. स्टेशन पर राहत व बचाव कार्य के पूर्वाभ्यास का दृश्य। 2. महारानी मेंशन पर एयर स्ट्राइक की सूचना मिलने पर पहुंचे डीसी अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल,एसडीओ शताब्दी मजुमदार व सिटी एसपी कुमार शिवाशीष। 3.फोटो सीएच एरिया-2,कैप्सन : महारानी मेंशन में फंसे व्यक्ति को निकालने का अभ्यास का दृश्य। 4. घायल को एम्बुलेंस तक पहुंचाने का पूर्वाभ्यास।



शाम सीएच एरिया में ब्लैक आउट का दृश्य और यूं पहुंचे बचावकर्मी।



## आतंकी ठिकानों पर हमला प्रशंसनीय : वरुण कुमार



**जमशेदपुर।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद की जमशेदपुर इकाई के संस्थापक वरुण कुमार ने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवादी चैन की नींद सो रहे थे, भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च किया। इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किये गये। हम युद्ध के समर्थक नहीं हैं किंतु भारत की संप्रभुता पर हुए दुस्साहसिक हमले के प्रतिकार के लिए जबावी कार्रवाई आवश्यक मानते हैं'। ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य हमले किये।

## बेटी-बहनों के सिंदूर का बदला लिया : सुशील



**जमशेदपुर।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सुशील कुमार सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि नये भारत की मजबूत सरकार ने सेना को खुली छूट देकर कहा था कि आप उचित समय पर उचित अंदाज में दुश्मनों को जवाब दें। पूरा भारत आपके साथ है। आज भारतीय सेना के फाइटर विमान ने आतंकी ठिकानों को जिस तरह सटीक तरीके से बिना किसी नुकसान के निशाना बनाया पूरी दुनिया भारत के शक्ति का लोहा मान रही है। हमारे फाइटरों ने पाकिस्तान के किसी भी सिविल क्षेत्र को कोई क्षति नहीं पहुंचायी।

## भारतीय सेना का शौर्य प्रशंसनीय : हरेंदु शर्मा



**जमशेदपुर।** पूर्व सैनिक हरेंदु शर्मा का कहना है कि भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम एवं त्वरित कार्रवाई की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। हमारी सेना दुश्मनों को धूल चटाने के लिए हर तरफ से तैयार है और ऑपरेशन सिंदूर इसका एक ज्वलंत उदाहरण है। भारत पर जो कोई भी आंखें उठायेगा, उसे हम छोड़ेंगे नहीं। जय हिंद, भारतीय सेना जिंदाबाद...।

## दुनिया ने देखा भारतीय सेना का शौर्य : राजीव



**जमशेदपुर।** पूर्व सैनिक राजीव रंजन ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का नाम इसलिए दिया गया क्योंकि विगत दिनों पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों की जो निर्मम हत्या कर दी गयी जिसके कारण हमारे कितनी मां बहनों का सिंदूर मांग से उजड़ गया और उनका परिवार तबाह हो गया। कल रात का हमला सिर्फ पीओके पर ही नहीं बल्कि पाकिस्तान के अंदर 100 किमी तक घुसकर बहावलपुर में आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया है। भारतीय सेना ने अपने पराक्रम का परिचय फिर से एक बार दिया है।

## भारत ने दिया हमले का कड़ा जवाब: प्रमोद मिश्रा



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने भारतीय सेना द्वारा बीती रात किये गये आपरेशन सिन्दूर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि आतंकी हमले का प्रतिउत्तर देते हुए पूरी दुनिया-भर को यह संदेश दे दिया कि अब आतंकवाद को जर से खत्म करने के प्रतिबद्ध है। आज हमारे पीएम मोदी मजबूर नहीं मजबूत इरादे वाले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने देशवासियो से ये वादा किया था कि इस बार बड़ी एवं कड़ी कार्रवाई करेंगे।

## हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा : सुधांशु



**जमशेदपुर।** भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले कर पहलगाम हमले का करारा जवाब दिया है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ नेतृत्व और भारतीय सेना के अदम्य शौर्य की प्रशंसा करते हुए इसे हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण करार दिया।

# कॉमरेड कपूर बागी को हुल जोहार...

■ अंतिम संस्कार में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन, दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** झारखंड आंदोलनकारी कपूर बागी उर्फ कपूर टुडू के निधन की सूचना पर आज सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चांडिल प्रखंड के दलमा तराई क्षेत्र स्थित चाकुलिया गांव पहुंचे थे। यहां कपूर बागी के शव यात्रा सह अंतिम संस्कार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए। वहीं, कपूर बागी के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कपूर बागी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की।

बता दें कि दिवंगत कपूर बागी विस्थापित मुक्ति वाहिनी संगठन के संयोजक थे, जो हमेशा विस्थापितों व आदिवासियों के हक अधिकारों की लड़ाई में अग्रणी भूमिका में रहते थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सगा भांजा थे। वहीं, सीएम हेमंत सोरेन के फुफेरे भाई थे। हालांकि, इतने बड़े ओहदे वाले परिवार के रिश्तेदार होने के बावजूद दिवंगत कपूर बागी ने स्वयं उस परिवार से दूर रखकर सादगी भरी जीवन बिताया और हमेशा सरकार के गलत नीति नियमों के खिलाफ संघर्ष करते रहे।

बता दें कि वर्ष 2022 में कपूर बागी के छोटे भाई किशोर टुडू का निधन हो गया था और सबसे छोटे भाई अनूप टुडू का निधन भी आठ महीने पहले ही हुआ था। तीनों भाइयों का निधन किडनी फेल्योर की बीमारी से ही हुआ।




अपने फुफेरे भाई कपूर बागी को चाकुलिया गांव में अंतिम विदाई देते सीएम हेमंत सोरेन।

## भारतीय सेना जिंदाबाद सेना की स्ट्राइक से पूर्व सैनिकों में खुशी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के ठिकाने पर भारतीय सेना द्वारा किए गए हमले की खुशी में को लौहनगरी के पूर्व सैनिकों ने लड्डू वितरण किया। पूरा देश भारतीय सेना एवं भारतीय सरकार के निर्णय के साथ है। विगत रात में जिस तरह से भारतीय सेना के फाइटर विमानों ने आतंकवादियों के चिन्हित कैंपों, ट्रेनिंग सेंटर लॉन्चिंग पैड को उड़ाया। पूरा विश्व भारतीय सेना का प्रदर्शन देखकर खुशियां मना रहे हैं। भारतीय सेना ने सिविलनागरिक क्षेत्र को निशाना नहीं बनाया बल्कि पूरे विश्व को संकेत दिया कि आतंकवादियों का जड़ से नाश करना ही भारतीय सेना का संकल्प है। बेटी बहनों के सिंदूर का जवाब ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से लिया गया। सैकड़ों आतंकवादी मारे गये। अगर पाकिस्तान की सेना कोई भी कार्रवाई की जाती है तो उसका मुंह तोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेना तैयार है।

## झामुमो की बैठक में पहलगाम शहीदों और कपूर बागी को दी गयी श्रद्धांजलि

■ 9 मई को सरना धर्म कोड लागू करने की मांग पर जिला मुख्यालय पर धरना देगा झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संयोजक मंडली की और से स्थान शहीद निर्मल महतो सामुदायिक भवन कदमा उलियान में दिन के 11 बजे से जिला संयोजक प्रमुख बाघराय मार्डी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक का संचालन सुनील कुमार महतो ने किया। इस बैठक में तय किया गया कि आगामी दिनांक 9/5/2025 दिन शुक्रवार को जिला मुख्यालय में सरना धर्म कोड लागू करने के लिए धरना दिया जायेगा जिसमें 10,000 लोग शामिल होंगे। धरना प्रदर्शन के पूर्व संध्या में चार जगहों पर पार्टी का झंडा बांधा जायेग। बैठक में विगत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादी के हाथों मारे गए निर्दोष लोगों की याद में एवं पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के संस्थापक संरक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के भगिना कपूर बागी के निधन होने पर उनकी याद में 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में पार्टी के केंद्रीय सदस्य शेख बदरुद्दीन, केंद्रीय सदस्य प्रमोद लाल, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, जिप चेयरमैन बारी मुर्मू भी थे।

## भारत ने लिया पहलगाम हमले का बदला : रघुवर दास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारत ने एक बार फिर आतंकवाद के खिलाफ अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किये। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले का जवाब है, जिसमें आतंकियों ने धर्म के आधार पर 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या की थी। भारतीय वायु सेना, थल सेना और नौसेना के संयुक्त अभियान ने मंगलवार रात 1:30 बजे बहावलपुर, कोटली, मुजफ्फराबाद, मुरीदके, सियालकोट, बाघ, भिंबर, चाक अमरू और गुलपुर में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सूत्रों के अनुसार, इस हमले में 80 से 90 आतंकवादी मारे गये हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने ऑपरेशन की सराहना करते हुए कहा कि पहलगाम में धर्म के आधार पर की गई क्रूर हत्याओं का जवाब देते हुए हमारे वीर जवानों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के अड्डों को नेस्तनाबूद कर दिया। रात डेढ़ बजे शुरू हुए इस अभियान में दर्जनों आतंकवादी मारे गए। कहा कि भारतीय सेना ने बार-बार पाकिस्तान के कायराना हमलों का जवाब अपने शौर्य और पराक्रम से दिया है।




पूर्व सीएम रघुवर दास और विधायक पूर्णिमा साहू दास।

## ऑपरेशन सिंदूर देश के लिए गर्व की बात : डॉ.नीरा



**कोडरमा।** विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ.नीरा यादव ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना की जमकर तारीफ की है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पूरे देश के लिए गर्व की बात है। यह भारत की शौर्यगाथा और भारतीय सेना की वीरगाथा है। विधायक ने कहा कि यह देश के लिए गर्व का समय है। भारतीय सेना ने जो पराक्रम दिखाया है, वह अभूतपूर्व है। सभी भारतीय सेना के इस अदम्य साहस को सलाम करते हैं। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व का भी आभार जताया और कहा कि कुशल नेतृत्व ने भारत को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाया है। ज्ञात हो कि भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एयरस्ट्राइक की, एक साथ 9 ठिकानों पर हमला किया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर में नौ ठिकानों पर हमला कर आतंकवादी कैम्प को ध्वस्त किया गया।

### माकपा ने सेना को दी बधाई

**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने अपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना पर गर्व करते हुए उन्हें बधाई दी है। माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान ने पार्टी पोलित ब्यूरो के बयान के आधार पर कहा कि अपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पीओके और पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों और बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के उद्देश्य से चलाया गया था। सशस्त्र बलों के अनुसार ये हमले निश्चित स्थानों पर केंद्रित और गैर-उकसावेपूर्ण थे।

# मोदी के साहसिक कदम से सभी गौरवान्वित : कमलेश सिंह



**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह हमला एक घिनौनी और अमानवीय करतूत थी। निर्दोष पर्यटकों को धर्म पूछकर निशाना बनाया गया। इस कायराना हमले का जवाब ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने पाकिस्तान की सरहद में घुसकर दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान के आतंकवादियों को साफ संदेश है कि अब भारत सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं करता, बल्कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों को उनके गढ़ में जाकर जवाब देता है। श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारतीय सेना के शौर्य को सराहते हुए कहा कि अब नया भारत चुप नहीं बैठता, घर घुस कर मारता है। इस ऑपरेशन का उद्देश्य उन महिलाओं के उजड़े सुहागं का हिसाब लेना भी था। झारखंड की जनता और पलामू की धरती भारतीय सेना के इस पराक्रम पर गर्व करती है और प्रधानमंत्री मोदी की इस निर्णायक नीति का पूरा समर्थन करती है। यह नया भारत अब आतंकवाद के खिलाफ संकल्प और कड़ी कार्रवाई से अपने अस्तित्व की रक्षा करेगा और आतंक के हर आका को याद दिलायेगा कि भारत का जवाब अब न केवल सटीक, बल्कि अंतिम और निर्णायक होगा।

## पीएम जो कहते हैं, करके दिखाते हैं: सांसद



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पीएम मोदी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मोदी है तो कुछ भी मुमकिन है। जिस तरह मोदी, शाह, और राजनाथ सिंह के कुशल नेतृत्व में देश के जांबाज सेनाओं ने आपरेशन सिंदूर के माध्यम से 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए घटना का बदला लेकर यह बता दिया कि भाजपा जो कहतीं हैं उसे करके दिखाती है। पहलगाम में हुए घटना के बाद पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व राजनाथ सिंह ने कहा था कि आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर अपने मौत को आमंत्रण दिया। इस घटना में जो भी आतंकवादी, साजिश कर्ता, जोर भी संगठन और उसके कर्ताधर्ता है उन्हें चुन चुन कर मारेंगे। आज उस वचन को पूरा कर दिया। आज आपरेशन सिंदुर से पूरे देश के लोग अपने सेना पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है।

## एक नजर में

### मोदी के आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस पॉलिसी का प्रमाण है यह कार्रवाई : अर्जुन मुंडा



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व सीएम और केंद्र सरकार के निवर्तमान मंत्री अर्जुन मुंडा ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा कि पहलगाम की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रखा दिया था, जिससे भारत की क्षति हुई और ऐसे लोगों की जान की गई जो सैलानी के रूप में वहां घूमने गए थे। भारत ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। इस घटना ने पूरे देश के लोगों को विचलित किया है और इसी का जवाब देते हुए सेना ने आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की है। मुंडा ने आगे कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और इसके खिलाफ पूरा देश एकजुट है।

### हमें गर्व है भारतीय सेना पर, जिन्होंने सिंदूर का बदला लिया : बन्ना गुप्ता



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने यहां एक बयान जारी कर कहा कि भारतीय सैनिकों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान पोषित आतंकवादी ठिकानों पर हमले के लिए हमें भारतीय सैनिकों पर गर्व है, हमारे देश के बहादुर सैनिकों ने सिर्फ पहलगाम का बदला नहीं लिया बल्कि दुश्मन देश के साथ पूरे विश्व को एक कड़ा संदेश दिया है कि भारत की संप्रभूता और सम्मान पर जब भी हमला होगा भारत की सेना जवाब तो देगी वो भी घर में घुसकर जवाब देगी। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में हमारी बहनो के सिंदूर को मिटाने वाले पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों को मार गिराने का साहस भरा कार्य हमारी देश की सेना ने किया है।

### हमें पीएम मोदी और अपनी सेना के पराक्रम पर बेहद ही गर्व है : विद्युतवरण महतो



**जमशेदपुर।** ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा की हमें अपने नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर नाज और अपने पराक्रमी सैनिकों पर गर्व है। भारतीय सैनिकों ने जिस पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तानी आतंकवादियों के कमर को तोड़ने का काम किया है वह ऐतिहासिक है। आतंकवादियों ने जिस तरह से बर्बरता पूर्ण तरीके से भारतीय माताओं और बहनों के सिंदूर को उजाड़ा था आज सैनिकों ने इसका करारा जवाब ऑपरेशन सिंदूर करके दिया है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आपरेशन सिंदूर नाम देकर उन मृत आत्माओं अपनी श्रद्धांजलि दी है। हमारे देश के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री सहित सारे सैनिक बधाई के पात्र हैं।

### पीएम, रक्षा मंत्री और अपनी सेना के पराक्रम पर हमें नाज है : डॉ जटाशंकर पांडे



**जमशेदपुर।** भाजपा झारखण्ड प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य डॉ जटा शंकर पाण्डेय ने प्रेस विग्यप्ति जारी कर भारतीय सेना द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर तथा पाकिस्तान के कुल 9 ठिकानों पर किये गए कार्यवाई की सराहना करते हुए कहा कि भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी तथा रक्षा मंत्री श्री राज नाथ सिंह जी इसके लिए बधाई के पात्र है। यह कार्रवाई देश की जनता की भावना के अनुरूप है। इसकी जितनी भी प्रसंशा की जाय कम है। इससे साबित हो गया कि यदि देश का नेतृत्व योग्य हाथो में रहेगा तो देश कुछ भी कर सकता है। साथ ही साथ भारत ने साबित कर दिया कि जो भी देश इसके तरफ आंख उठा कर देखेगा उसकी आँख फोड़ देगा। भारत सामरिक दृष्टिकोण से इतना सक्षम है कि जो भी इससे टकरायेगा उसकी छाती पर मूंग दल देगा तथा उसको मुंह की खानी पड़ेगी।

### जादूगोड़ा माइंस में एअर स्ट्राइक को लेकर अभ्यास



**जादूगोड़ा।** उयायुक्त के निर्देश पर जादूगोड़ा खान प्रबंधक एम वी वी एस बाबू की अगुवाई में यूसिल की जादूगोड़ा माइंस प्रांगण में में एअर स्ट्राइक को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान खान प्रबंधक एमवीवीएस बाबू ने आपदा के मौके पर कैसे सुरक्षित रहना है व बचाव के तरीके से लोगों जागरूक किया गया। इधर, मॉक ड्रिल के दौरान लगी आग को यूसिल की सुरक्षा ने जुटी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्नि शमन दल ने बड़ी मशकत के बाद आग पर काबू पाया व घायल व्यक्ति को रिस्क्यूं कर बाहर निकला।

### मायुमं ने की सरकारी विद्यालय में अस्थायी अमृतधारा की शुरुआत



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा स्वास्थ्य, जलयोजन और सामुदायिक देखभाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी विद्यालय में अमृतधारा एवं जूस वितरण पहल की शुरुआत बुधवार से की गयी। इसका आयोजन आज बागबेड़ा, परसुडीह और सोनारी के विभिन्न सरकारी स्कूलों और मंदिर के पास में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने की। स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण के लिए शाखा की निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए अमृतधारा को आधिकारिक रूप से जनता को समर्पित किया गया।




# सीएसके ने बिगाड़ा केकेआर का खेल डिफेंडिंग चैंपियन प्ले ऑफ से हुई बाहर!

## चेन्नई ने केकेआर को दो विकेट से हराया, नूर अहमद, ब्रेविस और शिवम चमके



एजेंसी

**कोलकाता।** प्ले ऑफ से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपर किंग्स ने डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स का खेल खराब कर दिया। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 57वें मैच में सीएसके ने केकेआर को 3 विकेट से हरा दिया। इस सीजन में सीएसके की टीम को तीसरी जीत मिली है। वहीं सीएसके से हारने के बाद केकेआर की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। केकेआर की टीम पिछले सीजन की चैंपियन थी, लेकिन इस बार वह अंतिम चार में नहीं पहुंच पाई है। केकेआर के 12 मैचों में 11 पॉइंट है। ऐसे में अब वह अपने बचे हुए मैच में अगर जीत भी हासिल करती है तब भी वह 15 पॉइंट ही हासिल कर पाएगी और प्लेऑफ में जाने के लिए उसे कम से कम 16 पॉइंट चाहिए। हालांकि, आधिकारिक रूप से केकेआर अभी बाहर करार नहीं दी गई है। सीएसके और केकेआर के बीच यह मुकाबला ईडन गार्डंस के मैदान पर खेला गया था। मुकाबले में केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए डिफेंडिंग चैंपियन ने अपने होम ग्राउंड पर 179 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में सीएसके ने डेवाल्ड ब्रेविस की दमदार फिफ्टी से मैच को 2 गेंद पर पहले अपने नाम कर लिया।

### आइपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 08 | 03 | 00 | 16 | +0.793 |
| बेंगलुरु | 11 | 08 | 03 | 00 | 16 | +0.482 |
| पंजाब | 11 | 07 | 03 | 01 | 15 | +0.376 |
| मुंबई | 12 | 07 | 05 | 00 | 14 | +1.156 |
| दिल्ली | 11 | 06 | 04 | 01 | 13 | +0362 |
| कोलकाता | 12 | 05 | 06 | 01 | 11 | +0.193 |
| लखनऊ | 11 | 05 | 06 | 00 | 10 | -0.469 |
| हैदराबाद | 11 | 03 | 07 | 01 | 07 | -1.192 |
| राजस्थान | 12 | 03 | 09 | 00 | 06 | -0.718 |
| चेन्नई | 12 | 03 | 09 | 00 | 06 | -0.992 |



पर्पल कैप
20 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात



ऑरेंज कैप
510 रन
सूर्यकुमार यादव
मुंबई

### कोलकाता 179/6 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज कै. नूर बो. कंबोज | 11 | 09 | 01 | 01 |
| नरेन स्टंप धोनी बो. नूर | 26 | 17 | 04 | 01 |
| रहाणे कै. कॉनवे बो. जडेजा | 48 | 33 | 04 | 02 |
| रघुवंशी कै. धोनी बो. नूर | 01 | 02 | 00 | 00 |
| मनीष पांडे नाबाद | 36 | 28 | 01 | 01 |
| रसेल कै. ब्रेविस बो. नूर | 38 | 21 | 04 | 03 |
| रिंकू सिंह कै. म्हात्रे बो. नूर | 09 | 06 | 02 | 00 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 04 | 04 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 06

**विकेट पतन** : 1-11, 2-69, 3-71, 4-103, 5-149, 6-167.

**गेंदबाज** : खलील अहमद : 2-0-14-0, अंशुल कंबोज : 3-0-38-1, रविचंद्रन अश्विन : 3-0-19-0, नूर अहमद : 4-0-31-4, रवींद्र जडेजा : 4-0-34-1, मथीशा पथिराना : 4-0-39-0.

### चेन्नई 183/8 (19.4 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| आयुष कै. हर्षित बो. अरोड़ा | 00 | 02 | 00 | 00 |
| डेवोन कॉनवे बो. मोईन अली | 00 | 02 | 00 | 00 |
| उर्विल कै. वरुण बो. हर्षित | 31 | 11 | 01 | 04 |
| अश्विन कै. रघुवंशी बो. हर्षित | 08 | 07 | 01 | 00 |
| रवींद्र जडेजा बो. चक्रवर्ती | 19 | 10 | 02 | 01 |
| ब्रेविस कै. रिंकू बो. चक्रवर्ती | 52 | 25 | 04 | 04 |
| दुबे कै. रिंकू बो. अरोड़ा | 45 | 40 | 02 | 03 |
| एमएस धोनी नाबाद | 17 | 18 | 00 | 01 |
| अहमद कै. रिंकू बो. अरोड़ा | 02 | 02 | 00 | 00 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 04 | 01 | 01 | 00 |

**अतिरिक्त** :05

**विकेट पतन** : 1-0, 2-25, 3-37, 4-56, 5-60, 6-127, 7-170, 8-172.

**गेंदबाज** : वैभव अरोड़ा : 3-0-48-3, मोईन अली : 2-0-23-1, हर्षित राणा : 4-0-43-2, वरुण चक्रवर्ती : 4-0-18-2, सुनील नरेन : 4-0-28-0, आंद्रे रसेल : 2.4-0-22-0.

# रोहित ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। इससे अब सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर चल रहीं अटकलों पर विराम लग गया है। रोहित टेस्ट प्रारूप में भारत के सबसे सफल बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 67 टेस्ट मुकाबलों में 12 शतकों और 18 अर्धशतकों की मदद से 40.57 के औसत से 4301 रन बनाए।

### रोहित ने सोशल मीडिया पर किया संन्यास का एलान

रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान अपने सोशल मीडिया हैंडल से किया। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर अपनी टेस्ट कैप की तस्वीर साझा की और कैप्शन में लिखा- मैं आप सभी साथियों को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। इस प्रारूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं वनडे में भारत के लिए खेलना जारी रखूंगा।

### रोहित टी20 से ले चुके संन्यास

भारत को टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जिताने के बाद रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ इस प्रारूप से संन्यास का एलान कर दिया था। भारत ने यह खिताब दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपने नाम किया था। भारतीय टीम को दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के बाद दोनों दिग्गजों ने टी20 से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। अब 38 वर्षीय बल्लेबाज ने क्रिकेट से लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी है। अब वह सिर्फ वनडे में भारत का नेतृत्व करते नजर आएंगे।

### इंग्लैंड सीरीज पर मिलेगा भारत को नया टेस्ट कप्तान

रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद यह साफ हो गया है कि इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम को नया टेस्ट कप्तान मिलेगा। इस दौड़ में जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत सबसे आगे चल रहे हैं। इस सीरीज की शुरूआत जून में होगी।

### खराब दौर से गुजर रहे थे रोहित

रोहित 2024-25 सीजन के दौरान खराब दौर से गुजरे। उन्होंने 15 मैचों में 10.83 के औसत से 164 रन बनाए। रोहित बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान खराब फॉर्म में थे। इसके बाद वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में अपने बेटे के जन्म के कारण नहीं खेले थे। एडिलेड में हुए दूसरे टेस्ट के दौरान जब रोहित वापस आए तो उन्होंने ओपनिंग नहीं की और यशस्वी जायसवाल तथा केएल राहुल को पारी का आगाज करने भेजा। रोहित की अनुपस्थिति में पहले टेस्ट में यशस्वी और राहुल की जोड़ी ने 201 रनों की साझेदारी की थी। रोहित छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन संघर्ष करते दिखे। ब्रिसबेन में खेले गये तीसरे टेस्ट में उन्होंने महज 10 रन बनाए। इसके बाद रोहित ने शीर्ष क्रम में वापसी की, लेकिन वहां भी असफल रहे और मेलबर्न टेस्ट में तीन और नौ रन बनाए। शुभमन गिल को चौथे टेस्ट से बाहर रखा गया था और फिर पांचवें टेस्ट के लिए रोहित की जगह गिल की वापसी हुई थी।

### 2022 में संभाली थी कमान

रोहित शर्मा को 2022 में टेस्ट प्रारूप का नियमित कप्तान बनाया गया था। तब से लेकर हाल ही में आस्ट्रेलिया दौरे तक वह क्रिकेट के सबले लंबे प्रारूप में टीम इंडिया के कप्तान रहे। उनकी कप्तानी में भारत ने 24 टेस्ट खेले और इसमें से सिर्फ 12 टेस्ट में टीम इंडिया को जीत मिली। नौ टेस्ट में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। तीन टेस्ट ड्रॉ रहे।

# फॉर्म में चल रही पंजाब के खिलाफ दिल्ली के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

एजेंसी




**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स को आइपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ गुरुवार को करो या मरो के मुकाबले में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। पिछले पांच मैचों में तीन हारने और एक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली 11 मैचों में 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली टीम अपने घरेलू मैदान अरूण जेटली स्टेडियम पर सिर्फ एक मैच सुपर ओवर में जीत पाई है। पहले चार मैच जीतने वाली दिल्ली की टीम को उम्मीद है कि मैदान बदलने से उसकी तकदीर भी बदलेगी। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बारिश में धुले पिछले मैच में दिल्ली की बल्लेबाजी ईकाई ने निराश किया। उसके शीर्ष पांच बल्लेबाज 29 रन के स्कोर पर पवेलियन में थे और आशुतोष वर्मा की पारी के दम पर ही टीम 133 रन बना सकी। पिछले मैच में करूण नायर से पारी की शुरूआत कराने का दाव भी नहीं चला और वह खाता भी नहीं खोल पाए। दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी गेंदबाजों की मददगार पिच पर शुरू ही से चौके छक्के लगाने के प्रयास में आउट हो गए। अभिषेक पोरेल अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। वहीं अब तक 381 रन बना चुके केएल राहुल लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं।

अक्षर खुद जल्दी आउट हो गए थे। दिल्ली की बल्लेबाजी में हालांकि अभी भी गहराई है। ट्रिस्टन स्टब्स, विपराज निगम और आशुतोष ने उसे सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

# टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जडेजा की बादशाहत बरकरार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार स्पिनर रवींद्र जडेजा की बादशाहत में कोई कमी नहीं आई है। वह टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हैं। वहीं, बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को भी तगड़ा फायदा हुआ है। बता दें कि, आइसीसी ने बुधवार को पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी। जिम्बाब्वे के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने वाले मेहदी हसन मिराज ने एक स्थान की छलांग लगाकर टेस्ट ऑलराउंडरों की रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। जडेजा अब 400 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। फॉर्म में चल रहे मिराज ने दो टेस्ट मैचों में 116 रन बनाए और 15 विकेट लिए। इसके बाद उन्हें टेस्ट रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 327 अंकों के साथ हासिल करने का मौका मिला। वह नंबर एक पर काबिज जडेजा से 73 रेटिंग अंकों के अंतर से पीछे हैं। इंग्लैंड के अनुभवी खिलाड़ी जो रूट को टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में कुछ खास लाभ नहीं हुआ, जबकि जिम्बाब्वे के शॉन विलियम्स (दो स्थान ऊपर 19वें स्थान पर) और बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम (17वें स्थान पर 60वें स्थान पर) को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन का तगड़ा फायदा हुआ। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग के अलावा मिराज टेस्ट गेंदबाजों की लिस्ट में दो स्थान ऊपर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि बांग्लादेश के उनके साथी तैजुल इस्लाम (सात स्थान ऊपर 16वें स्थान पर) और नईम हसन (छह स्थान ऊपर 54वें स्थान पर) को भी लाभ मिला है।

### बुमराह पहले स्थान पर काबिज

टेस्ट गेंदबाजी में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बादशाहत बरकरार है। वह 908 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर काबिज हैं। जिम्बाब्वे के स्पिनर विन्सेंट मसेकेसा बांग्लादेश टेस्ट के दौरान अपने डेब्यू पर प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद शीर्ष 100 के बाहर पहली बार रैंकिंग में प्रवेश किया।

# 28 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम घोषित

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने कोलकाता में 18 मई से शुरू हो रहे राष्ट्रीय कैंप के लिए 28 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा कर दी है। मोहुन बागान सुपर जाइंट के युवा फॉरवर्ड सुहैल अहमद भट को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। पूर्व नंबर-1 गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को एक बार फिर बाहर रखा गया है। गुरप्रीत सिंह संधू ने आखिरी बार पिछले साल मलेशिया के खिलाफ फ्रेंडली मैच में भारत के लिए खेला था, जहां उनकी एक बड़ी गलती से विपक्षी टीम को गोल मिला और मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद उन्हें इस साल मालदीव के खिलाफ फ्रेंडली और बांग्लादेश के खिलाफ एशियन कप क्वालीफायर में भी टीम से बाहर रखा गया था। उनकी जगह गोलपोस्ट की जिम्मेदारी विषाल कैथ को सौंपी गई है। भारत एएफसी एशियन कप में लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने की तैयारी में है। टीम को तीसरे राउंड के क्वालीफायर में ग्रुप सी में बांग्लादेश, हॉन्गकॉन्ग चाइना और सिंगापुर के साथ रखा गया है। ग्रुप की शुरूआती दोनों मैच ड्रॉ रहे हैं, जिससे सभी चारों टीमों के पास एक-एक अंक हैं।

टीम की तैयारियों के तहत भारत 10 दिनों का ट्रेनिंग कैंप कोलकाता में लगाएगा, जिसके बाद 4 जून को थाईलैंड के खिलाफ एक फ्रेंडली मुकाबला खेलेगा। इसके बाद टीम 10 जून को हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ अहम क्वालीफायर मैच खेलने के लिए काई ताक स्पोर्ट्स पार्क, कौलून सिटी रवाना होगी।

# दक्षिण अफ्रीका को हरा कर भारतीय महिला टीम त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में

एजेंसी

**कोलंबो।** जेमिमाह रॉड्रिग्स (123) की शतकीय, दीप्ति शर्मा (93) और स्मृति मंधाना (51) की अर्धशतकीय पारियों के बाद अमनजोत कौर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने बुधवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम को 23 रनों से हरा दिया है। तीन हार के साथ दक्षिण अफ्रीका त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर हो गई। भारत रविवार को फाइनल मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा। 338 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत अच्छी नहीं हुई और उसने अपना पहला विकेट लारा गुडॉल (चार) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद मियान स्मिट ने तेजमिन ब्रिट्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। 15वें ओवर में अमनजोत कौर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मियान स्मिट (39) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। नोंडुमिसो शंघासे (36) के रूप में दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट गिरा। सिनालो जाफ्टा (21) रन बनाकर आउट हुई। एन डर्कसन ने 80 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (81) रन बनाये। कप्तान क्लोई ट्राइऑन 43 गेंदों में (67) रन को दीप्ति शर्मा ने बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया।

# आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2 भारत की पुरुष-महिला कंपाउंड टीमों ने फाइनल में बनायी जगह, पक्के किये दो पदक

एजेंसी



**शंघाई।** भारत की पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को वर्ल्ड कप स्टेज-2 में दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस उपलब्धि के साथ ही भारत ने इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में दो पदक पक्के कर लिए हैं। विश्व की नंबर-1 पुरुष कंपाउंड टीम–ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा और ऋषभ यादव की तिकड़ी–ने क्वार्टरफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 239-232 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में डेनमार्क के खिलाफ कड़ा मुकाबला रहा, लेकिन भारत ने 232-231 से जीत दर्ज की। क्वार्टरफाइनल में भारत ने पहला सेट 59-60 से गंवाया, लेकिन अगले दो सेट 60-58 और 60-57 से जीतकर बढ़त बना ली। चौथे सेट में भी भारत ने 60-57 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में भारत की शुरूआत खराब रही और पहला सेट 57-60 से हार गया। लेकिन दूसरे सेट में स्कोर 58-58 से बराबर रहा। तीसरे सेट के बाद डेनमार्क को 118-115 की बढ़त थी, लेकिन भारत ने चौथे सेट में 60-57 से बाजी मारते हुए स्कोर 175-175 पर बराबर किया और आखिरी सेट में 57-56 की मामूली बढ़त के साथ फाइनल में जगह बना ली। महिला कंपाउंड टीम–मधुरा धमांगांवकर, चिकिता तनिपार्थी और ज्योति सुरेखा वेन्नम–ने क्वार्टरफाइनल में कजाखस्तान को 232-229 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 232-230 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। भारत का सामना फाइनल में मैक्सिको से होगा, जो महिला कंपाउंड रैंकिंग में दुनिया की नंबर-2 टीम है। पिछले महीने अमेरिका के ऑबर्नडेल में आयोजित वर्ल्ड कप स्टेज-1 में भारत की कंपाउंड मिक्स्ड टीम (ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव) ने स्वर्ण पदक जीता था।

# यूईएफए चैंपियंस लीग फाइनल में इंटर मिलान की धमाकेदार एंट्री

## बार्सिलोना को 4-3 से हराया

एजेंसी





**मिलान।** इंटर मिलान ने मंगलवार रात को यूईएफए चैंपियंस लीग 2024-25 के सेमीफाइनल में बार्सिलोना को एक्स्ट्रा टाइम तक चले रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। दो लेग्स के कुल स्कोर में इंटर ने 7-6 से जीत दर्ज की। मिलान की बरसात में खेले गए इस मुकाबले में इटली के मिडफील्डर डेविडे फ्राटेसी ने 99वें मिनट में विजयी गोल दागा। उनका यह सातवां गोल सीजन का सबसे अहम साबित हुआ और सं सिरो स्टेडियम जश्न में डूब गया।

### सीजन में जान फूंकी, अब खिताब से एक कदम दूर

सिमोन इनजागी की टीम अब म्यूनिख में इस महीने के अंत में होने वाले फाइनल में आर्सेनल या पेरिस सेंट-जर्मेन में से किसी एक से भिड़ेगी। इंटर के लिए यह मुकाबला सीजन का टर्निंग पॉइंट बन गया है, क्योंकि वह पहले ही इटालियन कप से बाहर हो चुका था और सीरी ए की दौड़ में भी नेपोली से पिछड़ गया है।

### गोलकीपर सोमर ने दिखाई क्लास

इंटर के स्विस गोलकीपर यान सोमर ने कई अहम मौके पर शानदार बचाव किए। उन्होंने एरिक गार्सिया और लमीन यमाल के प्रयासों को नाकाम कर मैच में इंटर की उम्मीदों को जिंदा रखा। अब इंटर मिलान दो साल में दूसरी बार चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचा है और एक बार फिर यूरोप का ताज पहनने की दहलीज पर खड़ा है।

### हार के बाद भड़के बार्सिलोना कोच हैंसी फ्लिक

**मिलान।** बार्सिलोना के मैनेजर हैंसी फ्लिक ने मैच के दौरान रेफरी के कई फैसलों पर नाराजगी जाहिर की। हैंसी फ्लिक ने पोलैंड के रेफरी सिजमोन मार्किनियाक के फैसलों की आलोचना करते हुए कहा, हर 50–50 फैसला इंटर के पक्ष में गया। उन्होंने इंटर को दिए गए पेनल्टी पर आपत्ति जताई, जो पाओ कुबारसी के लुटारो मार्टिनेज पर टैकल के लिए वीएआर समीक्षा के बाद दी गई थी। वहीं, बार्सिलोना को मिले एक पेनल्टी को वीएआर ने यह कहते हुए बाहर का फाउल करार दिया कि मिखितारियन का यामल पर फाउल बॉक्स के बाहर हुआ था। बार्सिलोना के खिलाड़ियों और स्टाफ ने एक संभावित हैंडबॉल और डुमफ्रिज द्वारा गेराई मार्टिन पर फाउल को लेकर भी आपत्ति जताई, जो इंटर के बराबरी वाले गोल के पहले हुआ। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्लिक ने कहा, मैं रेफरी के बारे में ज्यादा नहीं बोलना चाहता, लेकिन हर फैसला उनके पक्ष में गया। मैं अपनी टीम से निराश नहीं हूं, उन्होंने सब कुछ झोंक दिया। उन्होंने आगे कहा, मैंने रेफरी को जो कहना था, कह दिया है, लेकिन मैं उसे यहां नहीं दोहराऊंगा।

### बार्सिलोना की शानदार वापसी पर लगा ब्रेक

बार्सिलोना ने पहले हाफ में 2-0 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की। एरिक गार्सिया और डानी ओल्मो ने गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। फिर 88वें मिनट में राफिन्हा ने गोल कर बार्सिलोना को 3-2 की बढ़त दिला दी। लेकिन, इंजरी टाइम में फ्रांसेस्को एचर्बी ने डेनजेल डमफ्रिस की क्रॉस पर गोल कर मुकाबले को एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा दिया।

# हार्दिक पंड्या और आशीष नेहरा पर लगा जुमार्ना

**मुंबई।** आइपीएल 2025 के 56 मैच के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और उनकी पूरी टीम तथा गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। मंगलवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस और गुजरात टाइटन्स के बीच खेले गये मैच में धीमी ओवर गति के लिए हार्दिक पंड्या पर जुमार्ना लगाया गया है। चूंकि आइपीएल की न्यूनतम ओवर–रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध है इसलिए पंड्या पर 24 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्सटीट्यूट सहित मैच खेल रही टीम के सभी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुमार्ना लगाया गया।

# निशानेबाजी में वेदांत, उर्वा ने जीते स्वर्ण पदक

**नयी दिल्ली।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की निशानेबाजी प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने 50 मीटर थ्री पोजीशंस राइफल (पुरुष युवा वर्ग) में और उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में स्वर्ण पदक जीते। गुरुवार को कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर वेदांत ने 452.5 अंकों के साथ स्वर्ण, हरियाणा के रोहित कन्यन ने 451.9 अंकों के साथ रजत और पंजाब के अमितोज सिंह ने 440.1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

# पेट्रा ने इटालियन ओपन में पहली जीत दर्ज की

**रोम।** दो बार की विंबलडन चैंपियन और चेक गणराज्य की टेनिस खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने अपने पहले बच्चे के जन्म के बाद इटालियन ओपन मुकाबले में पहली जीत दर्ज की है। रोम में इटालियन ओपन के पहले दौर में चेक गणराज्य की खिलाड़ी क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना–कैमेलिया बेगू पर सीधे सेट 7–5, 6–1 से जीत दर्ज की।

# बोकारो: सीएम हेमंत पहुंचे अलारगो नव विवाहित दंपति को दिया आशीष




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** बोकारो जिला अंतर्गत चंद्रपुरा प्रखंड के अलारगो पहुंचे सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन को उपायुक्त विजया जाधव द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। ज्ञातव्य है कि दिवंगत पूर्व शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो एवं पूर्व मंत्री बेबी देवी के पुत्र एवं पुत्रवधू के विवाहोत्सव पश्चात आयोजित प्रीतिभोज कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन शामिल होने चंद्रपुरा के अलारगो पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन पूर्व मंत्री स्व जगरनाथ महतो एवं पूर्व मंत्री बेबी देवी के सुपुत्र अखिलेश महतो के विवाह उपरांत आयोजित आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए तथा नवदंपति को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मंत्री मिथलेश ठाकुर की पत्नी, चंदनक्यारी के जेएमएम विधायक उमाकांत रजक, बोकारो एसपी मनोज स्वर्गीय, बोकारो डीएसपी, बोकारो डीसी विजया जाधव, बेरमो डीएसपी वशिष्ठ नारायण सिंह, चंद्रपुरा सीओ, बेरमो थाना प्रभारी रोहित सिंह, कथारा थाना प्रभारी, गांधी नगर थाना प्रभारी, चंद्रपुरा थाना प्रभारी अमन सिंह, जेएमएम नेता मदन मोहन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद थे।फोटो क्रमांकः ल्ली६२-117अ &117

# बोकारो इस्पात प्रबंधन की झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के यूनियनों के साथ बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड में अवस्थित सेल की विभिन्न खदानों में कार्यरत यूनियनों क्रमशः एटक इंटक बीएमएस सीटू एचएमएस जेएमएमएस और स्थानीय यूनियनों तथा ऑफिसर एसोसिएशन के काउंसिल सदस्यों के साथ बोकारो स्टील प्रबंधन की तीन दिवसीय बैठक का आयोजन बीएसएल के प्रशासनिक भवन में किया गया।

इस बैठक में यूनियनों के महासचिवों के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने भाग लिया। सेल-बीएसएल की ओर से बैठक में अधिशासी निदेशक-मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी अधिशासी निदेशक-माइंस विकास मनवटी सहित मुख्य महाप्रबंधक-मानव संसाधन अंजनी कुमार शरण मुख्य महाप्रबंधक- माइंस एवं चिकित्सा विभाग के प्रमुख उपस्थित थे। बैठक के आरंभ में बीएसएल द्वारा किए गए कई अहम पहलों व गतिविधियों से संबंधित जानकारी यूनियन प्रतिनिधियों तथा ऑफिसर एसोसिएशन के काउंसिल सदस्यों के साथ साझा किया गया। यूनियन मीट में शामिल यूनियन प्रतिनिधियों के अलग-अलग समूहों के साथ बैठकें आयोजित की गईं। बैठक का उद्देश्य खदानों में कार्यरत कर्मचारियों की कठिनाइयों से जुड़े पहलुओं पर सार्थक चर्चा करने व कार्यस्थल पर प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं में समग्र रूप से बेहतरी लाने और खदान समूह को नई ऊंचाइयां प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करना था। बैठक में उपस्थित अधिशासी निदेशकों व वरीय अधिकारियों ने यूनियन प्रतिनिधियों से विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और अपने विचार रखे।

## एक नजर में

### सीसीएल कथारा क्षेत्र में ऑपरेशन ब्लैकआउट को लेकर नागरिक मॉक ड्रिल का आयोजन



कथारा। कथारा क्षेत्र में बुधवार को 'ऑपरेशन ब्लैकआउट' के अंतर्गत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित नागरिकों को व्यापक नागरिक मॉक ड्रिल के प्रति जागरूक किया गया, जिसका उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में क्षेत्र की सामूहिक प्रतिक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक एकजुटता की परीक्षा लेना था। कार्यक्रम ने यह स्पष्ट किया कि संकट के समय केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि समर्पित भावना और संगठित प्रयास ही किसी आपदा से लड़ने का वास्तविक हथियार हैं। इस अवसर पर कथारा जीएम संजय कुमार ने कहा कि आज का यह आयोजन हमें यह सिखाता है कि सुरक्षा किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय भावना है, जिसमें हर नागरिक सहभागी है। ऑपरेशन ब्लैकआउट जैसी मॉक ड्रिल हमें सजग, सतर्क और संगठित बनाती हैं। उन्होंने भारतीय सेना को विशेष रूप से बधाई दी, जिन्होंने हाल ही मिशन सिन्दूर के अंतर्गत 9 आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर देश की सुरक्षा को एक नई ऊंचाई दी है। भारतीय सेना की यह कार्रवाई न केवल आतंकवाद के खिलाफ एक साहसिक कदम है, बल्कि यह समर्पण, दृढ़ निश्चय और राष्ट्रप्रेम का प्रेरक उदाहरण भी है। हम सभी भारतीय सेना को उनके अद्वितीय पराक्रम और अनुकरणीय वीरता के लिए हार्दिक बधाई देते हैं।

### गोड्डा नगर परिषद कर्मियों का अल्टीमेटम, 12 मई तक मांगें नहीं मानी गयी तो 13 से होगा आंदोलन

गोड्डा। नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने एक बार फिर से अपनी मांगों को लेकर प्रशासन को चेतावनी दी है। वहीं अपनी मांगों को लेकर सभी सफाई कर्मी मंगलवार शाम 3 बजे नगर परिषद के पुराने भवन में एकत्रित हुए और अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की घोषणा की। वहीं कर्मियों का कहना है कि कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार ने पहले लिखित और मौखिक समझौता किया था लेकिन अब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुई हैं, इससे सभी कर्मी नाराज हैं। कर्मियों की प्रमुख मांगों में दैनिक कर्मियों की बकाया बढ़ोतरी का एरियर सहित भुगतान, नियमित कर्मियों का बकाया वेतन और पीएफ का एकमुश्त भुगतान, दैनिक कर्मियों की ईपीएफओ राशि का भुगतान, सेवानिवृत्त कर्मियों की बकाया पेंशन का भुगतान, नियमित कर्मियों को एससीपी का लाभ। वहीं कर्मियों ने चेतावनी दी है कि 12 मई तक मांगें नहीं मानी गईं तो 13 मई को मशाल जुलूस निकालेंगे। 14 मई को काम करते हुए धरना देंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना को आभार: जतीन

दुमका। सामाजिक कार्यकर्ता जतिन कुमार ने सेना का आभार प्रकट किया। सरकार और सेना ने पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में भारतीय सशस्त्र बलों की स्ट्राइक 'ऑपरेशन सिंदूर'। पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया गया। नौ ठिकानों की पहचान कर उन्हें बर्बाद किया गया। इन ठिकानों में आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। ये आतंकियों के लॉन्च पैड थे। ऑपरेशन सिंदूर के लिए इन लक्ष्यों का चयन विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर हुआ। इसमें यह ध्यान रखा गया कि रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे।



### आचार संहिता उल्लंघन मामले में भाजपा गोड्डा के पूर्व विधायक समेत सात को मिली जमानत

दुमका। आदर्श आचार संहिला उल्लंघन मामले में भाजपा गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल की बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में पेशी हुई। पूर्व विधायक की एमपी-एमएलए विशेष अदालत एसडीजेएम मोहित चौधरी की अदालत में पेशी हुई। पूर्व विधायक समेत अन्य आरोपियों को न्यायालय से जमानत मिली। हलांकि पूर्व में एमपी-एमएलए विशेष अदालत जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राजेश सिन्हा की अदालत से अग्रिम जमानत मिल चुकी थी। आज बुधवार को न्यायालय के समक्ष बेल बॉड भरा। मामले में पूर्व विधायक अमित कुमार मंडल, गौतम मंडल, संतोष कुमार, कमलाकांत मंडल, राहुल मंडल एवं निरंजन मंडल समेत सात के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। मामला विधानसभा चुनाव के समय गोड्डा मुफस्सिल थाना कांड संख्या 210/24 के तहत धारा 121,132,3(5) बीएनएस एवं लोक संपति अधिनियम 126 के तहत मामला दर्ज हुई थी।

### बेरमो : शिकायतों की जांच के लिए विद्यालय पहुंचे जिला शिक्षा अधीक्षक



बेरमो। बोकारो के जिला शिक्षा अधीक्षक प्राप्त शिकायतों की जांच के लिए 6 मई को उत्क्रमित मध्य विद्यालय नैनाटांड़ पहुंचे। शिक्षा अधीक्षक ने शिक्षक पर लगे गंभीर आरोपों की जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई करने की बात कही। जानकारी के अनुसार बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड के साड़म के नैनाटांड़ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बीते 3 मई को स्कूल के शिक्षक कुंजलाल राम द्वारा कुछ छात्राओं के साथ गलत व्यवहार एवं गलत तरीके से छूने का मामला प्रकाश में आया। दूसरे दिन 4 मई रविवार होने के कारण मामला शांत रहा।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में श्रम मंत्री संजय यादव के केस में अगले तिथि में होगी बहस

दुमका। आदर्श आचार संहिता मामले में श्रम नियोजन मंत्री संजय यादव एमपी - एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई एमपी-एमएलए विशेष अदालत सह एसडीजेएम मोहित कुमार चौधरी के अदालत में हुई। सुनवाई विधानसभा चुनाव 2014 में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में हुई। बुधवार को केस में सफाई बयान दर्ज होना था। अब अगली तिथि में बहस होगी। जिसमें थाना कांड संख्या 652/ 23 के तहत मामला दर्ज हुआ था। मामला तत्कालीन बीडीओ पायल राज के लिखित आवेदन पर हुआ। मामला दर्ज वर्तमान राजद प्रत्याशी संजय यादव के खिलाफ पार्टी कार्यालय एवं झंडा-पोस्टर लगाने को लेकर, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

### बोकारो महिला समिति ने गायत्री मंदिर प्रांगण में लगाया वाटर कूलर

बोकारो। बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 09 स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण में महिला समिति बोकारो द्वारा भेंट स्वरूप वाटर कूलर का अनावरण महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष अनीता तिवारी ने किया। वाटर कूलर से श्रद्धालुओं तथा गायत्री परिवार के समस्त कार्यकताओं को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल सुचारू रूप से चौबीस घंटे उपलब्ध हो सकेगा। वाटर कूलर के अनावरण कार्यक्रम में वर्षों से गायत्री परिवार से जुड़ी हुई महिला समिति की पूर्व उपाध्यक्ष प्रीति शरण भी शामिल थीं। महिला समिति की उपाध्यक्ष अल्का मनवटी सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया सह-कोषाध्यक्ष अंजलि सुरभि प्रभारी अनिशा झा विद्यालय प्रभारी नीतू तथा आशा राज सैनिटरी तथा सिलाई केंद्र प्रभारी प्रीति राजेश तथा समिता मोहंती ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विशेष योगदान किया।

## स्पीड न्यूज

### बाइक की भिडंत में एक की मौत, दो घायल



दुमका। जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-मसलिया मुख्य पथ पर विजयपुर पुल के पास दो बाईक की जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें एक बाईक सवार की मौके के पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देवघर जिला के चित्रा कोलवरी निवासी अरमान गुप्ता अपने साथी भाष्कर के साथ ग्लैमर बाइक से मसलिया की ओर जा रहा था। जहां सामने से आ रही तेज गति बुलेट से टकरा गया। जिससे मौके पर ही ग्लेमर बाईक सवार की मौत हो गई। मृतक बाईक सवार की पहचान देवघर जिला के चित्रा कोलवरी निवासी अरमान गुप्ता एवं घायल भाष्कर कुमार के रूप में हुई। वहीं तीसरे घायल बुल्लेट सवार की पहचान नहीं हो सकी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को इलाज के लिए फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पीजी सेमेस्टर-3 वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम जारी

दुमका। सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-25 के पीजी सेमेस्टर-3 परीक्षा 2024 का वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया है। उक्त परीक्षा में कुल 87.71 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। मालूम हो कि विश्वविद्यालय ने उक्त परीक्षा 5 से 16 अप्रैल तक आयोजित की थी। अब महज 21 दिनों में परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार साह ने बताया कि अभी सिर्फ वाणिज्य संकाय का परिणाम जारी किया गया है। एक सप्ताह के अंदर कला, मानविकी और विज्ञान संकाय का परिणाम भी प्रकाशित कर दिया जाएगा। उक्त संकायों के विषयों का मूल्यांकन कार्य अंतिम चरण में है। जैसे ही मूल्यांकन प्रक्रिया सम्पन्न होगी परिणाम जारी कर दिया जायेगा।

### भाजपा नेता की पत्नी के श्राद्धकर्म में शामिल हुए पूर्व सांसद



बेरमो। फुसरो नगर परिषद के करगली रेलवे क्वार्टर निवासी सह भाजपा नेता सत्येन्द्र सिंह की धर्मपत्नी स्व सुनिला देवी के श्राद्ध कार्यक्रम में पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह सहित सैकड़ो गणमान्य लोग शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### बेहोश होकर सड़क पर गिरी महिला की हुई मौत

गोड्डा। बिहार के धोरैया थाना क्षेत्र के पैर गांव के विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। मृतक महिला का नाम सोनी देवी, उम्र करीब 19 वर्ष बताया गया है। मृतक विवाहिता अपने सौतेले पुत्र को छोड़ने के लिए स्कूल गयी थी। स्कूल जाने के क्रम में बेहोश होकर गिर गयी, जिसके बाद मौत हो गयी। हालांकि महिला को उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया था, लेकिन चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया गया। विवाहिता को उसके ससुराल वाले बांका जिले के धौरेया थाना के पैर गांव से लेकर आये थे। मौत की सूचना के बाद महिला के शव को लेकर जाना चाह रहे थे, लेकिन गार्ड ने उन्हें रोका और अस्पताल प्रबंधन द्वारा इसकी सूचना नगर थाना को दी। इसके बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और घटना को लेकर पूछताछ की।

## बेरमो : करगली मे जस्ट ट्रांजीशन और इकोनॉमिक डाइवर्सिफिकेशन पर कार्यशाला आयोजित

# कोयला क्षेत्रों के भविष्य पर हुआ मंथन

**जस्ट ट्रांजीशन आज का ज्वलंत मुद्दा है, जो कोयला क्षेत्रों के भविष्य से जुड़ा है: के एस गैवाल**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके एरिया करगली ऑफिसर क्लब में बुधवार को डिजिटल एंपावरमेंट फाउंडेशन और स्वनीति इनिशिएटिव के तत्वावधान में 'जस्ट ट्रांजिशन और इकोनॉमिक डाइवर्सिफिकेशन' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बोकारो जिले में कोयला पर निर्भरता को समझना और कोयला आधारित उद्योगों में आर्थिक विविधीकरण के लिए वैकल्पिक रोजगार के अवसरों की तलाश करना था। कार्यशाला में ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों, स्थानीय निवासियों और विशेषज्ञों सहित विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। इस दौरान, कोयला उद्योग के भविष्य और इससे प्रभावित होने वाले समुदायों की आजीविका से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे सामने आए। कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वनीति इनिशिएटिव के फेलो ऋषि किशोर ने बोकारो जिले में किए अध्ययन के परिणामो को पीपीटी द्वारा प्रेजेंटेशन किया। इसके बाद बीएंडके एरिया के जीएम (ऑपरेशन) के एस गैवाल ने स्वनीति के अध्ययन रिपोर्ट एवं कार्यशाला आयोजन पर हर्ष प्रकट करते हुए कहा जस्ट ट्रांजीशन आज का ज्वलंत मुद्दा है, जो कोयला क्षेत्रों के भविष्य से जुड़ा है। एरिया वित्त महाप्रबंधक ज्ञाननेदु चौबे ने कोयला बंदी से वित्तीय प्रभावों और सीएसआर फंड के उपयोग पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने सीएसआर प्रशिक्षणों की क्षणिक प्रकृति और वैकल्पिक ऊर्जा की ओर बढ़ने की प्रक्रिया में लगने वाले समय की बात कही। उन्होंने स्थानीय स्वरोजगार में स्वयं सहायता समूहों और संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। एटक नेता लखन लाल महतो ने कोयला खदानें बंद होने की स्थिति में पेंशन की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। बीएमएस के रविन्द्र मिश्रा ने सीएसआर के तहत दिए जाने वाले प्रशिक्षणों के बंद होने और आउटसोर्सिंग कंपनियों के कारण लोगों के पलायन और दुर्घटनाओं का शिकार होने का मुद्दा उठाया। इंटक के श्यामल सरकार ने झारखंड में 71 कोयला खदानों और सीसीएल में कार्यरत 32,000 कर्मचारियों का उल्लेख करते हुए ऊर्जा संक्रमण के संभावित प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला को जमसं के टीनू सिंह, विकास सिंह,ओम शंकर सिंह, एटक के सुजीत घोष, चन्द्रशेखर झा, सीटू के पंकज महतो ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि कोयला क्षेत्रों में 'जस्ट ट्रांजिशन' को सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करने और दीर्घकालिक रणनीतियां तैयार करने की आवश्यकता है। कार्यशाला में बीएंडके एरिया के कई अधिकारी, कर्मचारी सचिन सिंह, रोशन सिंह, स्वनीति से सत्येंद्र कुमार, अंजना, दीक्षा पाण्डेय, भैया साहेब, डीईएफ से अंजर रजा, मैत्री सिंह, सुरेश राम, आदि उपस्थित थे।

## संयुक्त ट्रेड यूनियन की ओर से बुलाई गयी हड़ताल को लेकर ढोरी जीएम को सौपा पत्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीटू और झाकोमयू ने संयुक्त रूप से 20 मई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल के समर्थन मे ढ़ोरी महाप्रबंधक को एक मांग पत्र भी सौंपा। यूनियन नेताओं ने कहा इस हड़ताल के पीछे केंद्र सरकार के चार श्रम कोड और मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में हड़ताल करना है। कार्यक्रम मे सीटू नेता गोवर्धन रविदास, कुंज बिहारी प्रसाद व मनोज पासवान और झाकोमयू के ढ़ोरी क्षत्रिय सचिव जयनाथ मेहता ने कहा कि इस मांग पत्र में, ट्रेड यूनियनों ने केंद्र सरकार के चार लेबर कोड और किसान एवं मजदूरों की 17 सूत्री मांगों को लेकर 20 मई की देशव्यापी हड़ताल और ग्रामीण बंद का समर्थन किया है।

**20 मई को हड़ताल**

वामपंथी दलों ने 20 मई को देशव्यापी हड़ताल और ग्रामीण बंद का समर्थन किया है। इस हड़ताल के पीछे प्रमुख कारण केंद्र सरकार के चार लेबर कोड और मजदूर एवं किसान की 17 सूत्री मांगें हैं। वामपंथी दल 20 मई को दो घंटे का चक्का जाम भी करेंगे। 19 मई को चक्का जाम के लिए मशाल जुलूस निकाला जाएगा। 20 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चक्का जाम कर गिरफ्तारियां दी जाएंगी।

## बोकारो : बिस्को ने एसबीआई सेक्टर-4 में किया पुरस्कार वितरण सह संगीत संध्या का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बैंक इंश्योरेंस स्पोर्ट्स एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन (बिस्को) द्वारा गत माह में किये गए विभिन्न कार्यक्रमों/ प्रतियोगिताओं के विजेताओं को तथा समाज के लिए विशिष्ट योगदान करने वाले सदस्यों को विशेष रूप से पुरस्कृत करने हेतु स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक बोकारो स्टील सिटी शाखा सेक्टर 4 में पुरस्कार वितरण सह संगीत संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन पीएनबी के मंडल प्रमुख राजेश कुमार श्रीवास्तव बिस्को के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धेश नारायण दास एवं महासचिव राघव कुमार सिंह ने किया। तत्पश्चात रश्मि सोनल सुनीता राय सुबोध रजक अवधेश प्रसाद हिमांशु शेखर मिश्रा रीता श्रीवास्तव पूजा सिन्हा श्रीजनी सेन गुप्ता द्वारा बिस्को संगठन गीत प्रस्तुत किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में महासचिव राघव कुमार सिंह ने विस्तार से अपनी बातों को रखते हुए कहा कि कुछ अपरिहार्य कारण से इस कार्यक्रम के आयोजन में विलंब हुआ है- हम सबों को इसका खेद है। बिस्को के कार्यकारी अध्यक्ष एसएन दास ने बिस्को संगठन का संक्षिप्त परिचय देते हुए बिस्को द्वारा सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम का संचालन सुबोध रजक एवं धन्यवाद विनोद कुमार सिन्हा ने किया। पीएनबी के मंडल प्रमुख राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बैंक और बीमा के संयुक्त सहयोग से बना यह संगठन अद्भुत है। सामाजिक सांस्कृतिक तथा क्रीड़ात्मक विकास में इस संगठन की भूमिका काफी अहम है। कार्यक्रम में जगदीश बाबला के निर्देशन में कुमारी श्रीजनी सेनगुप्ता सुबोध रजक रश्मि सोनल हिमांशु शेखर मिश्रा रीता श्रीवास्तव पूजा सिन्हा ने अपने गायन से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम की सफलता में संस्था के महासचिव राघव कुमार सिंह के साथ विभाष झा, रामाशीष सिंह, राजेश श्रीवास्तव, दीपनारायण कुमार, प्रदीप झा, अवधेश प्रसाद, सुबोध कुमार रजक, राकेश कुमार मिश्रा, सितारे अहमद, प्रशांत कुमार, अवधेश कुमार, ज्ञान स्वरूप सिन्हा, अरुण कुमार, कृष्णकांत कुमार आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बेरमो : कोयला चोरों के बुलंद हौसले के सामने सुरक्षाकर्मी दिखते हैं बेबस



खबर मन्त्र संवाददाता

**कथारा।** बुधवार को अहले सुबह 04:15 बजे जब सीसीएल सुरक्षा कर्मी यानी क्षेत्रीय गश्ति दल एवं जारंगडीह गश्ति दल, जारंगडीह कोयला स्टॉक पहुंचे तो देखा कि कुछ लोग उक्त स्थल पर कोयला चोरी में लिप्त थे। चोरों की संख्या लगभग 08 से 10 की थी। गश्ति दल द्वारा कोयला चोरों को उस स्थल से खदेड़ा। उक्त चोरों को खदेड़ने के उपरांत गश्ति दल वापिस जाने लगे। वापिस जाने के क्रम में लगभग 15-20 की संख्या में कोयला चोर मोटरसाइकिल से गश्ति दल का पीछा करने लगें।चोरों द्वारा कथारा गायत्री कॉलोनी के पास जारंगडीह गश्ति दल के वाहनों को घेर लिया। जिसके उपरांत कोयला चोरों द्वारा गली गलौज करते हुए गश्ति वाहन पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिससे गश्ति वाहन का दाहिनी साइड का शीशा टूट गया। इसके अतिरिक्त चोरों द्वारा गश्ति दल में मौजूद जवानों के साथ मारपीट भी की गई। जिससे निम्न लोग चोटिल हो गए: सुरेश राम, सुरक्ष प्रभारी, जारंगडीह धर्मराज एवं उमेश सिंह, सुरक्षा प्रहरी।कोयला चोरों द्वारा आए दिन ऐसी मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। इसके अतिरिक्त चोरों द्वारा धमकाया गया कि ये उनका रोज का धंधा है तथा उन्हें कोई नहीं रोक सकता। अब सवाल उठता है कि कोयला चोरों के आगे सीसीएल के सुरक्षा कर्मी इतने बेसस क्यो नजर आते हैं। वही दुसरी तरह इस घटना को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि कोयला चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि सुरक्षा कर्मी को घेरकर तथा उस पर हमला कर घायल तक कर डालता है और सुरक्षा कर्मी हाथ बांधे पिटते रहते हैं।

जरुरत है इन कोयला चोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की जिसके लिए सीसीएल के जीएम व स्थानीय पुलिस प्रशासन को सख्ती से निपटना होगा और कोयला चोरों पर कड़ी कार्रवाई करनी होगी तभी इन कोयला चोरों की निडरता समाप्त होगी।

## डीपीएस चास में 'परिवर्तनकारी छात्र अभिमुखीकरण' कार्यक्रम संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस चास द्वारा आयोजित परिवर्तनकारी छात्र अभिमुखीकरण कार्यक्रम में किशोरावस्था परामर्श के महत्वपूर्ण जीवन कौशल पर ध्यान केंद्रित किया गया। सत्र का संचालन प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक सलोनी प्रिया संस्थापक और निदेशक-उम्मीद और गुंजन और उम्मीद टीम के मुख्य सदस्यों ने किया। उनकी विशेषज्ञ अंतर्दृष्टि ने छात्रों को किशोरावस्था के भावनात्मक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक बदलावों का पता लगाने में मदद की जिससे उन्हें आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ सुसज्जित किया गया। सलोनी प्रिया ने कहा कि किशोरावस्था को एक समस्या के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि एक यात्रा के रूप में समझा जाना चाहिए। गुंजन ने युवा दर्शकों को भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर निर्देशित किया जिससे उन्हें विकल्पों सहकर्मी दबाव और आत्मनियंत्रण की शक्ति पर विचार करने में मदद मिली। कार्यक्रम का समापन निदेशक और प्रिंसिपल डॉ मनीषा तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि हमें आप जैसे विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अपने छात्रों को देखकर गर्व महसूस होता है।

## पेज एक का शेष

### काशिश न्यूज के जोहार टॉक्स में झारखंड के विकास पर हुई खुली चर्चा

### औद्योगिक कारिडोर बनायेंगे: यादव

श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने सरकार की श्रमिक हितैषी नीतियों का उल्लेख करते हुये कहा कि झारखंड के श्रमिक आज अपने अधिकारों को लेकर सजग हैं। राज्य सरकार उन्हें योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर पहुंचा रही है। हेमंत सोरेन सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चिता करना है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से झारखंड के धनबाद और सरायकेला के साथ साथ दोनों जिले के बीच करीब 100 किलोमीटर का क्षेत्र चिन्हित किया जा रहा जिसे इंडस्ट्रियल कारिडोर के रूप में विकसित करने की तैयारी है। फाइल अंतिम चरण में है जल्द कैबिनेट में चर्चा के लिए लाया जायेगा।

### विपक्ष की भी रही दमदार मौजूदगी

कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी ने विमर्श को और व्यापक बना दिया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी, विधायक उज्जवल दास, विधायक नवीन जायसवाल, विधायक सीपी सिंह और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मंच से अपने विचार रखे। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि यहां विचारधाराओं का टकराव नहीं बल्कि समाधान की दिशा में संवाद हुआ। हर वक्ता ने झारखंड को एक सशक्त और समावेशी राज्य बनाने की भावना के साथ अपने विचार रखे।

स्पीड न्यूज

### अहमदाबाद के नमो स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम (नमो स्टेडियम) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पाकिस्तान जेके के नाम से गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन (जीसीए) के ई-मेल पर मेल किया गया है। आईपीएल मैच को लेकर पुलिस और बम स्क्वॉड ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्टेडियम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार पाकिस्तान जेके के नाम से भेजे गए ई-मेल में एक लाइन की धमकी है। इसमें लिखा है कि वी विल ब्लास्ट योर स्टेडियम। इस ई-मेल के बाद पुलिस, साइबर पुलिस समेत बम स्क्वॉड स्टेडिम के चप्पे-चप्पे पर जांच कर रहा है।

### सीबीआइ निदेशक का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ा

नयी दिल्ली। सरकार ने सीबीआइ के निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल 24 मई से एक वर्ष के लिए और बढा दिया है। केन्द्रीय कार्मिक , जन शिकायत और प्रशिक्षण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल 24 मई से एक वर्ष के लिए बढाने को मंजूरी दे दी है। सूद भारतीय पुलिस सेवा के 1986 बैच के अधिकारी हैं। नये निदेशक का चयन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कुछ दिन पहले ही बैठक हुई थी। नये निदेशक के नाम पर सहमति नहीं बन सकी।

### पाकिस्तान ने हवाई क्षेत्र 48 घंटे के लिए किया बंद

नयी दिल्ली । भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमलों के बाद पाक ने बुधवार को नागरिक विमानन अपने हवाई क्षेत्र को 48 घंटे के लिए बंद करने की घोषणा की। पाकिस्तान ने पहले केवल इस्लामाबाद और लाहौर के हवाई क्षेत्र को बंद करने का ऐलान किया था और उड़ानों को इन दोनों क्षेत्रों की सभी उड़ानों को कराची की ओर मोड़ दिया गया था।

### अमृतसर में तीन ड्रग तस्कर गिरफ्तार

चंडीगढ़। बीएसएफ ने सीमावर्ती क्षेत्र अमृतसर में एक अभियान चलाकर तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया। बीएसएफ प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि खुफिया शाखा की विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीमों ने अमृतसर के अवानबसु गांव में तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्करों के पास से 25 ग्राम हेरोइन, एक पिस्तौल, मैगजीन और 4 जिंदा कारतूस, 2000 रुपये की ड्रग मनी, 4 स्मार्टफोन, एक मोटरसाइकिल और एक ट्रैक्टर बरामद किया।

### दहशतगर्दी की जड़ पर हमला हो : अखिलेश

लखनऊ। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों के ठिकानों पर की गई कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि यह लड़ाई लंबी है और दहशतगर्दी की जड़ पर हमला करना होगा। यादव ने कहा कि जब आतंकवाद की जड़ पर हमला होगा तो यह जो टहनियां दिखाई दे रही हैं वे अपने आप सूख जाएंगी। यह लड़ाई लंबी है और सीमा की सुरक्षा के लिए हमेशा सजग रहना पड़ेगा।

### शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 105 अंक चढ़ा

मुंबई। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद ब्रिटेन के साथ हुए एफटीए व एफआईआई के मजबूत रुख से बुधवार को शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 105 अंक उछलकर 80,746 अंक पहुंचा, वहीं निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24414 अंक पर पहुंच गया।मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक लिवाली से मिडकैप 1.36 फीसदी छलांग लगाकर 42,970 और स्मॉलकैप 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 47,377 पर पहुंचा।

# पाक तनाव बढ़ायेगा तो फिर मिलेगा जवाब

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांचों स्थाई सदस्यों से डोभाल ने की बात

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम देने के कुछ ही घंटों बाद भारत की कूटनीति तेज हो गई। पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एनएसए ने जहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांचों स्थाई सदस्यों (अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों से टेलीफोन पर बात कर भारत का पक्ष रखा। वहीं शाम को चार बजे विदेश मंत्रालय के साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में यूएनएससी के पांचों स्थाई सदस्यों और नौ अस्थाई सदस्यों के भारतीय राजदूतों को बुला कर ऑपरेशन सिंदूर के पीछे की वजहों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए डोभाल ने कई देशों में स्थित अपने समकक्षों से बात की। भारत का रूख साफ है कि उसने सीमा पार आतंकवाद पर जीरो-टोलेरेंस की नीति के तहत अपनी आत्मरक्षा में यह जवाबी कार्रवाई की है लेकिन अब उसकी मंशा तनाव को आगे बढ़ाने की नहीं है। हालांकि अगर पाकिस्तान कुछ करता है तो भारत उसका जवाब देने को भी पूरी तरह से तैयार है। यह बात भारत ने चीन को खास तौर पर बताई है। उधर, बुधवार को

- सीमा पार आतंकवाद पर जीरो-टोलेरेंस की नीति के तहत अपनी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की है, अब मंशा तनाव को आगे बढ़ाने की नहीं है : अजीत डोभाल

जैसे-जैसे दुनिया भर में भारत की तरफ से पहलगाम हमले का बदला लेने के बाद पाकिस्तान के भीतर हमला करने की सूचना पहुंची, अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आने लगी। सबसे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें भारत की कार्रवाई की सूचना मिली है और उम्मीद है कि जल्द ही दोनों देशों के बीच शांति स्थापित होगी।

**डोभाल ने अमेरिका के विदेश मंत्री से की बात :** ट्रंप के उक्त बयान के कुछ ही देर बाद एनएसए डोभाल ने अमेरिका के विदेश मंत्री व कार्यवाहक एनएसए मार्को रूबियो से बात की। रूबियो ने भी कहा कि उनकी नजर पूरे हालात पर है। मैं भारत व पाकिस्तान से आग्रह करता हूं कि वह संवाद जारी करें और तनाव को खत्म करें।

ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, यूएई, सउदी अरब, ब्रिटेन, रूस जैसे तमाम देशों ने दक्षिण एशिया के इन दो परमाणु हथियार संपन्न देशों के बीच के बढ़ रहे सैन्य तनाव पर गहरी चिंता



जताई है और भारत व पाकिस्तान से कहा है कि वह अब कोई ऐसा कदम नहीं उठाएं जिससे हालात और खराब हो। विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में जो बात कही, उसी आधार पर ही सभी देशों को बताया गया है। भारत ने सोच समझ कर, सटीक तरीके से आतंकी शिवरों पर हमला किया है लेकिन अब मौजूदा तनाव की स्थिति को और खराब नहीं करना चाहिए।

अब आगे भारत की कार्रवाई पूरी तरह से पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा। एनएसए ने यह बात चीन के विदेश मंत्री व एनएसए वांग यी को भी कही। डोभाल ने कहा कि भारत की इच्छा मामले को बिगाड़ने का नहीं है लेकिन अगर पाकिस्तान बिगाड़ता है तो भारत जवाब देने को भी पूरी तरह से तैयार है। चीन एकमात्र ऐसा देश है जिसके विदेश मंत्री या राष्ट्रपति के साथ भारत का कोई संवाद नहीं हुआ है। 22 अप्रैल की घटना के बाद पीएम मोदी ने यूएनससी के पांच स्थाई सदस्यों में से चार सदस्यों के राष्ट्र प्रमुखों से और विदेश मंत्री ने 10 अस्थाई सदस्यों में से नौ के विदेश मंत्रियों से बात की है। उधर, पाकिस्तान को तुर्कीए ने भी पूरा समर्थन दिया है।

## विश्व के नेताओं ने की संयम बरतने की अपील

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व नेताओं ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के मंगलवार देर रात चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर किये गये हमलों पर सधी हुई प्रतिक्रिया करते हुये दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि मैंने इसके बारे में सुना, मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। उम्मीद है कि यह जल्दी ही खत्म हो जायेगा। वे (भारत-पाकिस्तान) लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई-कई दशकों से लड़ रहे हैं, अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाये।

चीन ने हालांकि भारत की कार्रवाई को अफसोसजनक करार दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे के पड़ोसी भी हैं, चीन सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करता है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने दोनों देशों से शांत रहने, संयम बरतने और ऐसी कार्रवाइयों से बचने की अपील की है, जो स्थिति

- दोनों देशों के बीच जल्द खत्म होगा संघर्ष : ट्रंप
- भारत-पाक संयम बरते कार्रवाई से बचे : चीन
- दुनिया दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बर्दाश्त नहीं कर सकती है : संयुक्त राष्ट
- इजरायल ने किया भारत के आत्मरक्षा का समर्थन
- पाकिस्तान और भारत को संयम दिखाना चाहिए : रूस

को और जटिल बना सकती है।

भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को पता होना चाहिये कि निर्दोषों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिये उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने का आह्वान करते हुए कहा है कि दुनिया इन दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बर्दाश्त नहीं कर सकती है।

गुटेरेस ने न्यूयार्क में जारी एक बयान में कहा कि संयुक्त राष्ट्र भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार भारतीय सैन्य अभियानों को लेकर बहुत चिंतित हैं। उन्होंने दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने का आह्वान किया और कहा कि दुनिया भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती।

रूसी विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान और भारत के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पाकिस्तान और भारत को संयम दिखाना चाहिए। प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि हम चिंतित हैं और दोनों देशों से संयम की अपील करते हैं।

ब्रिटिश व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने कहा कि हम पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव कम करने में मदद के लिए तैयार हैं। हमारा संदेश यह होगा कि हम पाकिस्तान और भारत के मित्र तथा साझेदार हैं। हम क्षेत्रीय स्थिरता, वार्ता और तनाव कम करने के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, करने के लिए तैयार हैं। यूएई के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने और तनाव कम करने का आग्रह किया है। शेख नाहयान ने दक्षिण एशिया में और अधिक क्षेत्रीय तनाव से बचने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से हल करने का सबसे प्रभावी साधन है।

# जैश सरगना का पूरा कुनबा मिट्टी में मिला

- ऑपरेशन सिंदूर में मसूद अजहर की पत्नी समेत 15 लोगों की मौत
- बिलाल आतंकी कैंप के प्रमुख याकूब भी ढेर
- जैश का 15 एकड़ में फैला मुख्यालय मरकज सुभान अल्लाह ध्वस्त





एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की संघीय सरकार ने माना है कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर की मां के अलावा परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल हैं। मसूद का नाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वैश्विक आतंकवादी सूची में शामिल है। पाकिस्तान सरकार ने फिलहाल बहावलपुर में आतंकी ठिकाने पर हुए भारत के हमले में मसूद अजहर के परिवार के सदस्यों के मारे जाने की पुष्टि नहीं की है।

मसूद अजहर ने एक बयान में कहा है कि हमले में उसके परिजनों के अलावा चार करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। बहावलपुर में जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह पर हुए हमले में जैश ए मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर की बड़ी बहन, उसके पति, भांजे और उसकी पत्नी व अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों की मौत हुई है। हमले में मसूद अजहर के करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। हमले में अपनों के मारे जाने पर मसूद अजहर फूट-फूटकर रोया। इस हमले में आतंकी कारी मोहम्मद इकबाल की भी मौत हुई है। कारी इकबाल ही कोटली में चलने वाले आतंकी कैंपों का कमांडर था। कारी इकबाल के साथ हमले में 10 अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बिलाल आतंकी कैंप के प्रमुख याकूब मुगल की भी मौत हुई है।

भारत ने बिना सीमा पार किए हैमर, स्कल्प और मिसाइलों से पाकिस्तान और पीओके में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के ठिकाने बर्बाद कर दिए। इसमें सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बहावलपुर में स्थित जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय मरकज सुभान अल्लाह रहा। मरकज सुभान अल्लाह जैश-ए-मोहम्मद का सबसे महत्वपूर्ण आतंकी केंद्र था, जो बहावलपुर में 15 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। यह केंद्र पुलवामा हमले जैसे आतंकी हमलों की योजना और प्रशिक्षण का गढ़ रहा है। मरकज सुभान अल्लाह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बहावलपुर के बाहरी इलाके में एनएच-5 कराची-तोर्क हम राजमार्ग पर कराची मोड़ के पास स्थित है।

यह जैश-ए-मोहम्मद का मुख्य प्रशिक्षण और प्रचार केंद्र है। जैश-ए-मोहम्मद का यह परिचालन मुख्यालय 14 फरवरी, 2019 के पुलवामा हमले सहित कई आतंकी योजनाओं से जुड़ा हुआ है। 2015 में अफ्रीकी देशों (यूके सहित) से जुटाए गए धन से इसका निर्माण किया गया था। इस केंद्र में 600 से अधिक आतंकी रहकर प्रशिक्षण ले रहे थे।

## भारत का आतंकवाद पर जोरदार प्रहार : राजनाथ

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये अपनी धरती पर हुए हमले का जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया है और सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने वाले शिविरों को नष्ट करने के लिए सटीकता, सावधानी और करुणा के साथ कार्रवाई करके इतिहास रचा है। सिंह ने बुधवार को मानेकशॉ सेंटर में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के 66वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने अपनी धरती पर हुए हमले का जवाब देने के अपने अधिकार का इस्तेमाल किया है और सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शिविरों को नष्ट करने के लिए सटीकता, सावधानी और करुणा के साथ कार्रवाई करके इतिहास रच दिया है। उन्होंने

**सेना ने सटीकता, सावधानी और करुणा के साथ कार्रवाई करके रच दिया इतिहास : रक्षा मंत्री**



जोर देकर कहा कि योजना के अनुसार, लक्ष्यों को नष्ट कर दिया गया और किसी भी नागरिक आबादी को नुकसान नहीं पहुंचा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह केवल आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शिविरों और अन्य बुनियादी ढांचे तक ही सीमित थी, जिसका उद्देश्य उनका मनोबल तोड़ना था। मैं पूरे देश की ओर से सशस्त्र बलों को बधाई देता हूं।

## हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या का जवाब है ऑपरेशन सिंदूर : अमित शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि विश्व को आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता दिखानी होगी।

## खड़गे और राहुल ने किया ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद बुधवार को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की अनौपचारिक आपात बैठक बुलाई जिसमें पहलगाम हमले के जवाब में सशस्त्र बलों की कार्रवाई का एकजुटता से और एक स्वर में समर्थन किया गया। कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस देश के वीर सैनिकों की साहसिक कार्रवाई की सराहना करती है और आतंकवाद के खिलाफ उठाए जा रहे हर कदम में देश के साथ खड़ी है।

## 140 करोड़ भारतीयों के सपनों को लेकर चलते हैं हमारे रॉकेट

### मील का पत्थर है देश की अंतरिक्ष प्रगति : प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारतीय रॉकेट 140 करोड़ भारतीयों के सपनों के लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष विजन वसुधैव कुटुम्बकम के प्राचीन दर्शन में निहित है।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑन स्पेस एक्सप्लोरेशन (जीएलईएक्स) 2025 को संबोधित किया। दुनिया भर से आए



प्रतिनिधियों, वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष यात्रियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने जीएलईएक्स 2025 में भारत की उल्लेखनीय अंतरिक्ष यात्रा पर प्रकाश डाला और कहा कि अंतरिक्ष केवल एक गंतव्य नहीं है, बल्कि यह जिज्ञासा, साहस और सामूहिक प्रगति की घोषणा है। 1963 में एक छोटे रॉकेट को लॉन्च करने से लेकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बनने तक, हमारी यात्रा उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि भारतीय रॉकेट पेलोड से कहीं अधिक ले जाते हैं। वे 140 करोड़ भारतीयों के सपनों के लेकर जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष प्रगति महत्वपूर्ण वैज्ञानिक मील का पत्थर है और यह इस बात का प्रमाण है कि मानवीय भावना गुरुत्वाकर्षण को चुनौती दे सकती है।

# नारी शक्ति ने दुनिया को सुनाई ऑपरेशन सिदूंर की सच्चाई

- सोफिया कुरैशी और उनके पति सेना की मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री में अधिकारी हैं
- बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास फोर्स 18 में भाग लेने वाली एकमात्र महिला कमांडर रहीं



- 18 दिसंबर 2017 में वायुसेना में विंग कमांडर बनीं व्योमिका सिंह
- चीता, चेतक जैसे लड़ाकू हेलिकॉप्टर उड़ाने में उन्हें महारथ हासिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिखाया। दुनिया के समक्ष भारतीय सेना के पराक्रम से भरे इस ऐतिहासिक ऑपरेशन की आधिकारिक जानकारी रखने के लिए भारतीय सेना की ओर से बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेंस की अगुवाई दो महिला सैन्य अधिकारियों ने की। इनमें एक भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और दूसरी भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह। जिसके बाद भारतीय सेना की ये दोनों महिला अधिकारी सुर्खियों में हैं। मूल रूप से गुजरात के वडोदरा की रहने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी ने 1997 में एम.एस. यूनिवर्सिटी से बायोकेमिस्ट्री में मास्टर्स की डिग्री हासिल करने के बाद भारतीय सेना को चुना और कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स में शामिल होकर कई सफलताएं हासिल कीं। उनके दादा भी भारतीय सेना से जुड़े हुए थे। सोफिया आज खुद और उनके पति दोनों भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री में अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। साल 2016 में कर्नल सोफिया ने भारतीय सेना के इतिहास में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। वे पहली महिला अधिकारी बनीं जिन्होंने भारतीय दल का नेतृत्व किया और 18 देशों द्वारा आयोजित बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास फोर्स 18 में भाग लेने वाली एकमात्र महिला कमांडर रहीं। उनके नेतृत्व में भारतीय दल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल और संकल्प शक्ति का प्रदर्शन किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय शांति मिशनों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। संयुक्त राष्ट्र के पीसकीपिंग ऑपरेशन्स के तहत छह वर्षों की सेवा के दौरान, वे 2006 में कांगो में तैनात रहीं। शांति स्थापना और मानवीय सहायता के क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। 18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना में कमीशन हुईं विंग कमांडर व्योमिका सिंह बेहतरीन विंग कमांडर में से एक हैं। उनके पास लड़ाकू हेलिकॉप्टर उड़ाने का बेहतरीन अनुभव है। चीता, चेतक जैसे लड़ाकू हेलिकॉप्टर उड़ाने में उन्हें महारथ हासिल है। उनके पास 2500 से भी ज्यादा घंटे की उड़ान का अनुभव और उन्हें ऊंचे पहाड़ी इलाकों में उड़ान की विशेषज्ञता हासिल है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर और उत्तर-पूर्व के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में कई ऑपरेशन किए हैं। व्योमिका सिंह को वायुसेना में शामिल होने के 13 साल बाद विंग कमांडर का पद मिला। 18 दिसंबर 2017 में वे विंग कमांडर बनीं। व्योमिका सिंह ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और एनसीसी में भाग लिया। वह अपने परिवार की पहली सदस्य हैं, जिन्होंने सशस्त्र बलों में सेवा की है। वायुसेना में शामिल होकर व्योमिका सिंह ने अपने बचपन का सपना पूरा किया। उनके नाम व्योमिका का अर्थ है- आकाश में निवास करने वाली।

